3 बस्तर संभाग
किसानों और बेरोजगारों के नाम पर घड़ियाली आंसू बहाना बन्द...

6 अभिमत
गरीब बच्चों का भविष्य

10 संस्कारधानी
हड़ताल का असरः जिले के सारे कोरोना जांच शिविर ठप...

11 न्यायधानी
जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर के पूर्व अध्यक्ष...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 20 सितंबर 2020 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 33 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह की कोरोना रिपोर्ट पॉजेटिव



**रायपुर।** कोरोना संक्रमण की बढ़ी रफ्तार के बीच एक बड़ी खबर आ रही है। पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह कोरोना पॉजेटिव हो गये हैं। आज शाम आयी कोरोना रिपोर्ट में रमन सिंह की रिपोर्ट पॉजेटिव आयी है। हालांकि अभी जो जानकारी सामने आयी है, उसके मुताबिक रमन सिंह होम आइसोलेशन में ही अपना इलाज करायेंगे। आपको बता दें कि इससे पहले उनकी पत्नी वीणा सिंह भी कोरोना पॉजेटिव आयी थी, हालांकि अब वो स्वस्थ्य होकर घर लौट चुकी हैं।

### राजौरी में लश्कर के तीन आतंकवादी गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सुरक्षा एजेंसियों की मदद से शनिवार को एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए राजौरी जिले से हथियारों से लैस लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया। जम्मू क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक मुकेश सिंह ने यूनीवार्ता को बताया कि राजौरी जिले में पुलिस की टीमों ने शनिवार सुबह भारी संख्या में हथियारों से लैस तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों का संबंध कुख्यात आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से है। यह सभी आतंकवादी कश्मीर क्षेत्र से आ रहे थे। इस मामले में पुलिस जांच कर रही है। पुलिस के सूत्रों के मुताबिक आतंकवादियों को राजौरी जिले के गुर्दन गांव से गिरफ्तार किया गया।

### घरेलू उड़ानों की संख्या डेढ़ हजार के करीब पहुँची

**नयी दिल्ली।** घरेलू यात्री उड़ानों की संख्या शुक्रवार को डेढ़ हजार के करीब पहुँच गई। यात्रियों की संख्या भी 1.4 लाख से अधिक रही। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, 18 सितंबर को 1,468 यात्री उड़ानें रवाना हुई जिनमें 1,40,122 यात्रियों ने सफर किया। नागरिक उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज एक ट्वीट में ये आँकड़े साझा करते हुये लिखा कि भारतीय विमानन क्षेत्र लगातार ऊँचाइयों की ओर बढ़ रहा है। कोविड-19 महामारी के कारण सरकार ने 25 मार्च से देश में सभी प्रकार के नियमित यात्री उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया था। गत 25 मई से एक-तिहाई घरेलू यात्री उड़ानें दुबारा शुरू करने की अनुमति दी गई थी।

# क्रिकेट का महाकुंभ शुरू



**नई दिल्ली।** आईपीएल की पहली मैच मुंबई और चेन्नई के बीच खेला गया। टॉस चेन्नई ने जीता मगर धोनी ने मुम्बई को मैच खेलने का मौका दिया। अबु धाबी का शेख जाएद स्टेडियम 2004 में 100 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुआ था। पहला इंटरनेशनल मैच 2006 में भारत-पाक के बीच खेला गया था।

# सरकार 18 दिन के मानसून सत्र को 10 दिन में खत्म कर सकती है, 2 मंत्रियों समेत 30 सांसदों के कोरोना पॉजिटिव आने से चिंता बढ़ी

एजेंसी ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

महामारी के बीच चल रहे संसद के पहले सत्र को छोटा किया जा सकता है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के सूत्रों के मुताबिक सरकार 18 दिन के मानसून सत्र को कोरोना की चिंताओं की वजह से छोटा करने पर विचार कर रही है। 14 सितंबर से शुरू हुए सत्र को 10 दिन में यानी अगले हफ्ते के बुधवार को खत्म किया जा सकता है। सांसद और संसद के कर्मचारी लगातार पॉजिटिव निकल रहे हैं। इसलिए, प्रमुख नेताओं में इन्फेक्शन फैलने का डर है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और प्रह्लाद पटेल समेत करीब 30 सांसद पहले ही संक्रमित हो चुके हैं, इसलिए चिंता और बढ़ गई है।

### भाजपा से सबसे ज्यादा 12 सांसद संक्रमित

लोकसभा के सं मित सांसदों में भाजपा के सबसे ज्यादा 12 हैं। YSR कांग्रेस के 2, जबकि शिवसेना, डीएमके और आरएलपी के 1-1 सांसद संक्रमित हैं। भाजपा के राज्यसभा सांसद विनय सहस्त्रबुद्धे ने भी शुक्रवार को अपने पॉजिटिव होने की जानकारी दी। बाकी संक्रमित सांसद किस-किस पार्टी के हैं, इस बारे में जानकारी नहीं मिल पाई है।



### ज्यादातर पार्टी सत्र छोटा करने के पक्ष में

14 सितंबर से शुरू हुए मानसून सत्र का समय वैसे 1 अक्टूबर तक है। उम्मीद है कि सभी अहम बिल पहले 7 दिन में ही पास हो जाएंगे। एक वरिष्ठ सांसद ने बताया कि अगर कुछ बिलों के साथ-साथ सभी अध्यादेश पास हो जाते हैं तो भी सत्र का समय घटाने का फैसला लिया जा सकता है। लोकसभा की बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की शनिवार को हुई मीटिंग में भी ज्यादातर पार्टी सत्र छोटा करने के पक्ष में नजर आईं। आखिरी फैसला संसदीय मामलों की कैबिनेट कमेटी लेगी।

### पहली बार शनिवार-रविवार को भी संसद चल रही

कोरोना की वजह से इस बार संसद के सत्र में कई बातें पहली बार हो रही हैं। जैसे- सेशन बिना किसी छुट्टी के लगातार चलाने का फैसला लिया गया है। सांसद बैठे-बैठे ही सवाल कर रहे हैं। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही अलग-अलग पारियों में चल रही है। सोशल डिस्टेंसिंग रखने के लिए एक सदन की कार्यवाही में दूसरे सदन की गैलरी का भी इस्तेमाल किया जा रहा है।

# एक समय था जब रवि किशन पिया करते थे गांजा : अनुराग कश्यप

एजेंसी ‹ मुंबई
www.dailypioneer.com

डायरेक्टर अनुराग कश्यप अपने बेबाक अंदाज के लिए जाने जाते हैं. अपने लेटेस्ट इंटरव्यू में उन्होंने बॉलीवुड में ड्रग्स के इस्तेमाल और सुशांत सिंह राजपूत के सुसाइड केस के बारे में बात की. इस मौके पर उन्होंने सांसद रवि किशन की ड्रग एब्यूज की प्रॉब्लम वाले बयान को लेकर आपत्ति जताई. उन्होंने बताया कि एक समय था जब रवि किशन खुद गांजा पिया करते थे। यूट्यूब पर अपने इंटरव्यू में अनुराग कश्यप ने ये बात कही हैं. इस हफ्ते की शुरुआत में रवि किशन ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यानी एनसीबी को सुशांत के ड्रग्स मामले सराहा था। ➢शेष पेज 8 पर

### अनुराग कश्यप ने रवि किशन के बारे में कहा

पत्रकार फे डीसूजा के साथ इंटरव्यू में अनुराग कश्यप ने इस बारे में बात की.



उन्होंने कहा, रवि किशन को मैं बहुत समय से जनता हूं. वो मेरे दोस्त हैं. उन्होंने मेरी फिल्म मुक्क ाबाज में काम भी किया था। रवि अपने दिन की शुरुआत जय शिव शंकर, जय बम भोले, शिव शिव शम्भू कहकर करते हैं. एक समय ऐसा था जब वो भी गांजा पिया करते थे. यही जिंदगी है। इस बारे में सब जानते हैं. दुनिया जानती है। ऐसा कोई इंसान नहीं है जो ना जनता हो कि रवि किशन गांजा पिया करते थे. उन्होंने अब छोड़ दिया होगा क्योंकि अब वो एक मंत्री बन गए हैं।

# विश्व में कोरोना से 3.05 करोड़ संक्रमित, 9.51 लाख की मौत

एजेंसी ‹ वाशिंगटन /रियो डि जेनेरो/नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

विश्वभर में कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी से तीन करोड़ पांच लाख से अधिक लोग संक्रमित हो गये हैं और 9.51 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र (सीएसएसई) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार कोरोना से विश्वभर में अब तक 3,05,00,368 लोग संक्रमित हुए हैं और 9,51,787 लोगों की मौत हुई है।

वैश्विक महाशक्ति माने जाने वाले अमेरिका में कोरोना से संक्रमित होने वालों की संख्या 67,24,667 पर पहुंच गयी है और अब तक 1,98,589 लोगों की जान जा चुकी है। भारत में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 93,337 नये मामलों के साथ संक्रमितों का आंकड़ा 53 लाख को पार कर 53,08,014 हो गया। वहीं इस दौरान 1247 मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 85,619 हो गयी है। ब्राजील में अब तक 44,95,183 लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं जबकि 1,35,793 लोगों की मौत हो चुकी है।




रूस में कोरोना से संक्रमित होने वालों की संख्या 10,86,955 पहुंच गई हैं तथा 19,128 लोगों ने जान गंवाई है। पेरू में कोरोना महामारी का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है और यह कोरोना से संक्रमित होने के मामले में वह छठे स्थान पर पहुंच गया है। यहां इस वायरस से अब तक 7,50,098 लोग संक्रमित हुए हैं और 31,146 लोगों की मौत हो चुकी है। कोलम्बिया में इस वायरस से अब तक 7,50,471 लोग संक्रमित हुए हैं।

# आतंकवादियों की गिरफ्तारी पर धनखड़ ने ममता पर किया प्रहार

एजेंसी ‹ कोलकाता
www.dailypioneer.com



पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने शनिवार को मुर्शिदाबाद जिले से छह आतंकवादियों की गिरफ्तारी को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि राज्य अवैध बम बनाने का घर बन गया गया है और गंभीर रूप से खराब होती कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारियों से पुलिस विभाग के शीर्ष पर बैठे लोग बच नहीं सकते।

धनखड़ ने ट्वीट किया, ममता बनर्जी के पुलिस अधिकारी राजनीतिक एजेंडे पर काम करते हैं ,विपक्षी दलों पर निशाना साधते हैं। पुलिस विभाग को देखने वाले लोग राज्य की तेजी से खराब होती कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी से बच नहीं सकते हैं। राज्य अवैध बम बनाने का स्थान बन चुका है, इससे लोकतंत्र की स्थिति डवांडोल हो सकती है। लोकतंत्र से समझौता नागरिकों के जीवन के लिए खतरनाक है। ममता के अधिकारियों का प्रशासन और पुलिस के राजनीतिकरण करने पर ज्यादा ध्यान है।

# जम्मू-कश्मीर के लिए 1350 करोड़ रुपये के आर्थिक पैकेज की घोषणा

एजेंसी ‹ श्रीनगर
www.dailypioneer.com

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत केन्द्र शासित प्रदेश में लघु, कुटीर और अन्य छोटे कारोबार से जुड़े लोगों को प्रोत्साहन देने के लिए 1350 करोड़ रुपये के आर्थिक पैकेज की आज घोषणा की।

इसके अलावा केन्द्र शासित प्रदेश की आम जनता को बड़ी राहत देते हुए श्री सिन्हा ने एक वर्ष के लिए बिजली और पानी के बिलों पर 50 प्रतिशत की छूट देने का भी एलान किया। उपराज्यपाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में कारोबारी गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा औद्योगिक इकाईयां लगाने वाली कंपनियों को निवेश के लिए प्रोत्साहित करने के लिए केन्द्र सरकार प्रदेश के लिए एक बहुत बड़े आर्थिक पैकेज पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा, ÷ मैं समझता हूं कि आज तक कभी इतना बड़ा आर्थिक पैकेज नहीं बनाया गया था जिसमें वित्तीय और प्रशासनिक इकाईयों के माध्यम से कारोबारी समुदाय को राहत दी जा रही है क्योंकि व्यापार होगा तो न केवल जम्मू-कश्मीर की आम जनता को रोजगार मिलेगा बल्कि छोटे स्तर पर काम कर अपनी आजीविका चलाने वाले लोगों को भी राहत मिलेगी।

सिन्हा ने कहा, जम्मू-कश्मीर के लिए आर्थिक मुद्दे पर यह पहला कदम है। केन्द्र सरकार जम्मू-कश्मीर के लिए एक बड़े एवं ऐतिहासिक आर्थिक पैकेज पर विचार कर रही है और मैं केन्द्र शासित प्रदेश के लोगों को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि जल्द ही इसकी घोषणा होगी जिससे हम प्रधानमंत्री के विकसित जम्मू-कश्मीर के सपनों को साकार करेंगे।

# एनआईए ने अल-कायदा के नौ आतंकवादियों को गिरफ्तार किया,बड़े हमलों की थी साजिश

एजेंसी ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने केरल और पश्चिम बंगाल के कई इलाकों में एक साथ छापे मारकर अल-कायदा के नौ आतंकवादियों को शनिवार तड़के गिरफ्तार किया। इन आतंकवादियों की राष्ट्रीय राजधानी समेत देश के कई इलाकों में हमला करने की योजना थी। एजेंसी ने बताया कि तीन आतंकवादियों को केरल के एर्नाकुलम से और छह को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के लिए हिरासत में लिये जाने के लिए आतंकवादियों को केरल और पश्चिम बंगाल की अदालतों में आज पेश किया जायेगा। एजेंसी ने कहा,‘प्रारंभिक जांच के अनुसार सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तान स्थित अल-कायदा के आतंकवादियों ने इन्हें राष्ट्रीय राजधानी समेत देश के कई इलाकों में बड़े हमले करने के लिए तैयार किया था।

### नई नीति बनाने में करीब 2 लाख लोगों से परामर्श लिया गया

# नई शिक्षा नीति देश को नये परिवेश में बदलेगी : कोविंद

एजेंसी ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने कहा कि नई शिक्षा नीति गहन विचार-विमर्श के बाद तैयार की गयी है जो अभूतपूर्व और पूर्ण व्यवस्थित है और यह देश को नया परिवेश प्रदान करेगी।

राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने शिक्षा मंत्रालय द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उच्च शिक्षा में कार्यान्वयन पर चर्चा के लिए आयोजित किये गए कुलाध्यक्ष सम्मलेन (विज़िटर्स कांफ्रेंस) को संबोधित करते हुए शनिवार को कहा कि उन्हें इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में शामिल होते हुए बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि आप सभी लोगों का नई शिक्षा नीति 2020 को लागू करने में बहुत बड़ा योगदान है। नई शिक्षा नीति देश को नए परिवेश में परिवर्तित करेगी।



उन्होंने डॉ के कस्तूरीरंगन की सराहना करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति गहन विचार-विमर्श के बाद तैयार की गयी है जो अभूतपूर्व और पूर्ण व्यवस्थित है। इस मसौदे को तैयार करने में ढाई लाख ग्राम पंचायतों,12 हजार 500 स्थानीय निकायों और 675 जिलों के लोगों से परामर्श लिया गया है। इस नीति को बनाने में करीब दो लाख लोगों से परामर्श लिया गया है।

कोविंद ने कहा कि नई शिक्षा नीति का उद्देश्य 21 वीं सदी की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में हमारी शिक्षा प्रणाली को पुनर्जीवित करना है। सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करके एक न्याय संगत और जीवंत समाज विकसित करने के दृष्टिकोण को निर्धारित करता है। यह समावेश और उत्कृष्टता के दोहरे उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है। शिक्षा व्यवस्था की पिरामिड में सबसे ऊपर रहने के लिए आज के दौर में उच्च शिक्षा संस्थानों की महत्ता और उत्तरदायित्व सर्वाधिक है तभी हम भारत के ‘सुपर पावर’ बनने की परिकल्पना को साकार कर पाएंगे।

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक ने इस अवसर पर सभी उच्च शिक्षण संस्थानों के कुलपतियों एवं निदेशकों का विशेष आह्वान करते हुए कहा कि नीति निर्माण एक मूलभूत एवं नीतिगत विषय है और नीति क्रियान्वयन रणनीतिक विषय है। इन दोनों के बीच सबसे अहम रोल लीडरशिप का होता है, ऐसी लीडरशिप जो नीति को जमीन पर उतार सके और यहां पर उपस्थित सभी उच्च शिक्षण संस्थानों के कुलपतियों एवं निदेशकों से वह अपेक्षा करते हैं कि भारतीय शिक्षण प्रक्रिया का विकेंद्रीकरण और सशक्तीकरण उनके माध्यम से होगा और शिक्षा की नई लहर भारत के हर छात्र और हर कोने तक पहुंचेगी।

डॉ निशंक ने कहा है कि 34 साल बाद आई नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति व्यापक, समग्र और दूरदर्शी है और यह भविष्य में राष्ट्र की प्रगति को गति प्रदान करने में सुकारक की भूमिका निभाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा,÷ विश्वविद्यालय का कुलपति या संस्थान के निदेशक होने से पहले आप सभी एक शिक्षक, एक मार्गदर्शक हैं। शिक्षक इस नीति का वह औजार हैं जिस पर पूरी नीति का कार्यान्वयन निर्भर करता है। ➢शेष पेज 8 पर

# चिकित्सक समुदाय को सुरक्षा देने वाला विधेयक राज्यसभा में पारित

एजेंसी ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

चिकित्सकों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार को गैर जमानती अपराध बनाने तथा स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढ़ांचे के नुकसान की भरपाई की व्यवस्था करने वाले महामारी (संशोधन) विधेयक 2020 को शनिवार को राज्यसभा ने ध्वनिमत से पारित कर दिया।

यह विधेयक इस संबंध में जारी किये गये अध्यादेश का स्थान लेगा।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डा. हर्षवर्धन ने सदन में इस विधेयक पर चली एक घंटे की बहस का उत्तर देते हुए कहा कि सरकार आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति तैयार कर रही है और इस संबंध में राज्यों के साथ विचार विमर्श किया जा रहा है। अभी तक 14 राज्यों के सुझाव मिल चुके हैं। उन्होंने कहा कि जैसे ही नीति तैयार होगी तो इसे सदन के समक्ष लाया जाएगा।



उन्होंने कहा कि इस विधेयक में चिकित्सक समुदाय को सुरक्षा देने के पर्याप्त प्रावधान किये गये हैं। इनके साथ मारपीट और दुर्व्यवहार को गैर जमानती बनाया गया है। इसके अलावा स्वास्थ्य सेवाओं के उपकरणों और बुनियादी ढ़ांचे को नुकसान पहुंचाने वाले व्यक्ति से बाजार से दोगुनी कीमत वसूलने की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि सरकार कोरोना महामारी के समय में चिकित्सक समुदाय, स्वास्थ्य कर्मियों और सफाई कर्मियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है। इसीलिए ये प्रावधान किये गये हैं। डा. हर्षवर्धन ने कहा कि चिकित्सक समुदाय की सुरक्षा के लिए भारतीय दंड संहिता और आपराधिक दंड संहिता में प्रावधान हैं। इसके अलावा सरकार चिकित्सक समुदाय की आर्थिक सामाजिक सुरक्षा के लिए भी प्रतिबद्ध हैं।

# पशु आहार की बोरियों में मिली 30 लाख की एमपी निर्मित शराब

## अवैध शराब तस्करी के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

■ एसपी ने किया मामले का खुलासा

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश से धड़ल्ले से हो रही शराब की अवैध तस्करी के खिलाफ महासमुंद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीबन 30 लाख रुपए की कीमत की 504 पेटी देशी व अंग्रेजी शराब जब्त की है। आरोपी पशुआहार की बोरियों के अंदर भरकर शराब का अवैध शराब का परिवहन कर रहे थे। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।



जानकारी के अनुसार, महासमुन्द पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर से मिले निर्देश पर जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारी के साथ सायबर सेल की टीम दीगर प्रांतों से शराब अवैध मादक पदार्थ रूप के परिवहन व बिक्री पर नजर रखे हुई थी। सायबर सेल की टीम को राजस्थान पासिंग एक ट्रक क्रमांक आरजे27 जीबी 2317 महासमुंद जिले में प्रवेश करते दिखाई दिया। टीम ने पीछा कर ट्रक को रोककर चेक किया। ट्रक के आगे पीछे सफेद बोरी में चुन्नी खल्ली एवं बीच में कार्टून भरा दिखा मिला, जिसमें 399 पेटी मसाला, 50 पेटी देशी प्लेन, 47 पेटी लंदन प्राइड, 08 पेटी ऑफिसर च्वाइस कुल 504 पेटी अंग्रेजी/देशी अवैध शराब मध्य प्रदेश निर्मित शराब कीमत 30,00,000 रुपए मिला। शराब को मध्य प्रदेश से महासमुंद जिले के बसना, सरायपाली क्षेत्र में खपाने के लिए लाना बताया।

मामले में आरोपियों गांव कुडा, जिला राजसमन्द, राजस्थान निवासी देवी सिंग राजपूत (48) और ग्राम एरिया पो. बरखेड़ा गांगासा, जिला मंदसौर, मध्य प्रदेश निवासी मोहन लाल पिता जैना (60) के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। जिले में अवैध शराब तस्करी पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन और एएसपी मेघा टेम्भुरकर साहू व एसडीओपी नारद कुमार सूर्यवंशी के निर्देशन में हुई कार्रवाई में थाना तुमगांव प्रभारी केशव कोसले, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक संजय सिंह राजपूत, प्रआर मिनेश ध्रुव, आर. रवि यादव, अजय जांगडे, दिनेश साहू, विरेन्द्र नेताम, शैलेन्द्र ठाकुर, संदीप भोई, चम्पलेश ठाकुर, शुभम पाण्डेय की सक्रिय भूमिका रही।

# गैरों के बीच छोटे भाई की तरह अपनेपन का अहसास कराया

## कोविड अस्पतालों में अपनेपन के साथ मरीजों की देखभाल, परेशान मरीजों का हौसला भी बढ़ा रहे हैं स्टॉफ

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

आप टेंशन मत लो। आप जैसा सोचोगे वैसा आपके साथ होगा। आराम से फ्री-माइंड होकर इन्जॉय करो। जल्द ही आप घर चले जाओगे। आपका दस दिन कम्प्लिट... और फिर आप घर पर नजर आओगे।÷ पढ़ने-सुनने में यह किसी मनोचिकित्सक और उसके मरीज के बीच की बातचीत लगती है। पर दरअसल यह एक अस्पताल कर्मचारी और कोरोना संक्रमित मरीज के बीच की बातचीत है। प्रदेश के कोविड अस्पतालों में ऐसे बहुत से लोग हैं जो अस्पताल प्रशासन द्वारा सौंपे गए दायित्वों को पूर्ण करने के साथ ही वहां इलाज करा रहे मरीजों की हौसला अफजाई और मनोबल बढ़ाने का भी काम कर रहे हैं।

ऊपर जिक्र में आया बातचीत माना कोविड अस्पताल में वार्डब्वॉय का काम करने वाले श्री चंद्रशेखर और वहां इलाज करा रहे कोविड-19 के मरीज के बीच की है। प्रदेश के कोविड अस्पतालों में भर्ती मरीजों को कोरोनामुक्त करने में डॉक्टरों



और नर्सों के साथ वहां का पूरा अमला लगा हुआ है। अपने कार्यालयीन दायित्वों के साथ ही वे हर स्तर पर मरीजों की सहायता कर रहे हैं। चाहे उनकी जरूरत का समान उन तक पहुंचाना हो, उनकी सेहत का हाल-चाल जानना हो, वक्त पर उनके खाने-पीने की व्यवस्था को अंजाम देना हो या कोरोना से परेशान होकर हौसला खो रहे मरीजों का मनोबल बढ़ाना हो, वे हर जरूरत पर वहां मौजूद हैं।

कोरोना को मात देकर माना कोविड अस्पताल से आज ही घर लौटीं अंकिता शर्मा कहती हैं अस्पताल में एक समय मैं सोचती थी कि घर कब पहुंचुंगी । अकेलेपन के कारण मन में कई तरह के ख्याल आ रहे थे। नींद उड़ चुकी थी। मानसिक दुर्बलता के उस दौर में चंद्रशेखर की बातों ने अपनापन दिया, आत्मबल दिया।÷ चंद्रशेखर ने अंकिता की मनःस्थिति को भांप कर अपनी बातों से उसे हिम्मत बंधाई, सकारात्मकता दी। तनावमुक्त रहने कहा और जल्दी ही स्वस्थ होकर घर लौटने की उम्मीद भी जगाई। अंकिता चंद्रशेखर को धन्यवाद देते हुए कहती है कि उसने गैरों के बीच छोटे भाई की तरह मुझे अपनेपन का अहसास कराया।

पिछले कुछ महीनों से माना कोविड अस्पताल में काम कर रहे चंद्रशेखर कहते हैं कि यहां मरीजों की मदद कर संतोष महसूस होता है। अस्पताल द्वारा दिए गए काम को पूरा करने के साथ ही वे जब किसी मरीज को निराश, हताश या हौसला खोते हुए देखते हैं, तो वे अपनी बातों से उनका मनोबल बढ़ाते हैं। वे कहते हैं पहले मुझे भी यहां डर लगता था। लेकिन अब नहीं लगता है। बीमारी और मानसिक परेशानी से जूझ रहे लोगों की सहायता करना अच्छा लगता है। हमारी बातों से किसी का मनोबल बढ़ता है, चिंता दूर होती है या मरीज के मन में सब कुछ ठीक हो जाने का भरोसा जगता है, तो इससे संतुष्टि मिलती है।

# सीएम भूपेश बघेल ने खोला केंद्र के खिलाफ मोर्चा, कृषि अध्यादेश का करेंगे भरपूर विरोध

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

केंद्र सरकार के एक राष्ट्र एक बाजार अध्यादेश के खिलाफ एनडीए सरकार के सहयोगी अकाली दल द्वारा खुला विरोध करने के बाद अब छत्तीसगढ़ में कांग्रेस नेतृत्व वाली भूपेश बघेल सरकार भी अध्यादेश के खिलाफ खुलकर सामने आ गई है। राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने साफ कहा है कि यह किसानों के लिए अहितकारी है। हम पुरजोर तरीके से केंद्र सरकार के किसान विरोधी कानूनों की खिलाफत करेंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि केंद्र सरकार का एक राष्ट्र-एक बाजार अध्यादेश किसानों के हित में नहीं है। इससे मंडी का ढांचा खत्म होगा, जो किसानों और व्यापारियों दोनों के लिए लाभप्रद नहीं है। अधिकांश कृषक लघु सीमांत है, इससे किसानों का शोषण बढ़ेगा। उनमें इतनी क्षमता



नहीं कि राज्य के बाहर जाकर उपज बेच सकें। किसानों को उनकी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिलेगा। केंद्र सरकार द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम में किए गए संशोधन से आवश्यक वस्तुओं के भंडारण एवं मूल्य वृद्धि के विरुद्ध कार्यवाही करने मे कठिनाई होगी। कांट्रेक्ट फार्मिंग से निजी कंपनियों को फायदा होगा। सहकारिता में निजी क्षेत्र के प्रवेश से बहुराष्ट्रीय कंपनियां, बड़े उद्योगपति सहकारी संस्थाओं पर कब्जा कर लेंगे और किसानों का शोषण होगा।

## पीएससी ने 55 क्रीड़ा अधिकारी के पदों पर भर्ती के लिए चयन सूची जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोंग द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत क्रीड़ा अधिकारी के कुल 61 पदों के विरूद्ध 55 पदों पर भर्ती के लिए चयन सूची जारी की गई है। लोक सेवा आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार उच्च शिक्षा विभाग के तहत क्री?ा अधिकारी की 61 पदों पर भर्ती के लिए 26 नवम्बर 2019 को ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन किया गया था । जिसमें 184 अभ्यर्थी शामिल हुए । ऑनलाइन परीक्षा में विज्ञापित पदों का तीन गुना अर्थात 183 अभ्यर्थियों को वर्गवार, उपवर्गवार साक्षात्कार के लिए चिन्हांकित किया जाना था, किन्तु पात्र अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता के कारण 98 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। साक्षात्कार 15 सितम्बर से 18 सितम्बर तक लिया गया। उपरोक्त पदों से संबंधित चयन सूची, अनुपूरक सूची आयोग के वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है।

# छत्तीसगढ़ के मशरूम उत्पादक युवा किसान सौरभ जंघेल को मिला राष्ट्रीय सम्मान

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के ग्राम जंगलपुर के युवा किसान सौरभ जंघेल को आयस्टर मशरूम उत्पादन, प्रसंस्करण एवं विपणन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया है। जंघेल को यह राष्ट्रीय सम्मान भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के मशरूम अनुसंधान निदेशालय सोलन हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित वर्चुअल मशरूम मेले में प्रदान किया गया है। युवा आयस्टर मशरूम उत्पादक कृषक श्री सौरभ जंघेल कृषि महाविद्यालय, रायपुर के मशरूम अनुसंधान प्रयोगशाला से प्रशिक्षण प्राप्त कर एवं केन्द्र के वैज्ञानिकों डॉ. सी.एस. शुक्ला, श्री एच.के. सिंह, डॉ. नरेन्द्र




लाकपाले, डॉ. ए.एस. कोटस्थाने एवं डॉ. एम.पी. ठाकुर के कुशल मार्गदर्शन में विगत तीन वर्षों से मशरूम उत्पादन एवं विपणन का कार्य कर रहे हैं। इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय रायपुर से प्रशिक्षित कृषक श्री जंघेल मशरूम अनुसंधान प्रयोगशाला से शुद्ध कलचर प्राप्त कर एवं मशरूम स्पान (बीज) तैयार कर जिले के कृषकों को बीज उपलब्ध करा रहे हैं। मशरूम उत्पादन एवं विपणन पश्चात बचे हुए अवशिष्ट से केंचुआ खाद एवं जैविक खाद बनाने का कार्य भी इनके द्वारा किया जा रहा है।सौरभ जंघेल छत्तीसगढ़ के अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणादयी बन रहे हैं एवं उनके माध्यम से अन्य महिला स्व-सहायता समूहों ने भी मशरूम उत्पादन एवं विपणन का कार्य प्रारंभ किया है।

उल्लेखनीय है कि विगत तीन वर्षो से इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के मषरूम वैज्ञानिको के प्रयास एवं मार्गदर्शन से छत्तीसगढ़ के मशरूम उत्पादकों को उनके उत्कृष्ट कार्यो एवं प्रदेश में मषरूम के प्रचार प्रसार में योगदान हेतु राष्ट्रीय पटल पर मशरूम अनुसंधान निदेशालय द्वारा सम्मानित किया गया है। वर्ष 2018 एवं 2019 में भी क्रमशः चोवा राम साहू ग्राम मेघा, धमतरी तथा राजेन्द्र कुमार साहू ग्राम पठियापाली, बसना को आयस्टर, पैरा एवं सफेद दूधिया मशरूम उत्पादन, बीज उत्पादन प्रसंस्कृत पदार्थ एवं विपणन में उत्कृष्ट कार्य हेतु राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया जा चुका है।

## स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव ने स्वास्थ्यकर्मियों के फैसले को बताया गलत

**रायपुर।** स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने हड़ताल जाने पर अमादा स्वास्थ्यकर्मियों के फैसले को गलत बताया है।



वीडियो संदेश जारी कर हड़ताल वापसी की अपील की है। सिंहदेव ने कहा है कि सरकार नियमितिकरण का वादा पूरा करेगी। हड़ताल पर जाने में गंभीर रोगी परेशान होंगे। यह सेवा का, न की हड़ताल का समय है। प्रदेश के 13 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर कोरोना संकट के बीच शनिवार से हड़ताल पर जाने का ऐलान कर दिया है। इन कर्मचारियों में डॉक्टर, नर्स, लैब टेक्नीशियन सहित अन्य कर्मी शामिल हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने वीडियो अपलोड कर स्वास्थ्यकर्मियों से कहा कि मैं छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग के सभी संविदा कर्मियों से निवेदन करना चाहता हूं, मैंने सुना है कि आप लोगों का निर्णय है अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का।

# गिरदावरी कार्य का निरीक्षण, मौके पर भुईयां पंजी से किया रकबे का मिलान

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के विभिन्न जिलों में राजस्व और कृषि विभाग के मैदानी अधिकारी कर्मचारीयों द्वारा किसानों के खेतों में मौके पर जाकर फसलों की गिरदावरी का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में राजनांदगांव के कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम बनाराकला में गिरदावरी कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर जाकर भुईयां पंजी से रकबे का मिलान किया। उन्होंने कहा कि गिरदावरी कार्य पूरी ईमानदारी पूर्वक समय-सीमा में पूरा करें। धान खरीदी में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं आनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसान से बात की और धान बेचने के बारे



में पूछा। किसान के बताया कि पीडीएस में उनका पंजीयन नहीं हुआ है। कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तत्काल पंजीयन किया जाए जिससे शासन की योजना का लाभ किसान को मिल सके। इस अवसर पर एसडीएम डोंगरगढ़ अविनाश भोई, तहसीलदार अविनाश ठाकुर, नायब तहसीलदार रश्मि दुबे, राजस्व निरीक्षक शिवेन्द्र मिश्रा, पटवारी अनिल वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# राजकीय पशु वनभैंसा का उदंती रेस्क्यू सेंटर में पहली बार होगा कृत्रिम गर्भाधान

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

राजकीय पशु वनभैंसा की संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से आशा नामक मादा वनभैंसा का क्लोनिंग की गई। वहीं आशा के क्लोनिंग से पैदा हुई दीपआशा का छोटू नामक वनभैंसे के सीमेन से कृत्रिम गर्भाधान कराने की योजना वन विभाग के अफसरों ने बनाई है। इसके लिए विभाग के अधिकारियों ने सीजेडए से पत्र लिखकर अनुमति मांगी थी। सीजेडए ने डब्ल्यूआई के साथ सीसीएमबी हैदराबाद से राय मशविरा कर वनभैंसा का कृत्रिम गर्भाधान करने की अनुमति प्रदान कर दी है। उदंती-सीतानदी टाईगर रिजर्व में पदस्थ



आईएफएस अधिकारी विष्णुराज के मुताबिक क्लोनिंग से पैदा हुई दीपआशा, जो वर्तमान में जंगल सफारी में है। इस मादा वनभैंसा का वन मुख्यालय के अधिकारियों की अनुमति से कृत्रिम गर्भाधान कराने की योजना पर काम किया जा रहा है। दीपआशा का उदंती वनभैंसा रेस्क्यू सेंटर में रह रहे छोटू नामक वनभैंसा के सीमेन से गभार्धान कराया जाएगा। दीपआशा का कृत्रिम गर्भाधान कराने के लिए डब्ल्यूटीआई तथा अंजोर स्थित कामधेनु विश्वविद्यालय के वाइल्ड लाइफ फोरेंसिक एक्सपर्ट की मदद ली जाएगी।

## वनवासियों की कारीगरी को सहेजने का उठाया बीड़ा, छत्तीसगढ़ के गांवों में छुपी कारीगरी अद्भुत है : कैलाश खेर

# बस्तर के आदिवासियों की 'देसी थर्मस' बनाने की तुम्बा कला को सहेज रहे जगतराम

■ कहा कलाकार होने के नाते एक कला के पीछे मेहनत और दीवानगी बखूबी जानता हूँ

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

बस्तर के आदिवासियों की जीवनशैली और परंपरा अनेक कलाओं को समेटे हुए है। इस कला ने गीत ओर संगीत से जुड़े कलाकार कैलाश खेर को भी दीवाना बना दिया है। वे इस बात को बखूबी जानते हैं कि एक कला किस प्रकार से सतत आजीवका के विकास में अहम योगदान दे सकती है। यही कारण है कि वे बस्तर आदिवासियों के हुनर को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचारित कर रहे हैं।

ऐसी ही एक कला है तुम्बा कला। आदिवासियों ने लौकी को सब्जी के इतर एक अनोखा उपयोग भी ईजाद किया है, जिसे स्थानीय भाषा में तुम्बा कहते हैं। बस्तर के कलाकार जगतराम इस विलुप्त होती कला को सहेजने में लगे हैं। प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर ने भी बस्तर के आदिवासियों की इस कला की तारीफ अपने सोशल मीडिया के पोस्ट में की है। उन्होंने लिखा है कि छत्तीसगढ़ के गाँवों में छुपी कारीगरी अद्भुत है और एक कलाकार होने के नाते एक कला




के पीछे मेहनत और दीवानगी बखूबी जानता हूँ।

प्राकृतिक जीवन जीने वाले आदिवासी तुम्बा लौकी को सुखाकर बनाते हैं। सूखने के बाद इसके अंदर के हिस्से को काट कर निकाल दिया जाता है। इस प्राकृतिक बर्तन को ही आदिवासी तुम्बा कहते हैं। तुम्बा में रखा पानी काफी देर तक ठंडा रहता है। आदिवासी लंबी दूरी की यात्रा के दौरान इसमें पेय पदार्थ रखा करते थे। इसे देसी थर्मस भी कहा जाता है। लेकिन आधुनिकता की दौर में तुम्बा कला अब विलुप्त होती जा रही है, जिसे सहेजने में लगे हैं बस्तर के कलाकार जगतराम। वे इस कला को जीवित रखने के साथ ही स्थानीय महिलाओं को रोजगार देने का प्रयास कर रहे हैं। बस्तर की आदिवासी महिलाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें आत्मनिर्भर बना रहे हैं।

जगतराम ने तुम्बा कला को नए रूप में दुनिया के सामने लाने का प्रयास किया है। जगतराम ने तुम्बा को न केवल जलपात्र बल्कि उनके कई रूप और रंग भी ईजाद किये हैं। जिनमें लैंप, पॉट और कई आकर्षक कलाकृतियां भी शामिल है। सूखे हुए तुम्बे पर शिल्प कलाकार विभिन्न आकर-प्रकार की सुंदर कृतियाँ उकेर कर उन्हें मनमोहक और आकर्षक रूप देते हैं। शहरों और महानगरों में भी ये कलाकृतियां लोगों को लुभा रहीं हैं। ऑनलाइन के माध्यम से इसकी काफी डिमांड आ रही है।

# एमपी-बीएसएफ से आए 6 अफसरों का आईपीएस अवार्ड अटका

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य प्रशासनिक सेवा 1998 बैच के अफसरों का आईपीएस अवार्ड फिलहाल विवादों के घेरे में आ गया है। वरिष्ठ अफसरों की नाराजगी व छत्तीसगढ़ स्टेट पुलिस ऑफि सर्स एसोसिएशन की आपत्ति के बाद यह मामला अटग गया है।

सूत्रों की माने तो यह मामला पेचीदा इसीलिए भी हो रहा है कि क्योंकि अवार्ड में एमपी और बीएसएफ से राज्य पुलिस सेवा में शामिल दो अफसरों का नाम भी शामिल है। इसके चलते जिन 6 स्थानीय अधिकारियों को अवार्ड मिलना था उनमें से अब केवल 4 लोगों का नाम ही शामिल हो पाएगा। नया विवाद राज्य सेवा से आईपीएस अवार्ड से जुड़ा है। ज्ञात हो कि राज्य सेवा वर्ष 1998 बैच के 6 अफसरों को आईपीएस अवार्ड होना है, इसमें पहला नंबर धर्मेंद्र सिंह छवई का है, दूसरा दर्शन सिंह मरावी और तीसरा यशपाल सिंह का नाम है। इसके बाद उमेश चौधरी, मनोज खिलारी और रवि कुरे हैं। छवई मध्यप्रदेश पीएससी से 1996 में डीएसपी सलेक्ट हुए थे, छत्तीसगढ़ बनने के बाद उन्हें यहां भेजा गया, जिसके विरोध में वे हाईकोर्ट गए थे, अब वे छत्तीसगढ़ आ गए हैं। उनके आने के पीछे एक वजह यह भी बताई जा रही है कि मध्यप्रदेश में फिलहाल 1995 बैच के अधिकारियों को ही आईपीएस अवार्ड नहीं हुआ है. जबकि यहां 1998 बैच के तीन अफसर राजेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल और रामकृष्ण साहू आईपीएस हो गए हैं।

# किसानों और बेरोजगारों के नाम पर घड़ियाली आंसू बहाना बन्द करे भाजपाई : गांधी

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री गीतेश गांधी ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा है, की भाजपा और भाजपा के लोग किसानों और बेरोजगारो के नाम पर घड़ियाली आंसू बहाना बन्द करे । आज किसी भी समिति में कही भी किसान यूरिया के लिए परेशान नही है, राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने के 2 घण्टे के अंदर ही किसानों का कर्ज माफ कर दिया गया। अपने किये वादे अनुसार किसानों को धान का मूल्य भी 2500 रु प्रति क्विंटल की दर से भुगतान हो रहा है । जिसमें भी किसान विरोधी केंद्र की मोदी सरकार ने अड़ंगा डालना चाही, लेकिन अपने मंसूबो में कामयाब नही हो पाई।

2100 रु धान का समर्थन मूल्य देने और 300 रु प्रति क्विंटल बोनस देने का वादा कर 2013 में सत्ता में आये भाजपाई आज किसानों के नाम पर घड़ियाली आंसू बहा रहे है। छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने अपने घोषणापत्र में किये वादों में से महज 2 साल के अंदर 22 से भी ज्यादा वादे पूरे किए है। चाहे वो शिक्षकों के सिविलियन का वादा हो बिजली बिल हाफ का वादा हो उन वादों को पूरा किया है। और शेष बचे वादे भी जरूर पूरा करेंगे क्योंकि कांग्रेस सरकार जो वादा करती है उसे पूरा करती है।



पिछले 15 साल में आउट सोर्सिंग कर छत्तीसगढ़ के बेरोजगार युवाओं का हक मारकर पन्द्रह साल राज करने वाले किसी भी भाजपाई सांसद विधायक जनप्रतिनिधि या पदाधिकारी द्वारा नगरनार स्टील प्लांट जिससे बस्तर ही नही वरन पूरे छत्तीसगढ़ के हजारों बेरोजगारों को रोजगार मिलने की आस बंधी हुई है, का केंद्र की मोदी सरकार द्वारा निजीकरण किये जाने के विरोध स्वरूप कोई बयान नही आता है, जिससे इनका बेरोजगार युवाओं के रोजगार के लिए बयानबाजी केवल कोरा ढकोसला साबित होता है। यदि इन्हें वाकई बस्तर व छत्तीसगढ़ के बेरोजगार युवाओं की चिंता होती तो ये मुखर होकर केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ नगरनार स्टील प्लांट के निजीकरण के खिलाफ आवाज उठाते लेकिन ऐसा लगता है, कि या तो इनमें मोदी जी के खिलाफ बोलने की हिम्मत नही है। या फिर इन्हें इस मामले में चुप रहने की कड़ी हिदायत मिली हुई है, अभी दो दिन पहले ही केंद्र की मोदी सरकार ने नई सरकारी नौकरी लगाने पर रोक लगा दी है, जिस आशय का पत्र भी वित्त मंत्रालय ने जारी कर दिया है, की केंद्र सरकार अब नई सरकारी नौकरी नही देगी, तब इनके मुह से बेरोजगारों के समर्थन में कोई शब्द नही निकलता है आज ये लोग छत्तीसगढ़ में बढ़ते कोरोना के प्रकोप को लेकर चिंता जता रहे है इसी कोरोना को लेकर राहुल गांधी जी 12 फरवरी से केंद्र की मोदी सरकार को जगाने का प्रयास कर रहे थे। कि मोदी जी उठिए जागिये कोरोना के रूप में हमारे देश मे एक भयानक बिपदा आ रही है जिससे ना केवल हमारे देशवासियो की जान को खतरा है बल्कि इससे हमारी अर्थव्यवस्था को भी गम्भीर चोट पहुचने वाली है लेकिन तब मोदी जी और सारे भाजपाई राहुल गांधी जी का मजाक उड़ा रहे थे ।

यहां तक कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन जी तो इसे गांधी परिवार कोरोना को लेकर जबरदस्ती देशवासियो को डरा रहे है कह रहे थे और आज हमारे वही केंद्रीय मंत्री डॉ हर्षवर्धन जी कह रहे है कि कोरोना को हल्के में नही लेना चाहिये जब राहुल गांधी जी कोरोना को लेकर केंद्र की मोदी सरकार को आगाह कर रहे थे तब मोदी जी नमस्ते ट्रम्प में लगे हुए थे मध्यप्रदेश की चुनी हुई सरकार को गिराकर अपनी सरकार बनाने में व्यस्त थे और रातों रात शवराज सिंग को मध्यप्रदेश के मुख्यमंन्त्री के रूप में शपथ दिलवाते है और फिर बिना सोचे समझे लाकड़ाऊंन कर देते है जिसकी वजह से सारे देश मे अफरा तफरी मंच जाती है लाखो गरीब मजदूर साधनों के अभाव में हजारों किलोमीटर पैदल चलकर अपने घरों को जाने को मजबूर हुए लेकिन भाजपाइयों के मुह से एक शब्द तक नही निकला कोंडागांव में कांग्रेस ने प्रवासी मजदूरों के लिए अस्थाई कैम्प लगाकर दिन रात इस मार्ग से गुजरने वाले प्रवासी मजदूरों की यथासम्भव सहायता की उनके खाने पीने की व्यवस्था की।

# महिला कांग्रेस व एनएसयूआई ने सिटी कोतवाली को कराया सेनिटाइज



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव में बढ़ते कोरोना महामारी के प्रकोप को देखते हुए। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एवं महिला कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में कोंडागांव पुलिस चौकी एवं अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय को सेनेटाइज किया गया । जिससे कि हमारे कोरोना योद्धा पुलिस कर्मचारी इस बीमारी से अछूते रहे। इस महामारी से बचाने में हमारे पुलिस विभाग का बहुत बड़ा योगदान रहा है। आज हमने भी अपनी सहभागिता निभाते हुए, अपने दायित्व का निर्वाहन किया।

## पुरानी रंजिश के चलते ग्राम भानपुरी में हत्या का प्रयास



**कोंडागांव ।** जिला कोंडागांव के फरसगांव थाना अंतर्गत ग्राम भानपुरी के रहने वाले मनोज शार्दुल 18 सितंबर को शाम 5 बजे खेत में मछली पकड़ने गया था, शाम लगभग 7 बजे के आसपास मछली पकड़कर गांव की ओर आ रहा था। जो गांव के तुला के खेत के पास पुराने जमीन विवाद के रंजिश को लेकर पूर्व से घात लगाकर बैठे आरोपी लोकेश दीवान, सुखराज सिन्हा, मुकुन्द व भोला दीवान ने धारदार हथियार से मनोज शार्दुल के ऊपर प्राण घातक हमला कर दिया, जिससे मनोज शार्दुल बुरी तरह घायल हो गया। गांव वालों के पहुंचने पर आरोपी भाग निकले, प्रार्थी कि रिपोर्ट पर अपराध धारा 307, 120बी, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनंत कुमार साहू के मार्गदर्शन एवं पुलिस अनुविभागिय अधिकारी फरसगांव पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में आरोपी सुखराज सिन्हा पिता सूरज सिन्हा उम्र 25 साल जाति कलार निवासी भानपुरी थाना फरसगांव जिला कोण्डागांव, 19 सितम्बर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया, शेष तीन फरार आरोपीओं की पतासाजी की जा रहीं हैं।

# विधायक चन्दन कश्यप ने क्षेत्र में किया जनसंपर्क

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com







कोंडागाँव जिला के अंदरूनी गांव में हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष एवं नारायणपुर विधायक चंदन कश्यप ग्राम पंचायत टेमरूगांव चेरंग, केजंग, मुंगवाल, बयानार, पहुँचे। जहां ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। और ग्रामीण से मुलाकात करके ग्रामीणों की सुनी समस्या।

टेमरु गांव के सरपंच ने विधायक से पूरे ग्रामवासीयों की तरफ से धन्यवाद देते हुए कहा कि पिछले 15 साल में पहली बार कोई जनप्रतिनिधि हमारी समस्या सुनने हमारे गांव घर तक आए है।

हस्तशिप विकास बोर्ड अध्यक्ष एवं नारायणपुर विधायक चंदन कश्यप ने कहां की भाजपा की सरकार सिर्फ झूंठा वादा करती हैं, और हमारी कांग्रेस सरकार भूपेश की सरकार जो भी वादा की थी ओ पूरा किया ।

प्रवास के दौरान संवेदनशील क्षेत्र के ग्राम बडको के ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम चेरंग और ग्राम बड़कों के बीच लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार द्वारा जून 2020 निर्माण किया गया पुलिया पहली बारिश में ही पानी के तेज बहाव से बह गया। विधायक चंदन कश्यप ने उपस्थित लोगों के साथ तत्काल पुलिया का निरीक्षण किया, जो कि अत्यंत घटिया गुणवत्ताहीन निर्माण किया गया था। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त पुलिया का निर्माण 3- 4 महीने पहले ही छत्तीसगढ़ लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार ने निर्माण किया था। और लोकार्पण के पहले ही बहने से आवागमन की समस्या जस की तस हो गई है। विधायक चंदन कश्यप ने उपस्थित लोगों को आश्वस्वत किया कि जल्द ही जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। जिसमें ब्लॉक युवा कोंग्रेस विधानसभा अध्यक्ष देवेन्द्र कोर्राम, सोसल मीडिया विधायक प्रतिनिधि धर्मा पाढ़ी, आई टी सेल उपाध्यक्ष वरुण सेठिया महामंत्री, मदार्पाल ब्लॉक अध्यक्ष राम ब्रिज ठाकुर, सुखराम पोयाम, एनएसयूआई प्रदेश सह संयोजक एवं विधायक सोशल मीडिया प्रतिनिधि भुवनेश्वर बघेल ओमकार यादव शानू कश्यप, लोकेश कश्यप, देव सिंह बघेल, चैतन, लोचन, पंच उपसरपंच, सरपंच, ग्राम के प्रमुख व काँग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ब्लाक कांग्रेस माकड़ी ने पीसीसी चीफ़ के जन्मदिन पर अस्पताल को वाटर हीटर दिया, भर्ती मरीजों हो रही सहूलियत

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जिला के माकड़ी ब्लाक में कांग्रेस कमेटी माकड़ी की ओर से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक कोंडागॉव मोहन मरकाम के जन्मदिन के अवसर पर सोशल डिस्टेंस मास्क और सेनेटाइजर की व्यवस्था के साथ जन्म दिन मनाया गया। ज्ञात हो कि मोहन मरकाम ने इस वर्ष कोविडङ्क19 के कारण अपने जन्म दिन नहीं मनाने का निर्णय लिया था । जिसके कारण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष और कार्यकताओं ने मिलकर सादे रूप से इनके जन्मदिन पर फल और सेनेटाइजर मास्क वितरण कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद माकड़ी में वोल्टास का पानी मशीन जिसमे गर्म पानी की भी व्यवस्था है, स्वास्थ्य विभाग को भेंट की ।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बीरेश साहू, विधायक प्रतिनिधि गजेंद्र राठौड़, जिला उपाध्यक्ष रामकुमार कश्यप, वरिष्ट कांग्रेस के कार्यकर्ता जनपद अध्यक्ष मोती बाई नेताम, उपाध्यक्ष गौतम साहू, ब्रम्हा मरकाम जिला पंचायत सदस्य हेमलाल बघेल सांसद प्रतिनिधि चंदर बघेल, सरपंच माकड़ी हेमलाल वट्टी, विधायक प्रतिनिधि संग्राम मरकाम, कमल उजाला, आकाश महाजन, विक्की मंडल, रजनीकांत साहू, श्रीराम नेताम विजय, लाला, विनोद कुमार साहू, हरीश ग्राम पटेल के साथ ही ब्लाक चिकित्सा अधिकारी श्री घरत सर, बीपीएम सोम मेडम तथा अन्य गड़मान्य नागरिक सोशल डिस्टेंस और मास्क के साथ उपस्थित थे । हॉस्पिटल में भर्ती मरीजो को पहले गर्म पानी के लिए होटलों या आस पास से लाना पड़ता था, गर्म पानी उपलब्ध होने से भर्ती मरीजो को थोड़ी राहत मिलती नजर आ रही हैं।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 70वें जन्मदिवस पर 70 सफाईकर्मियों का सम्मान कर, शाल, साड़ी श्रीफल भेंट कर सादगी पूर्वक मनाया

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com







भारतीय जनता पार्टी कोन्डागाव ने देश मे स्वच्छता का अलख जगाने वाले देश के यसस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 70 वे जन्मदिवस पर इस कोरोना काल में नगरपालिका कोन्डागाव में अपनी ड्युटी के दौरान लगातार कार्य कर रहे, स्वच्छता कमांडो (सफ़ाई कर्मी)जो इस कोरोना काल में जान कि परवाह कर लगातार कोन्डागाव को स्वच्छ बनाने में लगे रहते है जिनका पूर्व मन्त्री लता उसेन्डी एवं भाजपा के सभी कार्यकताओं व पार्षद के द्वारा 70 सफ़ाई कर्मी का अभीवादन कर साल साड़ी श्रीफ़ल भेट कर सम्मान किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के70 वे जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी कोन्डागाव के द्वारा सेवा सप्ताह के रुप में 14 सितम्बर से लगातार वार्डो में सफ़ाई अभीयान चलाया जा रहा है। जो कि 2अक्टुबर गांधी जी कि जयन्ती तक हर वार्डो में लगातार चलेगा इस देश व्यापी सेवा सप्ताह में कोरोना संकट में भाजपा कोन्डागाव के द्वारा संकल्प लिया गया, कि हम सब मिलकर हमारे नगर को स्वच्छ बनाने में सभी सहयोग करे । मोदी जी के 70वे जन्मदिवस पर भाजपा के द्वारा जिला अस्पताल में मरीजो को फ़ल वितरण कर 70 कार्यकताओं के द्वारा जरुरत मन्द रक्त दाता लोगों की सुची जिला अस्पताल में सोपी गयी है। जिससे जरुरत मन्द लोगों को रक्त मिल सके।

**भाजपा के पार्षद व कार्यकर्ता उपस्थित रहे :** भाजपा के ग्रामीण कार्यकताओं ने मसोरा, गिरोला, सातगाव में सफ़ाई अभीयान के साथ साथ पोधा रोपण किया गया। मोदी जी के जन्मदिवस सेवा सप्ताह में मुख्यरुप् से मनोज जैन, गोपाल दीक्षित, नगर पालिका अध्यक्ष हेमकुवर पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेन्डी, जितेन्द्र सुराना, मन्डल अध्यक्ष जैनेन्द्र ठाकुर, बालसिंह बघेल, दयाराम पटेल, पार्षदगण ललीत, अंकुश जैन, तेज देवांगन, बबीता मरकाम, पार्षद मोहतेश्वरी, सोनामणी, लक्ष्मी ध्रुव, वर्षा यादव, संगीता चक्रधारी, अनिता पोयाम, गणु पोयाम एवं बीजेपी कार्यकर्ता विनयराज, कमलेश मोदी, जयहिन्द सन्तोष मरकाम, भरत जैन, तिमीर प्रकाश, कुलवन्त चहल, सन्जु गहलोत, पोक्टु चोधरी, रामेंस्वर, पिन्टु, विक्की पटेल आदि उपस्थिति रहे।

# पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने जन चौपाल में किया वादा निभाया

- फोन पर मिली शिकायत का दो दिन में किया निराकरण
- विश्रामपुरी से गुम हुई लड़की को पुलिस ने नागपुर से किया बरामद



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक कोंडागांव सिद्धार्थ तिवारी द्वारा विश्रामपुरी में जन चौपाल लगाया गया था जहां पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस केशकाल का नंबर लोगो को दिया गया था। उक्त जनचैपाल में आयी जनता द्वारा 3 दिन पहले गुम हुई लड़की की सूचना 17 सितंबर को पुलिस को फोन के माध्यम से दी गई, उक्त फोन कॉल को पुलिस अधीक्षक द्वारा गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव अनंत साहु एवं उप पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्र के मार्गदर्शन में थाना विश्रामपुरी से उप निरीक्षक शषिभूषण पटेल, प्रधान आरक्षक रघुनाथ कश्यप, की टीम गठित कर नागपुर भेजा गया जहां से गुम लड़की को बरामद कर सकुषल परिजनों को सुपुर्द किया। परिजनों एवं ग्राम वासियो द्वारा कोंडागाँव पुलिस के तात्कालिक कार्यवाही पर आभार व्यक्त किया।

क्षेत्र की जनता के समास्याओं के तत्काल निराकरण हेतु आने वाले समय में भी कोण्डागांव पुलिस इस तरह के जनचैपाल लगाती रहेगी, जहां जनता अपनी समस्याओं को सीधे पुलिस अधीक्षक को बताकर तत्काल निराकरण करा सकती है। कोण्डागांव पुलिस जनता से अपील करती है कि वो इसी तरह अपनी परेषानी हमारे साथ साझा करें तथा यदि कोई अपराध आपके क्षेत्र में हो रहा हो तो तत्काल पुलिस अधीक्षक अथवा अन्य पुलिस अधिकारियो को बता सकते है।

## दन्तेवाड़ा में आम आदमी पार्टी की सद्बुद्धि यात्रा को रोकना पूरी तरह अलोकतांत्रिक

# रोजगार आंदोलन से भूपेश सरकार को झुकाया : कोमल हुपेंडी

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




कोंडागांव जिला के आलबेड़ा पारा में स्थित आम आदमी पार्टी कार्यलय में प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेण्डी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर बताया कि कांग्रेस सरकार ने रोजगार के मुद्दे पर पूरी तरह असफल होने के बाद आंदोलन के व्यापक विस्तार से घबराकर कर दी 14580 शिक्षकों का नियुक्ति । एवं रोजगार आंदोलन से भूपेश सरकार को झुकाया, जिससे लोकतंत्र की हुई जीत। आम आदमी पार्टी की आवाज नहीं दबा सकती सरकार।

छत्तीसगढ़ सरकार के तमाम विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया जल्द प्रारम्भ हो, चयनित शिक्षकों के खिलाफ लगी एफआईआर जल्द वापस ले सरकार, आम आदमी पार्टी की आवाज अब आम जन की आवाज बन चुकी है। प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेण्डी ने कहा कि युवाओं के लिये रोजगार की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी लगातार आंदोलनरत है, लेकिन कांग्रेस सरकार लगातार आंदोलन सिर्फ कुचलने का प्रयास कर रही थी। आंदोलन विस्तृत और मजबूत होता गया तो सरकार को नियुक्ति आदेश देना पड़ा।कोमल हुपेण्डी ने दन्तेवाड़ा में आम आदमी पार्टी की सद्बुद्धि यात्रा को बल पूर्वक रोके जाने की घटना को पूरी तरह अलोकतांत्रिक बताया। उन्होंने कहा कि सरकार आम आदमी पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर जनहित के मुद्दों व आंदोलनों को दबाने का प्रयास कर रही है।

प्रदेश सचिव उत्तम जायसवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने 14580 चयनित शिक्षक अभ्यर्थियों के लिए मजबूत आन्दोलन खड़ा किया और बावजूद इसके सरकार इसे अनदेखा कर रही थी। आम आदमी पार्टी के आंदोलन के दबाव में सरकार ने शिक्षकों की नियुक्ति का फै सला लिया है।

प्रदेश प्रवक्ता देवलाल नरेटी ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि छत्तीसगढ़ में सरकार के तमाम विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू होनी चाहिए।

यूथ विंग के प्रदेश अध्यक्ष तेजेन्द्र तोड़ेकर ने कहा कि जायज मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे चयनित शिक्षकों के खिलाफ सरकार ने एफआईआर दर्ज की है, जो कि पूरी तरह अलोकतांत्रिक है। सरकार को चयनित शिक्षकों के खिलाफ हुई, एफआईआर को जल्द वापस लेनी चाहिए। जिला अध्यक्ष पीताम्बर नाग ने कहा कि यह सरकार रोजगार देने में नाकाम है। अब कम से कम चयनित शिक्षक अभ्यर्थियों को जल्द से जल्द नियुक्ति पत्र दिया जाना चाहिए।

इस अवसर पर यूथ पीताम्बर नाग, देवलाल नरेटी, तेजेन्द्र तोड़ेकर, प्रदेश अध्यक्ष यूथ विंग, विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष संतराम सलाम, नरेंद्र नाग, राजा ठाकुर, जित्तू साहू, उदय सिन्हा, अमरेश कोर्राम, सोमेश सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# आवासीय कालोनियों और कार्यालय परिसरों को सेनिटाइज किया गया



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

कोरोना के बढ़ रहे मामले को देखते हुए नगर के समस्त आवासीय कालोनियों और कार्यालय परिसरों को सेनिटाइज करने हेतु एनएमडीसी लिमिटेड किरंदुल परियोजना के अधिकारियों कर्मचारियों ने मिलकर अनुपयोगी पड़े चीजों से 30 मीटर तक प्रभावी रूप से छिड़काव करने वाला उपकरण का निर्माण किया गया। इस उपकरण द्वारा शनिवार को नगर के ओल्ड टाइप 3 तथा आसपास के क्षेत्रों को सैनिटाइज किया गया।

# गलत पता, गलत नंबर और मिलते जुलते नाम

## कांट्रैक्ट ट्रेसिंग के लिए निकल रही सर्विलांस टीम के सामने नई मुसीबत

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com

ब्लॉक के संक्रमित मरीज गलत पता दे रहे हैं। टेस्ट रिपोर्ट में मोबाइल नंबर भी गलत निकल रहा है या फिर स्विच ऑफ बता रहे हैं। किसी तरह पहचान होने पर गुमराह करने की भी कोशिश की जा रही है। यह खुलासा हुआ है सर्विलांस टीम द्वारा पहुंच रही जानकारी से जो ब्लॉक मुख्यालय से होती हुई जिला मुख्यालय तक जा रही है।

गंभीर हो चुकी स्थिति के बाद भी गैर जिम्मेदारी और लापरवाही अपने परिवार ही नहीं बल्कि संपर्क में आने वालों को भी संक्रमण का खतरा तेजी से बढ़ा रही है। कोरोना टेस्ट के बाद आ रही पॉजिटिव रिपोर्ट में ऐसे मरीजों के घर पहुंच रही सर्विलांस टीम यह देखकर हैरत में है कि लापरवाही किस हद तक पहुंच चुकी है। संक्रमित मरीज जिस तरह गलत पता, गलत नंबर दे रहे हैं और पहचान होने पर गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं उसने टीम के होश उड़ा दिए हैं क्योंकि टीम खुद बिना सुरक्षा उपाय के साथ ऐसे संक्रमितों के घर पहुंच रही हैं।

### शहर ही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी

पायनियर एक्सक्लूसिव

ब्लॉक सर्विलांस टीम में जिन 40 टीचरों की ड्यूटी लगाई गई है वे यह देखकर हैरत में है कि ग्रामीण क्षेत्र तक में दिए गए पते गलत निकल रहे हैं। संक्रमित मरीज चाहे ग्रामीण हो या शहर दोनों जगह यह कोशिश होती दिखाई दे रही है कि ना तो पहचान उजागर हो ना पता सही निकले। और तो और मोबाइल नंबर तक गलत दिया जा रहा है। यदि इन सबके बावजूद पकड़ में आ गए तो सर्विलांस टीम को गुमराह करने का प्रयास अंत तक कर रहे हैं ताकि बाद की प्रक्रिया से बचा जा सके।

### यहां सर्वाधिक लापरवाही

सर्विलांस टीम को सबसे ज्यादा दिक्कत में शहरी क्षेत्र के संक्रमित मरीज डाल रहे हैं। तेजी से मिलते ऐसे मरीज ना केवल पहचान छिपा रहे हैं बल्कि टेस्ट रिपोर्ट में गलत नाम दर्ज करवा रहे हैं तो कहीं गलत पता तो कहीं मोबाइल नंबर गलत दिए जाने की जानकारियां आ रही हैं। मिलते-जुलते नाम भी लिखवाए जा रहे हैं। हद तो यह कि केयर सेंटर या होम आइसोलेशन में रह रहे मरीज न केवल बाहर घूम रहे हैं बल्कि व्यवसाय भी संचालित कर रहे हैं। यह सब संक्रमण के बढ़ते आंकड़ों के रूप में सामने आ रहा है क्योंकि ऐसे लोगों की सतत निगरानी नहीं हो पा रही है।




### खतरे में सर्विलांस टीम

ब्लॉक के संक्रमित मरीजों की टेस्ट रिपोर्ट आने के बाद निर्धारित प्रपत्र लेकर संबंधित के घर तक पहुंच रही सर्विलांस टीम को मास्क, सैनिटाइजर और ग्लव्स नहीं दिए जाने की जानकारियां आ रही है। ब्लॉक की सर्विलांस टीम में काम कर रहे 40 टीचर जिस गंभीर खतरे के बीच यह काम कर रहे हैं वह उनके खुद के लिए ही नहीं बल्कि परिवार और स्कूल के लिए भी खतरा बन सकता है। इसमें भी कई टीचर ऐसे हैं जिनकी उम्र 55 वर्ष से अधिक हो चुकी है और इतनी ही उम्र के लोगों पर भी संक्रमण का खतरा ज्यादा है।

### सब कुछ अपने दम पर

सर्विलांस टीम दी गई जिम्मेदारी को पूरी गंभीरता के साथ पूरा कर रही है। लेकिन सुरक्षा और मरीजों तक पहुंचने के लिए जरूरी सारे खर्च खुद वहन करने पड़ रहे हैं। मास्क, सैनिटाईजर, ग्लव्ज, मोबाइल रिचार्ज और स्वयं के वाहन से पहुंच रहे इन टीचरों का दर्द केवल इसी शब्द से महसूस किया जा सकता है- नौकरी है करना पड़ेगा। परिवार है पेट भरना पड़ेगा। क्या सुन रही है सरकार? क्या सुन सकेगा प्रशासन? क्या सुध लेंगे इंसीडेंट कमांडर जो सं मण के खतरे कम करने के प्रयासों में लगातार लगे हुए हैं।

सुरक्षा सामग्री की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में है। सर्विलांस टीम इसे किसी भी समय सिविल हॉस्पिटल से ले सकती है। टीम के सामने आ रही दूसरी दिक्क तें भी बहुत जल्द दूर की जा रही है।

**-एमएस राजपूत,** एसडीएम भाटापारा

सिविल हॉस्पिटल में पर्याप्त मात्रा में मास्क सैनिटाइजर हैं। सर्विलांस टीम के अधिकारी यह सभी सामग्री तत्काल ले सकते हैं। रही बात गलत पता और गलत नंबर की तो वह सही है इसलिए ऐसे मरीजों से आग्रह है कि वह निर्धारित प्रपत्र में सही जानकारियां दे ताकि सं मण का खतरा कम किया जा सके।

**- डॉ.राजेश अवस्थी,** बीएमओ भाटापारा

सर्विलांस टीम के सामने आ रही दिक्क त से इंसीडेंट कमांडर को अवगत कराया जा रहा है। समस्या के निदान का प्रयास किया जा रहा है।

**-एएस घृतलहरे,** बीईओ भाटापारा

# राजिम माता मंदिर जाने से पहले बंगोली के मां शारदा का दर्शन किया



**तिल्दा नेवरा।** ग्राम बंगोली स्थित मां शारदा मंदिर में तीन बाम्हण जो कि रात्रि के समय मंदिर में माता का दर्शन के उपरांत रूककर वहां पर विश्राम किया वे ब्राह्मण राजिम माता मंदिर जाने के लिए प्रस्थान किए। ग्राम बंगोली के ही निवासी सामाजिक कार्यकर्ता एवं संजीवनी रक्तदाता संघ के सदस्य भाई रविशंकर निषाद ने बताया कि ये लोग विगत चार-पांच वर्षो से राजिम माता मंदिर जाने से पहले बंगोली के मां शारदा के दर्शन करते हैं। प्रातः काल इन सज्जनों के जाने का वक्त हुआ तो भाई रवि शंकर ने उनके लिए कोरोना महामारी के भयावक रूप के चलते उन्हे मास्क बनाकर भेंट किया ताकि वे लोग यह महामारी संक्रमण से उनकी सुरक्षा हो सके ।और सुरक्षित रुप से राजिम माता का दर्शन कर सही सलामत अपने क्षैत्र पहुंच सके।

# पालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी ने लोगों को किया जागरूक

पायनियर संवाददाता ✓ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

नगर में लगातार मिल रहे कोरोना पॉजिटिव मरीजों को देखते हुए तिल्दा नेवरा नगर पालिका के उपाध्यक्ष विकास सुखवानी के तत्तवधान में लगातार नगरवासियो को कोरोना जैसे भयावक बिमारी से लड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। लोगों से मिलकर कोरोना से बचने के लिए तरह-तरह के उपाय लोगों के बीच में रखा जा रहा है। और इस कोरोना महामारी जैसे बीमारी से जागरूक किया जा रहा है। वही विकास सुखवानी द्वारा शहर के बीचोबीच सिंधी कैंप मार्केट में लगातार व्यापारी व मार्केट में आने जाने वाले प्रत्येक लोगों को उनके द्वारा निशुल्क मास्क का वितरण किया जा रहा है। साथ ही साथ सैनिटाइजर भी लोगों को दिया जा रहा है । उनके द्वारा लगातार पिछले कई महीनों से उनके टीम नगर के हर चौक चौराहे में जाकर जनहित में कार्य किया जा रहा है । उनके साथ मोहम्मद आसिफ खान, नरेश वर्मा, युवराज बंजारे, जीतू दुबे, सूरज निर्मलकर,आर्यन रामानी, निखिल गोविंदानी, सूरज सुखवानी, लोकेश बजाज ,मोहित विधानी, आकाश रिझवानी, विजय नेहा चलानी, परमीत राजा भैया, विजय पंजवानी, इस कार्य में उन्हें सहयोग दे रहे हैं या टीम लगातार लोगों के बीच में जाकर लोगों के जरूरत के अनुसार उनका सहयोग किया जा रहा है।



# शिवसेना ने षड़यंत्रकारियों का पुतला दहन किया

■ भाजपा के नेताओं के द्वारा शिवसेना को बदनाम करने लगाया आरोप

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com



शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के आदेशानुसार शिवसेना बलौदाबाजार जिलाध्यक्ष संतोष यदु के नेतृत्व में गार्डन चौक में षड़यंत्रकारियों का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन कर भाजपा मुर्दाबाद करणी सेना मुर्दाबाद के नारे लगाये। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर भारी पुलिस बल की तैनाती गार्डन चौंक में किया गया था। जैसे ही शिवसैनिक पुतला लेकर गार्डन चौंक पहुंचे पुलिस के जवानो ने पुतला छिनने का प्रयास किया। तब तक शिवसैनिकों ने पुतले को आग के हवाले कर दिया। नायाब तहसीलदार को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंप कर शिवसैनिकों को जान से मारने की धमकी देने तथा शिवसेना को बदनाम करते हुए राष्ट्रीय प्रमुख उद्धव ठाकरे व बाला साहेब ठाकरे के ऊपर अभद्र टिप्पणी करने वालो के खिलाफ तुरंत कार्यवाही कर जेल भेजने की माँग की गई। ज्ञात हो की शिवसैनिको को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी सुरज राजपुत के खिलाफ मामला बलौदाबाजार सिटी कोतवाली में दर्ज हैं लेकिन अभी तक आरोपी पुलिस के पकड़ से बाहर हैं। शिवसेना जिलाध्यक्ष संतोष यदु ने पत्रकारो से चर्चा के दौरान बताया की कंगना पहले भी बीजेपी शासन में मोबाइल वितण करने आई थी विगत 60 से 70 दिनों से लगातार शुशांत सिंह राजपुत की म्रत्यु पर विवाद हो रहा हैं जिसमें फिल्म उद्योग और मुम्बई पुलिस के ऊपर लगातार ऊंगली ऊठ रही हैं इस विवाद में हमारी पार्टी शिवसेना का भी पिछे से लगातार नाम लिया जा रहा हैं। यह मुद्दा मुम्बई का हैं इस लिए हम छत्तीसगड़ शिवसेना ने कोई बयान या प्रदर्शन नहीं किया है पर बीजेपी के छाया में चलने वाले जातिगत सेना ने शिवसेना के मुख्यमंत्री के खिलाफ मोर्चा खोलकर अपमान करने की कोशिश की तब हमारा विरोध प्रारम्भ हुआ। इनके विरोध प्रदर्शन का कोई शासन अनुमति नहीं थी फिर कैसे प्रदर्शन हुआ और इसमें कोई अपराध दर्ज नहीं हुआ जबकी इस प्रदर्शन का नेतृत्व करने वाला कोई जिम्मेदार नहीं था और भाड़े के रेजा कुलियों को लाकर चंद जातिवादी सेना के लोगों और बीजेपी के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदर्शन करने व अपमान करने की कोशिश किया गया। जिसका विरोध शिवसेना छत्तीसगढ़ द्वारा अवश्य संभावित था। किसी भी प्रदेश के मुख्यमंत्री के खिलाफ अगर कोई अभद्र टिप्पणी करता हैं तब संबंधित पार्टी के कार्यकर्ता विरोध करते हैं और पुलिस में शिकायत दर्ज करवाते हैं जैसे ऊतर प्रदेश के मुख्यमंत्री के खिलाफ कुछ भी कहने पर एनएसए लगा दी जाती हैं फिर आप शिवसेना के राष्ट्रीय प्रमुख और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के खिलाफ अभद्र टिपण्णी कैसे लिख बोल या शोसल मीडिया में अपलोड कैसे कर सकते हैं और सोंचोगे की कोई कार्यवाही नहीं होगी। मुम्बई में सरकार को अस्थिर करके अपमान करने की कोशिश के तहत ही बीजेपी ने ही यह षड़यंत्र किया हैं और महिला कलाकार कंगना के कंधे पर बंदुक रखकर कार्यवाही किया। जिस करणी सेना ने पहले कंगना का विरोध किया था वह अचानक उनके पक्ष में आना एक षड़यंत्र सा प्रतित होता हैं। पुतला जलाकर ज्ञापन सौंपने गए शिवसेना जिला महासचिव मनहरण साहु, भिखम यदु, जिला सचिव मुकेश साहु , जिला उपाध्यक्ष मनोज यदु, राजेश ध्रतलहरे, शिवचंद निर्मलकर, जिला प्रवक्ता अधिवक्ता दिनबंधु देवाँगन, ब्लॉक अध्यक्ष भुपेन्द्र मानिकपुरी, खिलेन्द्र सेन, नगर अध्यक्ष निर्मल टोनु सलुजा, ब्लाक उपाध्यक्ष जितेन्द्र वर्म, जित्तु जोशी, उकेश देवदास, विशाल माही, जय प्रकाश सोनवानी, जित्तु वर्मा, नगर अध्यक्ष पलारी बलदाऊ वर्मा, अखिलेश साहु, बसंत साहु, रूपेन्द्र निषाद, टिकेन्द्र वर्मा, धनन्द्र, राजा यदु, मोहन निषाद, दशरथ यादव, नरेन्द्र यादव, अजय, संतोष जायसवा, संतोष ध्रुव, रामजी यादव एवं शिवसैनिक शामिल हुए।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर भाजपाइयों ने सेवा सप्ताह के रूप में मनाया और वृद्धजनों को वाकर और छड़ी का किया वितरण

पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



भाजपा के सेवा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर भाजपा मंडल गरियाबंद के तत्वावधान में ग्राम भिलाई स्थित सियान सेवा सदन में वृद्धजनों को फल का वितरण किया गया। इसके अलावा प्रांगण में अनेक प्रजाति के फलदार पौधों का पौधारोपण कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मोदी जी के जन्म दिवस पर वाकर और छड़ी का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार गरीब कल्याण के अनेक योजनाएं संचालित की है, जिसका सीधा लाभ मिल रहा है, गांव गरीब और किसानों के लिए अनेक योजनाएं लागू की गई है। उन्होंने कहा कि मोदी जी भारत के सच्चे सपूत हैं, उनके जन्मदिन के अवसर पर भाजपा ने सेवा सप्ताह मनाते हुए सेवा कार्य को प्राथमिकता दी है, जिसके तहत भाजपा के कार्यकर्ता सेवा के कार्य में सक्रिय रूप से जुट गए हैं ।

इस अवसर पर जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, बलदेव सिंह हुंदल, जिला कोषाध्यक्ष राहुल सेन, जिला मंत्री मिलेश्वरी साहू, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, केशव साहू, राधेश्याम सोनवानी, सागर मयानी, पूर्णिमा तिवारी,खिरमणी हरपाल, युवा कार्यकर्ता सेवक निषाद, मनीष यादव, दीपक तिवारी, नागेंद्र देवांगन सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मेडिकल दुकान बिना पर्ची न बेचे कोई भी दवाई : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार/भाटापारा
www.dailypioneer.com

जिले में लगातार कोरोना संक्रमित मरीजों की सँख्या में वृद्धि होने के मुख्य कारणों में से एक सामान्य व्यक्तियों द्वारा मेडिकल दवाई दुकानों से बिना पर्ची के दवाई खरीदना भी शामिल है। कोई भी व्यक्ति सर्दी, खाँसी, बुखार,जैसे लक्षण दिखने पर सेल्फ मेडिसिन के तहत पैरासिटामोल, सिट्रीजिन,क्लोरोक्वीन एवं अन्य एंटीबायोटिक दवाइयां बिना किसी चिकित्सक के सलाह पर खरीदी जा रही है। जिससे कोरोना के संभावित मरीज कोविड 19 के टेस्ट नहीं करा रहे है। फलस्वरूप गंभीर लक्षण होने के उपरांत कोविड हॉस्पिटल पहुँचते है। जिनसे इलाज करना और कठिन हो जाता है। आज कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने विषय की गंभीरता को लेते हुये खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठकर सख्त चेतावनी देते हुए कहा की कोई भी मेडिकल संचालक उपरोक्त दवाइयों को चिकित्सक के सलाह पर पर्ची देखकर ही बेचना सुनिश्चित करे। साथ ही ऐसे मरीजो को कोविड टेस्ट के लिये प्रोत्साहित भी की जावे। सभी मेडिकलो में मरीजो का नाम एवं मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से रजिस्टर बनाकर दर्ज करे साथ ही कल से ऐसे ना करनें वाले मेडिकल दुकानों के खिलाफ अनिवार्य रूप से कार्रवाई करे। साथ ही ड्रग इंस्पेक्टर भी इन रजिस्टरों का अनिवार्य रूप से निरीक्षण करना सुनिश्चित करें।



## तहसीलदार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा

# ओमकार वर्मा के नेतृत्व में षडयंकारियों का पुतला जलाकर विरोध प्रद्रर्शन किया

पायनियर संवाददाता ✓ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के आदेशानुसार शिवसेना जिला अध्यक्ष संतोष यदु के निर्देशानुसार तिल्दा ब्लॉक प्रभारी ओमकार वर्मा के नेतृत्व में तिल्दा नेवरा के दीनदयाल चौक में षड़यंत्रकारियों का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन कर भाजपा मुर्दाबाद करणी सेना मुर्दाबाद के नारे लगाये ।सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर भारी पुलिस बल की तैनाती दीनदयाल चौक में किया गया था जैसे ही शिवसैनिक पुतला लेकर दीनदयाल उपाध्यय चौक पहुंचे पुलिस के जवानो ने पुतला छिनने का प्रयास किया तब तक शिवसैनिकों ने पुतले को आग के हवाले कर दिया पुलिस पुतले को बुझाने का प्रयास करते रहे लेकिन पुतला जलाने में शिवसैनिक सफल रहे। तहसीलदार ध्रुव साहब को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर शिवसैनिकों को जानसे मारने की धमकी देने तथा शिवसेना को बदनाम करते हुए राष्ट्रीय प्रमुख उद्धव ठाकरे व बाला साहेब ठाकरे के उपर अभद्र टिप्पणी करने वालो के खिलाफ तुरंत कार्यवाही कर जेल भेजने की माँग की गई ज्ञात हो की शिवसैनिकों को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी सुरज राजपूत के खिलाफ मामला तिल्दा नेवरा सिटी कोतवाली में दर्ज हैं। लेकिन अभीतक आरोपी पुलिस के पकड़ से बाहर हैं ।शिवसेना तिल्दा ब्लॉक प्रभारी ओमकार वर्मा ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान बताया कि कंगना पहले भी बीजेपी शासन में मोबाईल वितण करने आई थी विगत 60 से 70 दिनों से लगातार शुशांत



सिंह राजपूत की मृत्यु पर विवाद हो रहा हैं जिसमें फिल्म उद्योग और मुम्बई पुलिस के ऊपर लगातार ऊंगली उठ रही हैं इस विवाद में हमारी पार्टी शिवसेना का भी पिछे से लगातार नाम लिया जा रहा हैं । चूंकि यह मुद्दा मुम्बई का हैं इसलिए हम छत्तीसगढ़ शिवसेना ने कोई बयान या प्रदर्शन नहीं किया हैं। पर बीजेपी के छाया में चलने वाले जातिगत सेना ने शिवसेना के मुख्यमंत्री के खिलाफ मोर्चा खोलकर अपमान करने की कोशिश की तब हमारा विरोध प्रारम्भ हुआ इनके विरोध प्रदर्शन का कोई शासन अनुमति नहीं थी फिर कैसे प्रदर्शन हुआ और इसमें कोई अपराध दर्ज नहीं हुआ जबकी इस प्रदर्शन का नेतृत्व करने वाला कोई जिम्मेदार नहीं था और भाड़े के रेजा कुलियों को लाकर चंद जातिवादी सेना के लोगों और बीजेपी के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदर्शन करने व अपमान करने की कोशिश किया गया जिसका विरोध शिवसेना छत्तीसगढ़ द्वारा अवश्य संभावित था । किसी भी प्रदेश के मुख्यमंत्री के खिलाफ अगर कोई अभद्र टिप्पणी करता हैं तब संबंधित पार्टी के कार्यकर्ता विरोध करते हैं और पुलिस में शिकायत दर्ज करवाते हैं जैसे ऊतर प्रदेश के मुख्यमंत्री के खिलाफ कुछ भी कहने पर ह्न्न लगा दी जाती हैं। फिर आप शिवसेना के राष्ट्रीय प्रमुख और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के खिलाफ अभद्र टिपण्णी कैसे लिख बोल या सोशल मीडिया में अपलोड कैसे कर सकते हैं। और सोंचोगे की कोई कार्यवाही नहीं होगी ।

मुम्बई में सरकार को अस्थिर करके अपमान करने की कोशिश के तहत ही बीजेपी ने ही यह षड़यंत्र किया हैं और महिला कलाकार कंगना जी के कंधे पर बंदुक रखकर कार्यवाही किया जिस करणी सेना ने पहले कंगना का विरोध किया था वह अचानक उनके पक्ष में आना एक षड़यंत्र सा प्रतीत होता हैं । बीजेपी को उस दिन से तकलिफ हैं । जिस दिन से शिवसेना कांग्रेस एन सीपी की सहमति से सरकार बनी हैं। रात के अंधेरे में सुबह का उजाला निकलने से पहले चोर जैसे-जैसे राष्ट्रपति शासन हटाकर मुख्यमंत्री पद की शपथ बीजेपी द्वारा लेना षड़यंत्र का हिस्सा था उपरान्त शिवसेना सरकार बनने के बाद लगातार यह कोशिश पूर्व सरकार के द्वारा की जा रही थी कि कैसे गठबंधन की सरकार को बदनाम करके गिराने का षड़यंत्र के तहत यह सारे प्रकरण जिसमें कंगना और करणी सेना का पुर्ण योगदान हैं और पिछे से सहयोग बीजेपी कर रही हैं सुशांत सिंह की मृत्यु का दुःख पार्टी को हैं लेकिन इनकी मृत्यु का राजनीतिकरण किया जा रहा हैं बिहार चुनाव में इस मुद्दे को भुनाने की मंशा सिधे नजर आती हैं। और शिवसेना के प्रत्याशीयों को जातिवादी सेना द्वारा जान से मारने और चुनाव न लड़ने की धमकी दी जा रही हैं । कंगना और अन्य विरोधियों के द्वारा नाना किस्म की उपद्रव कर तथा बिकाऊ मीडिया के द्वारा बहुत ही निचले स्तर पर पार्टी को बदनाम करने व गिराने का षड़यंत्र में साथ देकर किया जा रहा हैं जिसका शिवसेना पुरजोर विरोध करती हैं जिसके विरोध में पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में षड़यंत्रकारियों का पुतला जलाकर ज्ञापन सौंपा गया जिसमें मुख्य रूप शिवसेना जिला सचिव ओमकार वर्मा, शिव कुमार वर्मा,रोशन वर्मा, यशवंत साहू, दीपक वर्मा,पवन साहू, लकी वर्मा चेतन साहू, शिव वर्मा योगेश साहू रोशन साहू ओम प्रकाश निषाद ओम प्रकाश साहू करण पांडे विदेशी साहू रितिन निषाद अजय निषाद सुमीत पाल, रवि पाल, बलदेव पाल एवं शिवसैनिक शामिल हुए।

# एक वर्ष से नदारद है ग्राम विकास कृषि अधिकारी किसानों और ग्रामीणों के सभी विकास कार्य ठप

## विभाग को सूचना देने के बाद भी अब तक नहीं की गई कार्रवाई, लोग परेशान

वाहिद खान < मनोरा
www.dailypioneer.com




पायनियर एक्सक्लूसिव

विगत एक वर्षो से ग्रामसेवक खरसोता व डड़गांव पंचायत से नदारद है। इससे सरपंच से लेकर ग्रामीण तक परेशान हैं। ग्रामसेवक के प्रति कई बार सरपंच के द्वारा कृषि विभाग के अधिकारी को फोन कर यह सूचना दिया जा चुका है कि ग्रामसेवक जेरोम मिंज एक वर्षो से नही आ रहा है, सारा काम ठप हो गया है। फिर भी कृषि विभाग के अधिकारी अनदेखा कर रहे हैं। जबकि ग्रामसेवक की रोजाना जरूत रहती है। अगर ऐसा ही स्थिति बना रहा तो सरकारी योजनाओं का क्रियान्वय फेल हो जाएगा। डड़गांव पंचायत में गौठान कार्य शुरू किया जाना है इसके लिए ग्रामसेवक की जरूरत होना है। अधिकतर ग्राम पंचायतों में ग्राम सेवक पंचायत सचिव का पूरा कार्य करता है। इनका प्रमुख कार्य ग्राम पंचायत के अभिलेख और रजिस्टर अपने अभिरक्षा में रखना होता है, पंचायत द्वारा बनाये गए निर्मित प्राप्त धनराशियों के लिए अपने हस्ताक्षर से रसीद जारी करना इनका मुख्य कार्य होता है। लेकिन एक वर्षो से ग्रामसेवक नदारत रहा।

**ग्रामसेवक के प्रमुख कार्य :** पंचायत की राशि से लेकर अन्य दस्तावेज तैयार करना ग्रामसेवक को जानकारी होनी चाहिए। जैसे राजू गांधी किसान न्याय योजना, सोलर पम्प, बीज वितरण करना, कृषि से संबंधित लोगो को जानकारी देना, अपना क्षेत्र हमेशा भ्रमण करना,आदि मगर खरसोता व डड़गांव पंचायत के लोग वंचित हैं ग्रामसेवक के बिना। जानकारी के मुताबिक ग्रामसेवक नशे में धुत रहता है हमेशा, और घर मे पड़ा रहता है। जबकि इस समय किसानों अति आवश्यक है कि खेती के समन्धित जानकारी देना चाहिए, जो किसान खेती के सम्बंध में जानकारी नही है, खेती में खाद्य पदार्थ का उपयोग करें और भी अन्य चीजों के संबंध जानकारी देना चाहिए लेकिन ग्रामसेवक ही एक वर्षो से नदारत है तो किसान को कौन जानकारी उपलब्ध कराए। खरसोता व डड़गांव पंचायत के ग्रामीण ग्रामसेवक अनुरूप विकसित करने के लिए वंचित हैं।

### सरपंच भी परेशान

खरसोता व डड़गांव पंचायत के सरपंचों ने बताया कि एक वर्षो से ग्रामसेवक नही आया है, और ग्राम सेवक की जरूरत हर दिन कुछ न कुछ काम पड़ता है। ग्रामसेवक जेरोम मिंज की जानकारी कृषि विभाग के अधिकारियों को दी गई है। लेकिन अभी तक कुछ नही किया गया है। सरपँच व ग्रामीणों की मांग है कि दूसरा ग्रामसेवक खरसोता व डड़गांव पंचायत में भेजा जाए।

इसकी जानकारी मंगा कर उचित कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों की समस्या का त्वरित निदान किया जाएगा।

**– एमआर भगत,** डीडीए जशपुर

# सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप, एनएचएम के 500 कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

## स्वास्थ्य सुविधाओं पर विपरीत प्रभाव, शहीद हुए कोरोना वारियर्स को दी श्रध्दांजलि

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



बघेल सरकार पर नियमितीकरण का वादा नहीं पूरा करने का आरोप लगाते हुए निराश होकर प्रदेश भर के संविदा पर कार्य कर रहे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारी और कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दिया है। प्रदेश संगठन के आह्वान पर जशपुर जिले के सभी 8 विकासखंड के अस्पतालों और स्वास्थ्य विभाग से जुड़े एनएचएम के 500 कर्मचारियों ने हड़ताल में हिस्सा लेकर काम पूरी तरह से बंद कर दिया है। इस संबंध में संगठन के जिलाध्यक्ष शत्रुघन देव बघेल के नेतृत्व में कलेक्टर महादेव कावरे, एसपी कार्यालय और सीएमएचओ डॉ. पी सुथार को ज्ञापन सौंपा गया है और शनिवार को जशपुर विकासखंड के एनएचएम के अधिकारी और कर्मचारी जयस्तंभ चौक के पास इकट्ठा हुआ और आंदोलन का आगाज किया। 19 सितंबर से एनएचएम के प्रदेश के 13 हजार अधिकारी और कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने अपनी चुनावी घोषणा में एनएचएम के अधिकारियों और कर्मचारियों के नियमितीकरण की घोषणा की थी और वादा किया था। सरकार बने 2.5 साल बीत गए लेकिन नियमितिकरण की कार्रवाई को लेकर एक अक्षर भी शुरू नहीं किया गया है जिससे अधिकारियों और कर्मचारियों में असंतोष और भारी निराशा है। प्रदेशस्तर पर 13000 एनएचएम के अधिकारी और कर्मचारियों ने अपनी एक सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन छेड़ दिया है। मांग पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रखने की बात कही जा रही है।

**कोरोना के इलाज में पड़ेगा प्रभाव :** एनएचएम के अधिकारियों और कर्मचारियों की जिले में 500 संख्या है। एक साथ इतने लोगों के हड़ताल में चले जाने से अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों के इलाज के साथ ही कोरोना की लड़ाई भी प्रभावित होने की संभावना है। डाटा संकलन से लेकर सैंपल कलेक्शन तक का कार्य एनएचएम के द्वारा किया जा रहा है। कोरोना महामारी में एनएचएम के अधिकारी और कर्मचारी भी बड़े योध्दा की तरह कार्य कर रहे हैं।

एनएचएम के अधिकारी और कर्मचारियों के हड़ताल में चले जाने से स्वास्थ्य विभाग के कार्य निश्चित रूप से प्रभावित होंगे लेकिन वैकल्पिक व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं।

**-महादेव कावरे,** कलेक्टर जशपुर

# 108 एम्बुलेंस में महिला ने बेटी को दिया जन्म, ईएमटी ने सूझबूझ से कराया सुरक्षित प्रसव

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कोरोना महामारी के बीच लोगों को आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने की दिशा में 108 संजीवनी एक्सप्रेस अपने नाम के अनुरूप महती भूमिका निभा रही है। शुक्रवार की दोपहर 108 के ईएमटी ने गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव कराया। महिला ने बेटी को जन्म दिया है और जच्चा- बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कुनकुरी ब्लॉक अंतर्गत आने वाले गांव बेने चटकपुर निवासी 28 वर्षीय गर्भवती महिला अनुपमा टिर्की, पति दीपक टिर्की को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने 108 को सूचना दी। सूचना मिलते ही 108 के ईएमटी सुचिता पन्ना और पायलट भैसेज यादव तुरंत सीन पर पहुंची। इसके पश्चात महिला को एम्बुलेंस से सीएचसी कुनकुरी लाया जा रहा था। इसी दौरान गर्भवती महिला को तेज प्रसव पीड़ा होने लगी। ईएमटी सुचिता पन्ना ने गर्भवती महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए अपने सूझबूझ का परिचय देते हुए परिजनों से बात कर एम्बुलेंस में ही प्रसव कराने का निर्णय लिया। इसके पश्चात ईआरसीपी की सलाह लेते हुए डॉ. सुषमा के सलाहनुसार महिला का सुरक्षित प्रसव कराया गया। महिला ने बेटी को जन्म दिया। जच्चा - बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। एम्बुलेंस में बच्ची की किलकारी गूंजते ही परिजन भी खुशी से झूम उठे। उन्होंने सुरक्षित प्रसव के लिए 108 टीम का धन्यवाद किया। सुरक्षित प्रसव पश्चात माँ और बेटी को सीएचसी कुनकुरी में एडमिट कराया गया।

108 की टीम कोरोना महामारी के बीच हर परिस्थितियों का सामना कर लोगों को बेहतर आपातकालीन सेवा प्रदान कर रही है।

**-अमित श्रीवास्तव,** जिला प्रभारी 108

# शहीद विद्याचरण शुक्ल अवार्ड से नवाजे गए पीटीआई सरफराज आलम

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



खेल सम्मान समारोह में जशपुर जिले के सभी पी टी आई को शहीद विद्या चरण शुक्ल अवॉर्ड दिया गया सरफराज आलम को शाहिद विद्या चरण अवॉर्ड के अलावा खेल में सराहनीय योगदान के लिए सर्वोच्च अवॉर्ड महात्मा गांधी लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया इसके अतिरिक्त शहीद विद्या चरण अवॉर्ड पाने वाले पी टी आई पी पी उपाध्याय, प्रदीप चावड़ासिया घनश्याम टोप्पो राजकिशोर लकड़ा रीना मिंज मीना कोरी गीता पटेल अनील श्रीवास्तव हसन इमाम खेमसगर यादव प्रेम लाल सीदार कमल भगत अनुग्रह कुजूर नोबेल तिग्गा शास्त्री प्रमोद लकड़ा तनुजा कुजूर सुमित्रा भगत अजित मिंज एस किस्पोट्टा संजय भूषण प्रतिमा माया राम विनय तिग्गा आदि को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि श्री यू डी मिंज संसदीय सचिव साथ ही कलेक्टर महादेव कावरे, एस पी बालाजी राव, सीईओ केएस मंडावी, एसडीएम कुनकुरी रवि राही, जनपद उपाध्यक्ष कुनकुरी सेराज खान, इफ्तेखार हसन अध्यक्ष जिला अल्प संख्यक मोर्चा कांग्रेस उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा शिवसैनिकों ने ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



शिवसेना प्रदेश प्रमुख धन्नजय सिह परिहार के निर्देशानुसार जांजगीर में महाराष्ट्र से उठी सियासी लपटों की आंच छत्तीसगढ़ पहुंचने पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा महाराष्ट्र के भारतीय जनता पार्टी के नेता और अभिनेत्री कंगना रणावत आपस में राममिलाई जोडी है। कंगना सुर्खियां बटोरने के लिए किसी न किसी पर हमला बोलने के लिए बेतुके बयान देती है। हमेशा नकली चेहरा ओढे रहने की कोशिश करने वाली कायर फिल्मी दुनिया सार्वजनिक तौर पर प्रतिक्रिया नहीं देती है। लेकिन जब वे नेताओं पर निशाना साधती है तो उन्हें ऐसा कोई गुरेज नहीं होता। कंगना रणावत और अन्य विरोधियों नाना किस्म से मुख्यमंत्री महाराष्ट्र और शिवसेना पार्टी प्रमुख का सभी किस्म की मीडिया में बहुंत नीचे स्तर तक जाकर अपमान किया। जो देश के साथ प्रदेश के शिवसैनिकों को अपमान जनक लग रहा है। तब भी संयम का परिचय देते हुए छत्तीसगढ़ शिवसेना के द्वारा कोई भी बयान या प्रदर्शन अभी तक नहीं किया था। लेकिन पिछले दिनों बीजेपी प्रायोजित एक जाति वादी सेना के द्वारा रायपुर राजधानी में अपमान करने की कोशिश की गई। जिसकी जानकारी पहले से ही प्रशासन को दी जा चुकी थी।

# गांधी भवन में सृष्टि रचयिता विश्वकर्मा की पूजा बड़े धूमधाम से मनाई गई

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



देव शिल्पी विश्वकर्मा की जयंती हर साल 17 सितंबर को मनाई जाती है जिसमें आज नगर पालिका परिषद बेमेतरा के अधिकारी कर्मचारी काम बंद रखकर पूजा पाठ किया गया इस अवसर पर राज मिस्त्री मिस्त्री बढ़ाई लोहार काम बंद कर पूजन पाठ करने लगन के साथ अपनी सृष्टि रचयिता विश्वकर्मा के पूजन में लग जाते हैं इस दिन सभी निर्माण के कार्य में उपयोग होने वाले हथियारों और औजारों की पूजा की जाती है भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर उनकी विधि विधान से पूजा करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है ऐसी मान्यता है कि भगवान विश्वकर्मा प्रसन्न होते हैं तो व्यवसाय और निर्माण कार्य में दिन दुगनी रात चौगुनी तरक्की होती है भगवान विश्वकर्मा ने पूरी सृष्टि का निर्माण किया इन्हें सृष्टि का निर्माणकर्ता भी कहते हैं आज पंडित श्रीनिवास द्विवेदी अपने नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ गांधी भवन बेसिक स्कूल मैदान में सृष्टि रचयिता भगवान की विधि विधान से पूजा अर्चना हवन कर बेमेतरा नगर मैं फैले विश्वव्यापी करोना काल के उद्धार एवं रोकथाम के लिए विनती किया पंडित द्विवेदी ने बताया कि भगवान विश्वकर्मा ने पूरी सृष्टि का निर्माण किया विश्वकर्मा ने स्वर्ग लोक .सोने की लंका. और कृष्ण की नगरी का निर्माण देव शिल्पी विश्वकर्मा के ही हाथों हुआ था कुछ कथाओं के अनुसार भगवान विश्वकर्मा का जन्म देवता और राक्षसों के बीच हुए समुद्र मंथन से माना जाता है।

इस पूजन अर्चना में नगर पालिका के कर्मचारी यशवंत साहू वाहन चालक धनंजय साहू टोपी चंद चुन्नीलाल कुलेश्वर साहू जगत निर्मलकर असित मन्ना रमेश सिन्हा रवि देवांगन कमलेश वर्मा जीवन लालदास प्रेम साहू बिलवाराम फायर सेंटर भोइनाभाटा से राजेंद्र पांडे पुलिस विभाग अपने फायरमैन कर्मचारी लक्ष्मी ठाकुर डोमार वर्मा मोरध्वज बंजारे के साथ पूजा अर्चना में शामिल होकर भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद लिया।

## कोरोना जांच की ज्यादा सुविधा उपलब्ध कराये : संदीप वर्मा

# गरीबों के लिए भोजन की उचित व्यवस्था कर सरकार पूर्ण लॉकडाउन करें

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ उत्थान समिति के तत्वावधान में प्रदेश संयोजक युवा समाजसेवी संदीप वर्मा और संभाग प्रचार प्रमुख छात्रसंघ अध्यक्ष दुर्गा महाविद्यालय तरुण साहू पार्षद सतीश निषाद के नेतृत्व में मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ को तहसीलदार के माध्यम से ज्ञापन देकर मांग किया गया कि प्रदेश में वैश्विक महामारी कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुये गरीबों, वंचितों के लिए उचित भोजन राशन सामग्री की व्यवस्था कर राज्य सरकार पूर्ण लाकडॉउन कर अधिक से अधिक जांच शिविर सभी नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम व ग्रामपंचायत स्तर पर वार्ड वाइस जांच किया जाए। जिससे संक्रमण के बढ़ते प्रभाव को रोककर छत्तीसगढ़ प्रदेश को इस वैश्विक महामारी से बचाया जा सके छत्तीसगढ़ उत्थान समिति गांव गांव व शहर के प्रत्येक वार्डो में कोरोना से बचने के लिए जनजागरण चला रहा है।

साथ में प्रधानमंत्री को भी ज्ञापन देकर तहसीलदार के माध्यम से शत्रु देश चीन जो अपने विस्तारवादी नीति के कारण भारत से विवाद व पाकिस्तान लगातार सीज फायर उल्लंघन को लेकर के जो कठोर कार्यवाही भारतीय सेना और भारत सरकार कर रहा है उसके लिए भारतीय सेना व भारत सरकार प्रशंसा के पात्र है । भारतीय सेना जिंदाबाद व भारत माता की जय, और हारेगा वैश्विक महामारी कोरोना से जीतेगा भारत, के नारों के साथ मांग हुआ की अब कठोर कार्यवाही से ऊपर उठकर आरपार की लड़ाई करके स्थायी रूप से दोनों देशों को सबक सिखाया जाएं।

कार्यक्रम को युवा समाजसेवी संदीप वर्मा, नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी, लोकप्रिय पार्षद सतीश निषाद, रवि सेन, मनोज निषाद,संभाग संयोजक दुर्गेश साहू, संभाग अध्यक्ष युवा सरपंच टोहड़ा खूबदास वैष्णव, व तरुण साहू संभाग प्रचार प्रमुख ने संबोधित किया सभी ने मांगो को प्रबलता पूर्वक लागू करने को कहा गया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से उमेश साहू नगर अध्यक्ष, सर्वेश्वर तिवारी दीपक वर्मा, रवि विश्वकर्मा, अमित सिंह, सौरभ गोस्वामी, वरुण साहू,भवानी जायसवाल, मनीष सेन, मनीष शर्मा, सागर यादव, लेखराम साहू,उमेश साहू, अविनाश निर्मलकर, ललित साहू धर्म सेना, प्रियांश सोनी, शुभम पैकरा, लोकेश यदु, पुनित वर्मा, भोला, निखिल गोविंदनी, मोहित, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 8 सटोरियों के विरूध्द की कार्यवाही करते हुए, नगदी के साथ सट्टा पर्ची जब्त

**कोंडागांव।** कोंडागांव पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के आदेशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनंत राम साहू निर्देशानुसार अनुविभागीय पुलिस अधिकारी कोण्डागांव कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन में जिले में जुआ - सट्टा कार्यवाही हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी म में 17 सितम्बर को मुखबीर सूचना पर थाना सिटीकोतवाली पुलिस के द्वारा कोंडागांव शहर में दबिश देकर आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया। विमल विश्वास पिता कृष्णकांत विश्वास डीएनके कालोनी कोण्डागांव से जब्ती- 10 नग सट्टा पर्ची, नगदी रकम 750/-रु एक पुरानी इस्तमाली पेन, धुवा विश्वास पिता नोनी गोपाल विश्वास साकिन डीएनके कालोनी कोण्डागाद से जप्ती -08 नग सट्टा पर्ची, नगदी रकम 640/-रू, एक पुरानी इस्तमाली पेन, नानु देवांगन पिता तुलाराम देवांगन उम्र 32 वर्ष मरारपारा कोण्डागांव से जप्ती-06 नग सट्टा पर्ची, नगदी रकम 675/-रु, एक पुरानी इस्तमाली पेन, शैलेश यादव पिता गनपत यादव उम्र 38 वर्ष साकिन बाजारपारा कोण्डागांव से जब्ती-10 नग सट्टा पर्ची, नगदी रकम 1020/-रू, एक पुरानी इस्तमाली पेन, जी शंकर राव पिता स्व जी आनंद राव उम्र 45 वर्ष साकिन कनेरा रोड कोण्डागांव से जब्ती-14 नग सट्टा पर्ची, नगदी रकम 850/-रू, एक पुरानी इस्तमाली पेन, संजय दास मानिकपुरी पिता प्रेमदास मानिकपुरी उम्र 22 वर्ष निवासी नहरपारा कोण्डागांव से जप्ती 01 नग सट्टा पर्ची, नगदी रकम 430/-रू, एक पुरानी इस्तमाली पेन, योगेश साहू पिता स्व रामचेतन साहू उम्र 26 वर्ष निवासी विकास नगर कोण्डागांद से जप्ती-10 नग सट्टा पर्ची, नगदी रकम 560/-रु, एक पुरानी इस्तमाली पेन, विश्वजीत बाग पिता बीजप बाग उम्र 51वर्ष साकिन विकास नगर कोण्डागांव से जब्ती -08 नग सट्टा पर्ची, नगदी रकम 570/-रू, एक पुरानी इस्तेमाली पेन जप्त कर कुल 08 प्रकरण दर्ज कर जुमला रकम 5,495 रुपये जप्त किया गया है ।

संपादकीय

# टीवी चैनलों पर नियंत्रण, सर्वोच्च न्यायालय का हस्तक्षेप

**चौथे** स्तंभ को फलते-फूलते संस्थान की तरह समाज के सामने आईने की तरह होना चाहिए जिसमें उन अधिकारों व मुद्दों की पैरवी हो जिनको राजनीति अनदेखा करती है। लेकिन विडंबना है कि अब उस पर अन्य संस्थानों द्वारा नियंत्रण या नियमन की आवश्यकता है क्योंकि इसे लंबे समय से प्रशासन या प्रचार का औजार बनाया गया है। अब सर्वोच्च न्यायालय ने इसके द्वारा सामाजिक ढांचा नष्ट होने से रोकने के लिए हस्तक्षेप किया है। उसने एक चैनल को एक विवादास्पद कार्यक्रम प्रसारित करने से रोका है जिसमें भारतीय सिविल सेवाओं में 'मुसलमानों की घुसपैठ व जिहाद के षडयंत्र के खुलासे' का प्रयास किया गया था। अदालत ने कहा कि यह जांच के बहाने एक खास समुदाय की छवि खराब करने तथा वर्तमान राजनीतिक परिवेश के मुकाबले माहौल बनाने का प्रयास है। सुप्रीम कोर्ट ने यह प्रसारण रोका हे जो भारत में संविधान द्वारा परिकल्पित बहुलता को तोड़ता था। लेकिन भारत में आज सैकड़ों खबरिया चैनल हैं जिनमें से कुछ पूर्वाग्रही तथा राजनीतिक पार्टियों के स्वामित्व में अथवा उनके द्वारा वित्त-प्रायोजित हैं। अदालत ने टेलीविजन चैनलों पर होने वाली बहसों पर भी नियमन की जरूरत बताई है। उसने आपराधिक मामलों में समानान्तर जांच का उदाहरण दिया है जिससे तथ्यों के बजाय राष्ट्रीय स्तर पर भावनाओं का ज्वार पैदा किया जाता है। सरकार ने चैनल पर फैसले के एक दिन बाद सर्वोच्च न्यायालय में पेश शपथपत्र में कहा है कि यदि वह मीडिया का नियमन करना चाहता है तो पहले यह काम एलेक्ट्रानिक मीडिया के बजाय डिजिटल मीडिया के साथ किया जाना चाहिए क्योंकि सामाजिक मंचों की तेज व व्यापक पहुंच है। पिछले दो साल में भारत में हिंसा के ऐसे 50 से अधिक मामले सामने आए हैं जिनमें सोशल मीडिया का प्रयोग हुआ था। इनमें फेसबुक, यू ट्यूब व ट्विटर शामिल हैं। फेसबुक व उसके नेटवर्कों का प्रयोग हर माह 2.3 बिलियन प्रयोगकर्ता करते हैं। भारत में वाट्सएप सर्वाधिक लोकप्रिय है जिसके 1.5 बिलियन वैश्विक प्रयोगकर्ताओं में से 400 मिलियन भारतीय हैं तथा यह सूचना प्रसार का बड़ा साधन बन गया है। अदालत ने पांच नागरिकों की एक समिति गठित करने का सुझाव दिया है जो एलेक्ट्रानिक मीडिया के बारे में मानकों का निर्धारण कर सकते हैं। लेकिन वर्तमान ढांचों का क्या होगा जो लगभग निष्प्रभावी हो चुके हैं। हालांकि, कोई विधिक नियामक व्यवस्था नहीं है, पर न्यूज़ ब्राडकास्टर्स असोसियेशन-एनबीए, ब्राडकास्ट एडिटर्स असोसियेशन व न्यूज़ ब्राडकास्टर्स फेडरेशन जैसी स्व-नियामक संस्थायें हैं। लेकिन वे अवसर के अनुकूल उठ खड़े होने तथा पेशेवर माहौल सुनिश्चित करने में विफल रही हैं। इसके साथ ही अनेक अधिकारियों के होने की अपनी राजनीति और लाबींग है। एनबीए प्रसारण शिकायतों को गंभीरता से लेता है तथा उसकी एक आचार संहिता है, पर यह अनिवार्य होने के बजाय केवल दिशानिर्देशों के रूप में है और किसी के खिलाफ कठोर दंड देने जैसी कार्रवाई नहीं करती है। आमतौर से गलती करने वालों को माफ कर दिया जाता है या उनकी थोड़ी आलोचना हो जाती है। इसके साथ ही एनबीए के सदस्य स्वयं चैनलों से होते हैं और उनके हाथ एक सीमा तक पत्रकारिता के वर्तमान बिजनेस माडल से बंधे होते हैं। इस बिजनेस माडल का संबंध कवरेज तथा राजस्व व फंडिंग से है। जब तक विश्वसनीय, निष्पक्ष या प्रभावी संहिता नहीं होती है या जब तक एक विधिक शक्तियों वाली नियामक संस्था नहीं बनती है, तब तक हितों का टकराव होता रहेगा। निश्चित रूप से यदि प्रसारण मीडिया पर बेहतर नियमन लागू हो तो वह सनसनीखेज के बजाय संवेदनशील पत्रकारिता का माध्यम बनेगा। संविधान ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दी है, पर उसके साथ जिम्मेदारियां भी हैं। लोकतंत्र में मीडिया भी अन्य संस्थानों की तरह नागरिकों के प्रति समान रूप से जवाबदेह है। उसे संस्थागत निष्ठा बनाए रखने के लिए अपने में लगातार सुधार करना होगा।

# गरीब बच्चों का भविष्य

## हमें बच्चों को भविष्य के लिए तैयार करना होगा। इनमें समाज के हाशिए पर पड़े बच्चों के साथ ही समुचित सेवाओं तथा आर्थिक व सामाजिक हस्तक्षेपों की पहचान शामिल है।



**सुमित्रा मिश्रा**
(लेखिका सचल क्रेशों की कार्यकारी निदेशक हैं)



**मार्च** में पूरी भारत में कोरोना के कारण लाकडाउन के बाद भीड़ भरे ट्रकों में अपने थके माता-पिता के कंधों पर नंगे, भूखे, रोते व सोते बच्चों व शिशुओं की तस्वीरें रोज सामने आती थीं। प्रवासी श्रमिकों और उनके परिवारों के सड़कों पर आने के बाद हमारी सामाजिक व्यवस्था की विसंगतियां सामने आई थीं, जबकि बाकी लोग घर से काम कर रहे थे। यह 'स्वतंत्रता की ओर लंबा मार्च' होने के बजाय अपने घरों की ओर वापसी थी। यह विपरीत पलायन आजीविका समाप्त होने तथा लगातार बढ़ते संघर्षों को अभिव्यक्त करता था। कुछ लोगों के लिए यह मौत का रास्ता बन गया। अपने जीवन पर कोरोनावायरस तथा उसके अनेक प्रभावों से संघर्ष करते हुए यह महत्वपूर्ण है कि हम समाज की विभाजक रेखाओं पर नजर बनाए रखें। इसने खासकर असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को प्रभावित किया है जिनको उपयुक्त सामाजिक सुरक्षा व समर्थन नहीं प्राप्त था तथा उनके लिए अपने बच्चों की देखभाल एक कठिन काम था।

लाकडाउन के कारण कुपोषण से निपटने वाले अनेक कार्यक्रम प्रभावित हुए या बंद हो गए। 2015-16 के राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 के अनुसार भारत में पांच वर्ष से कम आयु वाले 21 प्रतिशत बच्चे कुपोषित थे तथा छः से 23 महीनों की आयु वाले 91.4 प्रतिशत बच्चों को उपयुक्त भोजन नहीं मिलता था। पांच वर्ष से कम आयु के हर तीसरे, यानी 38 प्रतिशत बच्चों की बढ़वार प्रभावित थी, हर पांचवें या 21 प्रतिशत बच्चे बहुत कमजोर थे तथा 36 प्रतिशत का वजन कम था। लाकडाउन के कारण सामाजिक-आर्थिक प्रभाव और गंभीर हुए क्योंकि आंगनबाड़ी केन्द्र बंद हो गए तथा कुपोषण से निपटने के लिए भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने वाले स्रोत बहुत घट गए।

स्टेट आफ यंग चाइल्ड इन इंडिया-एसओवाईसी रिपोर्ट से गरीबी, जेंडर भेदभाव, जाति व वर्ग के भेद, हिंसा, छोटे बच्चों को उपलब्ध सेवाओं तक पहुंच तथा बच्चों की देखभाल करने वालों में पेशेवर व्यवहार की कमी जैसी समस्यायें सामने आई हैं। इस रिपोर्ट को हाल ही मे शुरुआती बाल विकास-ईसीडी क्षेत्र में कार्यरत संगठन मोबाइल क्रीचेज़ ने जारी किया है। इसमें 6 वर्ष से कम आयु वाले भारत के बच्चों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां हैं जो देश की जनसंख्या का 13 प्रतिशत हैं।

इसके साथ ही उनकी जरूरतें संबोधित करने वाले विधाई ढांचे का आलोचनात्मक परीक्षण भी किया गया है। रिपोर्ट में इस आयुवर्ग के वंचित श्रेणी वाले बच्चों पर जोर देते हुए प्रत्येक श्रेणी के लिए विशेष हस्तक्षेपों का सुझाव दिया गया है। इससे निकलने वाले परिणामों में केरल व गोवा में सबसे अच्छे प्रदर्शन के सर्वोत्तम व्यवहारों के साथ ही झारखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार व मध्य प्रदेश जैसे राज्यों का विवरण भी है जहां प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा है। इसकी संस्तुतियों को महामारी-पश्चात दुनिया पर लागू किया जा सकता है जहां हाशियाकरण व अनदेखी से निपटने के लिए समुचित नीतिगत हस्तक्षेप जरूरी होंगे।

बच्चों की देखभाल करने वाली दुनिया की सबसे बड़ी योजना-समन्वित बाल विकास सेवा योजना-आईसीडीएस के पुनः निर्धारण की आवश्यकता है क्योंकि इसमें डिजाइन व क्षमता संबंधी कमियां हैं, यह बच्चों की देखभाल व शुरुआती शिक्षा पर ध्यान नहीं देती है तथा हाशियाकृत बच्चों को समान व प्रभावी सेवायें दिलाने के लक्ष्य से बहुत दूर है। अक्सर सबसे छोटे बच्चों पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता और वे सर्वाधिक संकटग्रस्त होते हैं। अतः ऐसे विकास अवसरों की तलाश जरूरी है जो जीवन की स्वस्थ नीव डाल सकें। ईसीडी में निवेश से न केवल व्यक्तिगत क्षमता व आर्थिक प्रगति सुनिश्चित होगी, बल्कि इससे महिला सशक्तीकरण का रास्ता भी खुलता है। इसमें महिलाओं के साथ बच्चों के अधिकारों को देखते हुए राज्य हस्तक्षेप व अधिक बजटीय आबंटन की आवश्यकता बताई गई है।

एसओवाईसी रिपोर्ट में देखभाल करने वालों की भूमिका के साथ ही जेंडर पूर्वाग्रहों पर ध्यान दिया गया है जिसके कारण माताओं पर अनावश्यक बोझ पड़ता है। खासकर असंगठित क्षेत्र में महिलाओं को तिगुना बोझ उठाना पड़ता है। उनको बच्चों की देखभाल के साथ घर के बाहर काम करना होता है, बाजार तक उनकी पहुंच समान नहीं होती है, काम के घंटे अधिक होते हैं, कार्यस्थितियां खराब होती हैं व मजदूरी कम मिलती है। इसके साथ ही उनको घर पर काम करना पड़ता है। मैटर्निटी या चाइल्डकेयर लाभ से वंचित इन महिलाओं के छोटे बच्चे इन अस्वास्थ्यकर स्थितियों में पड़े रहते हैं। इससे छोटे बच्चों की देखभाल और कठिन हो जाती है। इसलिए परिवारों द्वारा बच्चों की समुचित देखभाल के क्षेत्र में राज्य का हस्तक्षेप जरूरी है। अनौपचारिक क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं के बच्चों की देखभाल के लिए सरकार-प्रायोजित नेशनल क्रीच योजना है। लेकिन इनकी संख्या में कमी आई है। 2019 में देश में केवल 7,930 क्रीच काम कर रहे थे जिसका अर्थ 21,000 बच्चों के लिए एक क्रीच है। इस योजना को मजबूत करने के लिए उपयुक्त बजट जरूरी है। इसके साथ ही आंगनबाड़ियों को चरणबद्ध रूप से बदल कर आंगनबाड़ी-क्रीच में बदला जा सकता है।

महामारी के कारण हुए लाकडाउन में आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ताओं को कोरोना के खिलाफ लड़ाई की पहली पंक्ति में शामिल किया गया। लेकिन एसओवाईसी रिपोर्ट के अनुसार उनको पेशेवर कार्यकर्ता के बजाय पार्टटाइम कार्यकर्ता के रूप में प्रयोग करते हुए अधिकांश राज्यों में न्यूनतम मजदूरी से भी बहुत कम पैसा दिया गया। बच्चों की देखभाल में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए उनको पेशेवर बनाने तथा जिम्मेदारियों के अनुकूल भुगतान की आवश्यकता है। इसका अर्थ है कि इन कार्यकर्ताओं को समुचित प्रशिक्षण दिया जाए तथा अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन-ईसीसीई आयाम को मजबूत किया जाए जो आईसीडीएस का कमजोर हिस्सा बना हुआ है।

तीन से 6 वर्ष आयुवर्ग के सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण ईसीसीई प्राप्त करने का अधिकार है, चाहे वे आंगनबाड़ी केन्द्रों में हों अथवा सरकार के पूर्व-प्राथमिक केन्द्रों में, निजी स्कूलों में या अन्य स्कूल-पूर्व केन्द्रों में। देश के लिए ईसीडी को प्राथमिकता देने का अर्थ टिकाऊ विकास लक्ष्य तथा बाल अधिकारों के प्रति अपनी अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धता पूरी करने में सहायक हो सकता है। हालांकि, बच्चों की बेहतरी के अनेक आयामों के बारे में डेटा की कमी है जिससे अनेक प्रक्रियाओं का निर्धारण व कुछ क्षेत्रों के बारे में गहरी जानकारी नहीं प्राप्त हो पाती है। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर डेटा के अभाव में बजट का विश्लेषण व राज्यों को आबंटन भी अनुपयुक्त आबंटन, उसके कम उपयोग तथा बच्चों की देखभाल में प्रबंधन क्षमता की कमी जैसे मामले भी सामने आते हैं। देश में 2018-19 में हर बच्चे पर खर्च बहुत कम, केवल 1,723 करोड़ रुपये था। इसे बढ़ा कर प्रति वर्ष 1.25 ट्रिलियन रुपये किया जाना चाहिए ताकि योजना की कमी दूर कर समग्र हस्तक्षेप सुनिश्चित हो सके। इस दृष्टिकोण से होने वाला लाभ बजटीय आबंटन को किसी अन्य कल्याण कार्यक्रम के मुकाबले बेहतर सिद्ध करेगा। कोरोनावायरस ने हमारे जीवन के प्रति सोच, हमारे कामकाज और सहायक व्यवस्थाओं को पूरी तरह बदल दिया है। इसने हमें अनेक त्रासद सबक सिखाए हैं। समय आ गया है कि हम विभिन्न संकटग्रस्त समूहों की वंचनाओं, अनदेखी व पृथक्करण पर गौर कर उनको समान पहुंच देने पर ध्यान दें। इसमें बच्चों के लिए आवश्यक सेवायें शामिल हैं। हमें हाशियाकृत समाज के बच्चों की पहचान, सेवाओं, तथा सामाजिक व आर्थिक हस्तक्षेपों पर ध्यान देना चाहिए ताकि उनको भविष्य के लिए सक्षम बनाया जा सके।

# तकनीक पर आधारित भविष्य की बौद्धिकता

> "वर्ष 2020 की घटनाओं ने मानव सभ्यता की दौड़ को तेज गति दी है और वह अपने मस्तिष्क की बौद्धिकता के विकल्प तलाश रही है।"

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



**हम** में से बहुत से लोग अब वीडियो-कान्फ्रेंसिंग विशेषज्ञ हो गए हैं और हर नई काल पर नई वर्चुल पृष्ठभूमि का प्रयोग करते हैं, आनलाइन किराने का सामान खरीदते हैं तथा फोन व कंप्यूटर स्क्रीन पर नवीनतम खबरों की अपडेट पर नजर रखते हैं। ऐसे में क्या क्या निकट भविष्य जैसे 2021 का अनुमान लगाना गलत होगा? हालांकि अभी 2020 को 'गैप इयर' कहना बहुत जल्दबाजी होगा क्योंकि हमारे सामने रोज चौंकाने वाली नई विचित्र किस्म की आश्चर्यजनक घटनायें सामने आती हैं। लेकिन अगले साल की संभावित प्रवृत्तियों पर नजर डालना गलत नहीं होगा। पहला, इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अगले वर्ष तकनीक का हमारे जीवन, काम, व्यायाम, भोजन या खरीद पर असाधारण प्रभाव पड़ेगा। यदि महामारी ने हमे अनिश्चितताओं के समुद्र में फेंक दिया है तो हमें अपने चारों ओर सावधानी से देखने पर डेटा का समुद्र भी दिखाई देगा। इसमें तेजी से तैरने में सक्षम लोगों को जल्दी ही एक तख्ता मिल जाएगा जिससे वे किसी खास चीज तक पहुंच कर अवसरों के समुद्र की संभावनायें समझेंगे। हालांकि, यह काम पहले ही शुरू हो गया था, पर नई तकनीक में इसे कृत्रिम बुद्धि-एआई का नाम दिया गया है। यह वर्तमान समय में डिजिटल दुनिया की अधिकांश चीजों पर कब्जा कर लेगी।

एल्गोरिद्म का प्रयोग महामारियों का जल्दी पता लगाने तथा यहां तक कि शहर में यातायात पैटर्न का पता लगाने के लिए किया जाएगा। इसके साथ ही खराब मौसम की जल्दी भविष्यवाणी हो सकेगी, स्वास्थ्यरक्षा तथा सर्वाधिक संकटग्रस्त लोगों की रक्षा पर ध्यान दिया जा सकेगा। लेकिन जल्द ही बाकी सभी चीजों की तरह यह जीवन के सभी निर्णयों का आधार बन जाएगी। मैं अगले साल की संभावनाओं पर गौर करने के बजाय यह कहना चाहता हूं कि 2020 की घटनाओं ने मानव सभ्यता की दौड़ बहुत तेज कर दी है जहां हम अपने बौद्धिक मस्तिष्क का विकल्प तलाश करेंगे। दुनिया पहले ही ऐसे अनेक उदाहरणों से भरी है कि एआई के पहले से उपलब्ध वेब के विभिन्न क्षेत्रों में अनेक प्रयोग होंगे। संक्षेप में हम नए नकनीकी युग के प्रवेश द्वार पर खड़े हैं जहां संवेदनशील व इनआर्गेनिक बुद्धि अनन्त तक छा जाएगी। ऐसे में कोई कार्ड बंद करना एआई व्यवस्था बंद करने के लिए काफी नहीं होगा क्योंकि हजारों मशीनें अनेक स्रोतों के डेटा प्वाइंटों से हमारे खरीदने के व्यवहार की जांच कर रही होंगी। वे निश्चित रूप से मानव जीवन पर गहरा प्रभाव डालेंगी।

इसके बाद डेटा तक पहुंच की असाधारण गति और अधिक उन्नत तकनीक पर आधारित 5जी सुविधा के साथ आएगी। दुनिया पहले ही अद्यतन 5जी या पांचवीं पीढ़ी की मोबाइल तकनीक की दिशा में आगे बढ़ रही है जहां भौगोलिक दूरियों और राष्ट्रीय सीमाओं का उसी प्रकार कोई महत्व नहीं रह जाएगा। यदि महामारी न आती तो ऐसा हो चुका होता। भारत निश्चित रूप से 5जी तकनीक की दौड़ में एक साल खो चुका है। लेकिन इस विलम्ब के कारण शायद प्रोटोकाल और नेटवर्क साझीदारी समाधान पहले की तुलना में ज्यादा सुरक्षित हो जाएं।

वास्तव में 5जी तकनीक का पहला प्रयोग शहरी क्षेत्रों में होगा जहां से काफी मात्रा में राजस्व प्राप्त हो सकता है। इसके कारण वर्तमान स्ट्रीमिंग की तुलना में डाउनलोडिंग पांच गुना तेज हो जाएगी तथा सोशल मीडिया वीडियो, पसंदीदा फिल्में व क्रिकेट मैच ज्यादा आनन्ददायक हो जाएंगे। शहर की कुछ आर्टीरियल सीवर लाइनों में 5जी चिप लगाने के बाद शहर की ड्रेनेज व्यवस्था के रखरखाव में मानव श्रम की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। यदि आने वाले डेटा का स्मार्ट मशीनें एआई के कारण फौरन विश्लेषण करेंगी तो मशीन वर्म के प्रयोग से चोक सीवर की सफाई हो सकेगी, लीकेज दूर हो सकेगी या जहरीली गैस का रिसाव रोका जा सकेगा। इसका अर्थ हर साल हजारों अमूल्य जीवनों की सुरक्षा होगा।

इसके साथ ही घर अल्ट्रा स्मार्ट हो जाएंगे जिनके लिए बड़ी टेक् कंपनियां प्रोटोकाल तैयार करने में काफी आगे बढ़ चुकी हैं। ऐसे में गैस का बर्नर मेन्यू तय कर सकेगा तथा सप्ताहान्त के लिए समुचित भंडारण के अभाव में भी आपका बार कुछ पसंदीदा वाइन पेश कर सकेगा। सुदूर व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए रोबोटिक सर्जरी पहले ही भारत के बाहर सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। ऐसे में चांदनी चौक में स्वचालित कार ज्यादा दूर की बात नहीं है।

अब सर्वव्यापक तकनीक का हमारे बदलते कार्बन यथार्थ के साथ सह-अस्तित्व स्थापित हो गया है। इससे मानवता के सामने संकट घटा है। ये संकट ज्यादातर अब साइबर क्षेत्र में होंगे और 2021 में अब तक डिजिटल क्रांति की तुलना में हर प्रकार के ज्यादा साइबर सुरक्षा हमले देखने को मिल सकते हैं। इन साइबर सुरक्षा हमलों में सिम क्लोनिंग, फिशिंग हमले, बैंक पासवर्ड व ओटीपी की चोरी आदि पहले से ही उपभोक्ताओं को परेशान कर रहे हैं तथा कानून व्यवस्था मशीनरी के लिए चुनौती बन गए हैं। यह डिजिटल संकट वर्क फ्राम होम के समय और गंभीर हो गया है। तकनीकी शक्तियों के बढ़ने से मानव जीवन और जटिल होता जाएगा तथा नए प्रोटोकाल व सहायक विकसित होंगे।

आपको लगभग सभी महत्वपूर्ण सार्वजनिक मंचों में साइबर सुरक्षा को ज्यादा मजबूत करना पड़ेगा तथा मंत्रियों के बीच संवाद का तरीका इतना बदल जाएगा जिसकी पहले कल्पना भी असंभव थी। इसके साथ ही उभरते खतरों का सामना करने के लिए बहुआयामी समाधान भी सामने आएंगे जिससे राज्य-विरोधी शक्तियों को उपभरती तकनीक के दुरुपयोग से रोका जा सकेगा। भविष्य में नीति, भाषा और व्याकरण के नए क्षेत्र विकसित होंगे जिनके बारे में अलग से विचार की आवश्यकता है।

## फरमाया



**तीन** वैक्सीन अभ्यर्थी भिन्न चरणों में हैं। हमें उम्मीद है कि अगले वर्ष के प्रारम्भ में एक वैक्सीन भारत में उपलब्ध हो जाएगी।

– **डॉ हर्षवर्धन**
केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री



**इस** चुनाव को सबसे बड़ा खतरा लाखों मतों पर नियंत्रण रखने वाले विपक्षी दलों के गर्वनरों से है। मेरे लिए यह विदेशों से बड़ा खतरा है।

– **डोनाल्ड ट्रंप**
अमेरिकी राष्ट्रपति



**मैंनें** इस किसान विरोधी अध्यादेश के विरोध में कैबिनेट मंत्री पद से इस्तीफा दिया है। हम किशनों के साथ खड़े हैं और उनके लिए कुछ भी करेंगे।

– **हरसिमरत कौर बादल**
पूर्व केंद्रीय मंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## डिजिटल शिक्षा की कमियां

**अभी** कोरोनावायरस महामारी के काल में हमने देखा कि ऑनलाइन शिक्षा, वर्चुअल शिक्षा, डिजिटल शिक्षा का बहुत वर्चस्व रहा। लगभग 70 प्रतिशत बच्चों ने ऑनलाइन क्लासेज के माध्यम से पढ़ाई करी है। ऑनलाइन क्लासों में हमने देखा कि टीचरों और बच्चों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा जैसे कि दोषपूर्ण इंटरनेट कनेक्टिविटी व अन्य तमाम समस्याएं। ज्यादातर पर्वतीय क्षेत्रों में यह दिक्कतें बहुत ज्यादा रही। अध्यापक भी इस बीच में बहुत मेहनत कर रहे हैं परंतु बच्चे उनका पूरा लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। इंटरनेट की पर्याप्त गति के अभाव में ऑनलाइन शिक्षा का उद्देश्य विफल हुए जा रहा है। इस दिशा में हम केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के छात्रों द्वारा प्रदर्शन देखी सकते हैं। इसका कारण यह है कि उचित इंटरनेट कनेक्शन ना हो पाने के कारण बच्चे पूरी मेहनत से पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। इन सभी चिंताओं के बीच हमें अब आगे की राह देखनी होगी। हालांकि इसके लिए सरकार ने बहुत प्रयास किए हैं जैसे राष्ट्रीय ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क जिसका उद्देश्य देश के सभी पंचायतों में इंटरनेट कनेक्टिविटी पहुंचाना है जिससे कि दुर्गम इलाकों में रह रहे बच्चों को डिजिटल सुविधाएं मिलें।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

## चीनी जासूसी से सावधान

**विश्व** कोरोना से जंग लड़ रहा है। हर तरफ हाहाकार मचा हुआ है। लोग एक के बाद एक मौत के मुंह में समा रहे हैं। चीन से उपजा कोरोना वायरस तो देश के लिए शार्प बनकर आया है पर अब भी चीन अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। उल्लेखनीय है कि, पूर्वी लद्दाख में जारी तनाव के बीच अब खुलासा हुआ है कि, चीन अपनी एक कंपनी के जरिए भारत के करीब दस हजार से ज्यादा हस्तियों और संगठनों की जासूसी कर रहा है। और इतना ही नहीं, वह दुनियाभर अमेरिका, ब्रिटेन समेत दुनियाभर के 24 लाख लोगों की जासूसी कर रहा था। वैसे अंग्रेजी अखबार इंडियन एक्सप्रेस ने हालही में खुलासा किया है कि, चीन की जासूसी लिस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति कोविंद, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, सीजेआई बोबडे जैसी हस्तियां शामिल हैं। अखबार ने अपने खुलासे की दूसरी कड़ी में भारतीय अर्थव्यवस्था के भीतर चीन के गहरे जमे जासूसी त्रंत्र के बारे में बताया है। ड्रैगन भारतीय अर्थव्यवस्था की किस कदर जासूसी कर रहा है, इसका अंदाजा इसी से लग सकता हैं कि उसकी निगरानी लिस्ट में इंडियन रेलवे में इंटर्नशिप कर रहे इंजीनियरिंग स्टूडेंट से लेकर अजीम प्रेमजी की वेंचर कंपनी के चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर तक शामिल हैं।

– **निधि जैन**, लोनी, गाज़ियाबाद

## फिल्मी दुनिया का सच

**सुशांत** सिंह राजपूत की हत्या हुई या उसने आत्महत्या की इस यक्ष प्रश्न से शुरू हुई बहस में सिनेमा जगत के साथ-साथ, सोशल मीडिया, टीवी चैनल, नेता, सरकारें, सरकारी महकमे, जांच एजेंसियों, सब कूद पड़े और ये बहस संसद तक पहुंच गई। कहते हैं किसी भी चीज़ की अति अच्छी नहीं होती अब जब इतने सारे लोगों एक ही मामले में कूदेंगे तो दलदल और कीचड़ तो बनेगी ही। अब इस कीचड़ को एक दूसरे पर उछालने का खेल शुरू हो गया है। सभ्य और संभ्रांत दिखने वाले लोग गरिमा और मर्यादा की लक्ष्मण रेखा पार कर चुके हैं और सब ज़िद पकड़े बैठे हैं की मैं ही सही और सच्चा हूँ। यूं तो ग्लैमर और सत्ता का गठबंधन बहुत पुराना है पर एक दूसरे को नीचे दिखाने का वर्तमान दौर अभूतवपूर्व है। फिल्म उद्योग ही नहीं हर क्षेत्र में अच्छे बुरे हर तरह के लोग होते हैं। बुरे लोगों को बेनकाब करने के लिए हमें ना तो बुरा बनना है ना अच्छे लोंगो को परेशान करना है बल्कि ये काम तो एक शल्य चिकित्सक की तरह करना चाहिए जो शरीर से खराब अंग, अच्छे अंगों को नुकसान पहुंचाए बिना निकलाता है।

– **बृजेश माथुर**, गाजियाबाद

# संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अनिशिचकालीन हड़ताल पर, गड़बड़ा सकती है स्वास्थ्य सेवा




पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी शनिवार से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए है। संविदा कर्मचारियों की अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जाने से स्वास्थ्य व्यवस्था गड़बड़ा सकती हैं।

एनएचएम कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रा चंद्राकर ने कहा कि कोरोना संक्रमण काल में एनएचएम कर्मचारियों ने काफी हद तक जिम्मा संभाल रखा है। इनके हड़ताल पर चले जाने से स्वास्थ्य व्यवस्था गड़बड़ा सकती है। जिले के आला अधिकारी कर्मचारियों से संवाद करने में लगे हुए हैं। जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होती वे हड़ताल पर डटे रहेंगे। सरिता देवांगन ने कहा कि राज्य में समस्त अनियमित कर्मचारियों के लिए सरकार द्वारा ठोस कदम उठाने की सख्त आवश्यकता है। जिससे हम सभी अनियमित कर्मचारी बेहतर जीवन की प्राप्ति कर सकें और सुरक्षित भविष्य पा सकें। उन्होंने कहा कि सरकार को अपने किए गए वादे के प्रति प्रतिबद्धता दिखानी चाहिए और अपने वादे पर खरा उतरना चाहिए। यदि ऐसा नहीं होता है तो छत्तीसगढ़ अनियमित कर्मचारी महासंघ सहित अन्य कर्मचारी संघों को अपनी मांगों को पूरा करवाने के लिए, संविधान प्रदत्त अधिकारों का उपयोग कर, हड़ताल पर जाने का पूरा अधिकार है। उल्लेखनीय हो कि कांग्रेस सरकार ने अपने चुनावी जनघोषणा पत्र में प्रदेश के सभी अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने का वादा किया था। वहीं वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री और तब के चुनावी जनघोषणा पत्र प्रभारी टीएस सिंहदेव द्वारा सरकार बनने के 10 दिन के भीतर नियमित करने का वादा किया था। कांग्रेस ने सरकार तो बना ली लेकिन अपने वादे से मुकर गई और सरकार बनने के लगभग 2 साल बाद भी नियमितीकरण की कोई प्रक्रिया तक शुरू नहीं की हैं। जिससे अनियमित कर्मचारियों में इसे लेकर रोष व्याप्त है। जिसकी परिणति प्रदेश को कोरोना संकट के समय संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों के हडताल पर जाने से चुकानी पड़ सकती है।

### जिले में 252 अधिकारी कर्मचारी कार्यरत

जिले में कुल 252 अधिकारी-कर्मचारी कार्यरत हैं। इन सभी का कहना है कि नियमितीकरण सरकार द्वारा करना चाहिए जो कि जन घोषणापत्र में सरकार ने वादा किया था। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र द्वारा एनएचएम कर्मचारियों का पे स्केल बढ़ाने के लिए कह दिया गया है। पर राज्य में यह बात अटकी हुई है। नियमित कर्मचारियों का 50 लाख का बीमा है और हमारे लिए कोई सुरक्षा का प्रावधान नहीं है। हमें सम्मानजनक वेतन दिया जाना चाहिए। कोरोना संकट दिन पर दिन खतरनाक स्तर पर पहुँच रहा है। प्रदेश में सबसे तेजी से बढ़ते कोरोना संक्रमितों के लिहाज से देश के पहले नौ राज्यों में पहुँच चूका है। ऐसे में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल स्थिति को बदतर कर सकती है। सरकार को समय रहते चेतने और कर्मचारियों की जायज मांगों को पूरा करने पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके साथ साथ जन घोषणा पत्र में कर्मचारियों की छटनी नहीं करने की बात भी लिखी गई है। उसके बाद भी लगातार कर्मचारियों की छटनी जारी है। अभी हाल ही में महिला एवं बाल विकास विभाग से पोषण अभियान अंतर्गत जिला समन्वयक और विकासखंड समन्वयक के पद पर पदस्थ 64 अनियमित कर्मचारियों को सेवा से पृथक कर दिया गया है। जबकि इन कर्मचारियों के सहयोग से पोषण अभियान अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य को देश भर में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। ऐसे कर्मचारियों की छटनी करना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस अवसर पर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी बड़ी संख्या में सोशल डिस्टेंसिग का पालन करते हुए शामिल हुए।

# सेल–बीएसपी के निःशुल्क आवासीय शिक्षा के लिए 24 तक आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

इस्पात संयंत्र द्वारा होनहार योजना के तहत प्रति वर्ष आदर्श इस्पात ग्राम के होनहार छात्रों को, जो कक्षा-10वीं उत्तीर्ण किये हों, उनमें से मेरिट के आधार पर चुने हुए छात्रों के लिए कक्षा-11वीं एवं 12वीं में निःशुल्क आवासीय शिक्षा, भोजन, पुस्तक व कोचिंग आदि प्रदान की जाती है। इसी तारतम्य में वर्ष 2019-20 में कक्षा-10वीं के उत्तीर्ण छात्रों के लिए भी चयन प्रक्रिया वर्ष 2020-21 के लिए प्रारंभ किया जा रहा है। इस चयन प्रक्रिया हेतु आदर्श इस्पात ग्राम के 10वीं उत्तीर्ण छात्रों से 24 सितम्बर, 2020 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

तत्संबंध में आवेदन करने हेतु अनिवार्य योग्यता 1) सामान्य व पिछड़े वर्ग के लिये न्यूनतम 75 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति/अनुसुचित जनजाति हेतु न्यूनतम 70 प्रतिशत अंक होना आवश्यक है। 2) आदर्श इस्पात ग्राम का मूल निवासी हो अथवा आदर्श ग्राम से 10वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

विदित हो कि आवेदक छात्र से सादे कागज पर शाला प्राचार्य अथवा ग्राम सरपंच द्वारा हस्ताक्षरयुक्त आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं, जिसमें 1) छात्र का नाम, 2) 10वीं के कुल प्राप्त अंक तथा प्रतिशत, 3) वर्ग, 4) पालक का नाम, 5) मोबाइल नम्बर, 6) पालक का हस्ताक्षर, 7) शाला प्राचार्य/ग्राम सरपंच के हस्ताक्षर एवं 8) शाला, ग्राम का नाम शामिल हो।

उपरोक्त संबंध में विस्तृत जानकारी के लिये संयंत्र के सहायक महाप्रबंधक (सीएसआर) सुनील चौरसिया, मोबाइल नम्बर-9407983189 में संपर्क किया जा सकता है। आवेदक छात्र, कुल स्थान 10 के लिये आवेदन 24 सितम्बर, 2020 तक पता-कार्यालय महाप्रबंधक (सीएसआर), बीएसपी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (पुराना) सेक्टर-5, भिलाई में सीधे जमा कर सकते हैं अथवा डाक द्वारा भी भेज सकते हैं।

# विभागीय अधिकारियों के संरक्षण में वनों को चट कर रहे हैं राजस्थानी ऊंट, भेड़ ,बकरी

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कबीरधाम वनमण्डल के बोड़ला, पंडरिया और सहसपुर लोहारा विकासखंड के वन परिक्षेत्र में इन दिनों बड़ी संख्या में राजस्थानी, गुजराती, भेड़ ,बकरी, ऊंट देखे जा सकते है। पहाड़ व वनों की ऊंचाई अधिक होने के कारण यह ऊंट बड़े पेड़ों की हरियाली चट कर रहे है। और भड़ बकरी वृक्षारोपण व छोटे पेड़ों की हरियाली। इन ऊंटों और भेड़ों का झुंड जहां से निकला जाता है वहां पेड़ों में ठूंठ और जमीन पर बिना पत्तों की डंगाल नजर आती है। बावजूद इसके बावजूद इसके वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी इसे रोकने में के लिए कोई सार्थक कदम नहीं उठा रहे है। जंगलों में वनस्पतियां बड़ी तेजी से नष्ट होती जा रही है। जिस स्थान से इन ऊंटों और भेड़ों का झुंड गुजरता है वहां हरियाली दिखाई नहीं देती है। बीते कुछ सालों से राजस्थान और गुजराज से आने वाले ऊंट और भेड़ वालों यहां जमे हुए है। बोड़ला, लोहारा, पंडरिया, कोदवागोडान, घानी खुटा, बन्दौरा, बोककरखार, तरेगॉव,देवसरा अंचलों में भेड़ वालों के चलते वनों और वनस्पतियों को काफी नुकसान हो रहा है। वनवासी अंचलों में जहां तहां उनके डेरे दिखाई देने लगे है। एक-एक डेरे में हजारों की संख्या में भेड़ें व बकरिया रहती है। वनवासियों के अनुसार जिन स्थानों पर इनके डेरे ठहरते हैं और भड़ें व बकरियां बैठती है वहां घास तक नहीं जमती। दूसरी ओर भेड़ों को खिलाने के लिए उनके चरवाहे जंगल के झाड़ों को काट देते हैं इससे जंगलों में कर्रा, धवड़ा, साजा व अन्य पेड़ जैसे झाड़ों के ठूंठ दिखाई देने लगे हैं। वनवासी अंचलों से कई महत्वपूर्ण वनस्पतियां इन भड़ों व ऊंटों के कारण विलुप्त होने के कगार पर है। कुछ साल पहले चरौहा नामक झाड़ियों की भरमार रहती थी जो अब समाप्ति की ओर है।

### मुख्यालय में नहीं रहते अधिकारी

वन विभाग के रेंजरं डिप्टी रेंजर व वनरक्षक मुख्यालय में निवास नहीं करते जिसके चलते अंचल के लोगों को कभी भी इन अधिकारियों की सक्रियता जंगलों की सुरक्षा के लिए दिखाई नहीं देती। इसी का फायदा उठाते हुए चरवाहों ने वनांचल में अपना डेरा जमाना प्रारंभ कर दिया है। वनांचलवासी जब इसका विरोध करते हैं तो उनके द्वारा भी धौंस जमाते हुए विवाद करने पर उतारू हो जाते हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि कहीं ना कहीं वन विभाग के कर्मियों का इन्हें संरक्षण प्राप्त है।

### दो विभागों का लाभ राजस्थानियों को

राजस्थानी, गुजराती भेड़,बकरी,उंट वालों को दो विभाग वन विभाग व वनविकास निगम का संरक्षण प्राप्त होता है यदि ग्रामीणों के द्वारा अधिकारी से शिकायत करते हैं तो वन विभाग के अधिकारी वनविकास निगम का क्षेत्र में आता हैं और वनविकास निगम वनविभाग का क्षेत्र आता हैं करके अपना पल्ला झाड़ लेते हैं जिसका लाभ भेड़ बकरी चरवाहों को मिलता है।

# नगर पंचायत नवागढ़ में रूपप्रकाश, अमित एवं वीरेन्द्र बने एल्डरमैन

पायनियर संवाददाता ◄ नवागढ़
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार द्वारा संसदीय सचिव व क्षेत्र के विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे की अनुशंसा पर नगर पंचायत नवागढ़ में रूप प्रकाश यादव, अमित जैन व वीरेंद्र जायसवाल को एल्डरमैन के पद से नवाजा गया है।

उल्लेखनीय है कि नवनियुक्त तीनों ही एल्डरमैन की राजनीतिक पृष्ठभूमि रही है। रुप प्रकाश यादव ने जहां पूर्व में नगर युवक कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में अपनी छवि बनाई थी, वे कांग्रेस के पुराने दिग्गजों में गिने जाते है। वही अमित जैन पूर्व में नगर पंचायत में वार्ड 11 से पार्षद रह चुके हैं, अपनी बोल्ड छवि के लिए चर्चित है। साथ ही वीरेंद्र जायसवाल भी पूर्व में नगर कांग्रेस अध्यक्ष रह चुके हैं एवं कालेज में सांसद प्रतिनिधि भी थे।

नियुक्ति के बाद रूपप्रकाश यादव ने कहा कि हम आभारी हैं, संसदीय सचिव बंजारे के, जिन्होंने नगर की तरक्की के लिए हम पर विश्वास जताया। निश्चित रूप से हम तीनों उम्मीदों पर खरे उतरेंगे तथा नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदों के साथ मिलकर नगर की उन्नति के लिए कार्य करेंगे।

अमित जैन ने कहा कि जिस आशा और विश्वास के साथ गुरुदयाल सिंह बंजारे ने ये नई जवाबदारी दी है,निश्चित तौर पर उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने का भरसक प्रयास करेंगे। नगर विकास को प्राथमिकता देते हुए हमर नवागढ़ को स्वच्छ और सुंदर बनाने का काम सभी लोगो के सहयोग और विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे के नेतृत्व और मार्गदर्शन में करेंगे। वीरेन्द्र जायसवाल ने कहा कि मुझ जैसे कांग्रेस के एक छोटे से कार्यकर्ता को नगर पंचायत नवागढ़ में एल्डरमैन नियुक्त करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे का ह्रदय से आभारी हूँ।

तीनों एल्डरमेन की नियुक्ति पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शक्तिधर दीवान, नगर पंचायत अध्यक्ष तिलक घोष, उपाध्यक्ष आशाराम ध्रुव, पार्षद हेमंत सोनकर, पार्षद नैना कुर्रे,पार्षद मन्जूलता रात्रे, पार्षद रतन दिवाकर, पार्षद लता जायसवाल, पार्षद लक्ष्मण साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी ज्ञानदास रात्रे, सुभान खान, रामनाथ ध्रुव, धर्मवीर खुराना, अजय सिन्हा, रामखिलावन निषाद, ऋषि सोनी, जाहिद खान, बबलू ताम्रकार, श्रीनू खुराना, राजा यादव, बप्पा खान, सहित नगर व क्षेत्र के कांग्रेसियो ने उन्हें बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

# तांदुला नहर से एसडीआरफ की टीम ने 18 घंटे में ढूंढ निकाला गुम हुए युवक का शव, शराब के नशे में गिरने से हुई मौत

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



18 घँटे की कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार गुम हुए 32 वर्षीय युवक के शव को एसडीआरफ की टीम ने ढूंढ निकाला। युवक का शव ग्राम झलमला स्तिथ तांदुला नहर में मिला हैं। मिली जानकारी अनुसार ग्राम झलमला निवासी योगेंद्र भारद्वाज पिता ओंकार प्रसाद (32) शुक्रवार की शाम करीबन 7 बजे से लापता था। योगेंद्र भारद्वाज की खोजबीन उनके परिवार के द्वारा की जा रही थी। तभी दूसरे दिन शनिवार को सुबह 8 बजे योगेंद्र के परिजनों में झलमला से जामगांव जाने वाले मार्ग में नहर के समीप ही उसके जूते देखे। जिसके बाद परिजनों में पंचायत के माध्यम से पुलिस को इस बात की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस व एसडीआरफ की टीम ने गुम हुए युवक योगेंद्र की खोजबीन शुरू की। नहर के समीप मिले जूतों से यह अंदाजा लगाया जा रहा था कि उक्त युवक नहर में गिरा हैं।

जिसके बाद तांदुला नहर के मुख्य गेट को बंद कर नहर में भरे पानी को कम करने की कोशिश की गई। जैसे ही पानी कम हुआ उसके बाद झलमला से जामगांव जाने वाले कच्चे रास्ते पर नहर के अंदर युवक का शव दिखाई दिया। जिसके बाद युवक को एसडीआरफ की टीम की मदद से बाहर निकाला गया। मामले में पुलिस पंचनामा बना आगे की कार्यवाही में जुट गई हैं।

# भाजपा ने चलाया जूनी सरोवर में स्वच्छता अभियान

### मन्दिर परिसर को किया साफ

पायनियर संवाददाता ◄ नवागढ़
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी नवागढ़ मण्डल के तत्वावधान में सेवा सप्ताह के तहत भाजपा जिला महामंत्री विकास धर दीवान के नेतृत्व एवं जिला प्रभारी सभापति जिला पंचायत राहुल टिकरिया की उपस्थिति में ग्राम ढनढनी स्थित जूनी सरोवर पर्यटन स्थल में स्वछता अभियान चलाया गया। जिसमें मण्डल अध्यक्ष चन्द्रपाल साहू, प्रदेश मंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा दयावंत धर बांधे, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष देवादास चतुर्वेदी, पूर्व नप अध्यक्ष गिरेन्द्र महिलांग,उपाध्यक्ष चैन साहू, महामंत्री मिन्टू बिसेन, महामंत्री सुरेश साहू, भाजयुमो जिला प्रभारी बबलू राजपूत सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने मन्दिर परिसर, तालाब एवं यज्ञ स्थल की सफाई की। ज्ञात हो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस को भारतीय जनता पार्टी इस बार 14 से 20 सितंबर तक सेवा सप्ताह के रूप में मना रही है।

इसी के तहत शुक्रवार को नवागढ़ मण्डल में स्वच्छता अभियान चलाया गया। भाजपा जिला महामंत्री विकास दीवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से देश को स्वच्छ रखने का जो आव्हान किया था जो अब एक बड़े आंदोलन में बदल चुका है और समाज में स्वच्छता के प्रति अत्यधिक जागरूकता आई है। लोग समझने लगे हैं कि अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रख कर ही हम विभिन्न बीमारियों से मुक्त रह सकते हैं। राहुल टिकरिहा ने कहा कि वे प्रभारी के रूप में जिले के अन्य मंडलो में सफाई अभियान में शामिल होते आ रहे है, लेकिन उन्होंने नवागढ़ मण्डल के कार्यकर्ताओं में जो उत्साह और उमंग देखा है, वह वास्तव में अद्भुत है। दयावंत धर बांधे ने कहा कि हम सभी देशवासी बहुत ही सौभाग्यशाली है जिनको नरेंद्र मोदी जैसा सशक्त नेतृत्व मिला है।

जिन्होंने पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन किया है ऐसे नेतृत्व पर हम सभी को गर्व महसूस होना चाहिए। देवादास चतुर्वेदी ने कहा की पीएम मोदी के स्वच्छता अभियान से पूरे देश में जागरूकता आयी है। लोग अब खुद ही गंदगी करने से पहले सोचते है।

जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा रुम्पल टुटेजा, उपाध्यक्ष दिलीप नवरंग, मंत्री सनत वर्मा, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र मिश्रा, वीरेश सिंह पप्पू,युवराज सिंह, उमेश ध्रुव, रोहित साहू, मोहन बघेल, टीकम पूरी गोस्वामी, गोलू सिन्हा, दरोगा साहू, सुदेश हरि श्रीवास्तव, दिनेश साहू, रामाधार ध्रुव, रामसागर साहू,किशन ध्रुव, युपेश साहू,सुनीता भास्कर, तोपचन्द बंजारे, रामकुमार साहू, मुचुकुन्द राजपूत, अभीषेक राजपूत, राजेश साहू, कार्तिक घृतलहरे, नागेश्वर राजपूत, बालश़कर वर्मा, गुनेश वर्मा, सूरज वर्मा, विकास, ओमकार साहू, सुभाष महिलांग सहित ढनढनी शक्तिकेन्द्र के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### लूडो, आर्केस्टा, पेंटिंग, रंगोली, ड्राइंग के माध्यम से हो रहा मनोरंजन

# कलेक्टर के मार्गदर्शन में कोविड सेंटरों में कोरोना संक्रमित कोरोना को कह रहे अलविदा

### युवतियों ने कोरोना से बचाव का संदेश देते हुए बनाई आकर्षक रंगोली

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com




कोरोना संक्रमित मरीजो के लिए कोविड आइसोलेशन सेंटरों में कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में लगातार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा हैं। जिससे संक्रमित मरीजों के मानसिक तनाव को दूर करने एवं उनके मनोरंजन के लिए तरह-तरह की गतिविधियां कोविड आइसोलेशन सेंटरों में कई जा रही हैं। जिससे कोरोना पॉजिटिव मरीजो में उत्साह का संचार निर्मित हो रहा हैं। इतना ही नही जिला प्रशासन द्वारा जारी इन गतिविधियों का परिणाम है कि कोरोना संक्रमित मरीज जल्द स्वस्थ्य होकर हँसी खुशी अपने घर लौट रहे है। बालोद ब्लॉक अंतर्गत पाकुरभाट में बने कोविड आइसोलेशन सेंटर में जहां आर्केस्टा का आयोजन किया जा रहा हैं। आर्केस्टा के जरिये सदाबहार व पुराने नगमों से कोरोना संक्रमितों का मनोरंजन किया जा रहा हैं। सेंटर के अंदर विभिन्न तरह की गतिविधियां संचालित की जा रही है।

वहीं अगर गुरुर ब्लॉक स्थित आईटीआई में संचालित कोविड सेंटर की बात करे तो यहां मौजूद विभिन्न वर्ग के संक्रमित मरीज रंगोली, पेंटिंग, ड्राइंग सहित विभिन्न प्रकार के आउटडोर खेल खेलकर मनोरंजन कर रहे हैं। जिससे उनके अंदर उत्साह का संचार निर्मित हो रहा हैं। तमाम तरह की गतिविधियों से जुड़कर कोरोना को हराने की जुगत में लगे हुए हैं। जिसकी वजह से जिले में आज स्तिथि यह हैं कि कोरोना संक्रमित मरीज कोरोना को हराकर उसे टाटा बॉय-बॉय कह हमेशा के लिए अलविदा कह रहे हैं।

### कोरोना से बचाव का संदेश देते हुए बनाई रंगोली

पाकुरभाट स्थित कोविड आइसोलेशन सेंटर में एडमिट कोरोना मरीज विभिन्न प्रकार की गतिविधियों से जुड़ कोरोना का डटकर मुकाबला कर कोरोना बीमारी को मात दे रहे हैं। कोविड आइसोलेशन सेंटर में एडमिट कोरोना संक्रमित युवतियां 'कोरोना से बचाव' का संदेश देते हुए आकर्षक व सुंदर रंगोली बना रही हैं। यहां यह बताना लाजिमी हैं कि आज जिला प्रशासन की इस सराहनीय व अनूठी पहल से आइसोलेशन सेंटर में एडमिट सभी लोग हंसते खेलते कोरोना को मात दे रहे है और स्वस्थ्य होकर घरों को को लौट रहे हैं।





# मुख्यालय पर निवास नहीं करते हैं अधिकारी, सरकार की मंशा पर फेर रहे पानी

### मितव्ययिता पर अंकुश नही

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

प्रदेश के भूपेश बघेल सरकार का मिशन इलाके में अभी पूरी तरह से सफल होता नहीं दिख रहा है। अभी अधिकारी अपने पुराने ही अंदाज में काम को महत्व दे रहे हैं। मुख्यमंत्री के कड़े निर्देश के बावजूद कई विभागों के अधिकारी रात में मुख्यालय पर रहने से परहेज कर रहे हैं। इसके चलते लोगों को अपना काम कराने में काफी परेशानी हो रही है। वहीं उनके मातहत कर्मियों की मनमानी पर रोक नहीं लग रहा है। ब्लाक में तैनात अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (ग्रमीण यांत्रिकी सेवा), वन परिक्षेत्र, अनुविभागीय अधिकारी (जल संसाधन) सहित कई अधिकारी-कर्मचारियों ने जिला मुख्यालय या अन्य जिलों पर निवास करते हैं।

### औचक निरीक्षण नही सत्ता परिवर्तन का असर नहीं

प्रशासनिक अधिकारी एक भी विभाग का अब तक औचक निरीक्षण कर अधिकारियों व कर्मचारियों के मौजूदगी का जायजा नहीं ले रहे हैं । लोगों में इस बात को लेकर चर्चा है कि सरकार भले ही बदल गई है लेकिन यहां के अधिकारी अपने पुराने अंदाज में ही कार्य को अंजाम देने में लगे हुए है। जिससे लोगों को सत्ता बदलाव का असर कहीं नजर नहीं आ रहा है।

### मितव्ययिता पर अंकुश नहीं

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अधिकारी-कर्मचारियों को फिजूलखर्ची कम करने की हिदायत देते हैं लेकिन पंडरिया विकासखंड मुख्यालय से जिला मुख्यालय कवर्धा की दूरी 35 किमी है मतलब अधिकारी कम से कम 70 किमी प्रतिदिन जबरन की दूरी तय सरकारी खजाना में डाका डाल रहे हैं या फिर लोगो से अवैध उगाही कर रहे हैं। जिस पर उच्चाधिकारियों की नजर नहीं पड़ी है या उनके हिस्से उनतक पहुच जाता है।

### दो जगह सरकारी आवास

पंडरिया में पदस्थ कुछ अधिकारियों को मुख्यालय पंडरिया में सरकारी आवास आबंटित हुआ है साथ ही उन्ही के नाम पर जिला मुख्यालय में भी आबंटित है। मतलब अन्य लोगों की आवास पर भी इनका कब्जा जमा हुआ है।

## क्विक न्यूज

### होम कोरोनटाइन व्यक्तियों के मेडिकल वेस्ट उठाएगी निगम की विशेष गाड़ी

**रायगढ़।** जिला कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशन में नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय ने शहर में कोरोना संक्रमित व्यक्ति जो होम कोरोनटाइन है उनके घर से मेडिकल वेस्ट उठाने के लिए सर्व संसाधनों से पूर्ण टीम को निगम परिसर से भेजकर शुभारंभ किया गया। ज्ञात हो कि वर्तमान में कोविड 19 के संक्रमित व्यक्तियों की संख्या दिन ब दिन बढ़ती जा रही है, कई ऐसे संक्रमित व्यक्ति है जिन्हें होम कोरोनटाइन किया गया है। जिनके घर से मेडिकल वेस्ट भी निकल रहा है। उस मेडिकल वेस्ट को व्यास्थित रूप से उठाने कलेक्टर भीम सिंह के निर्देश में नगर निगम आयुक्त ने आज निगम परिसर से मेडिकल वेस्ट उठाने के लिए सर्व संसाधनों से पूर्ण टीम को गाड़ी समेत शुभारंभ करते हुए नगरीय क्षेत्रों के लिये रवाना किया।जिसमें होम कोरोनटाइन व्यक्तियों के घर से मेडिकल वेस्ट उठाया जाएगा। नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय ने बताया कि शहर में होम कोरोनटाइन व्यक्तियों की परेशानियों को ध्यान में रखकर कलेक्टर सर के निर्देशानुसार मेडिकल वेस्ट उठाने सर्व संसाधन टीम को रवाना किया गया, जो तीन दिन में एक बार उनके घर जाकर मेडिकल वेस्ट उठाएगी।

### बालिका पर थी पड़ोसी की बुरी नजर, हुई जेल

**रायगढ़।** बगी से अवांछित स्पर्श के मामले में जूटमिल चौकी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर जेल दाखिल करा दिया है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते दिन पुलिस चौकी जूटमिल क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग बालिका को उसके पड़ोस में रहने वाला युवक गंदी नियत से उसे स्पर्श कर रहा था। शाम को जब बालिका की मां घर पहुंची तो बालिका रोते हुए अपनी मां को पड़ोसी शिवा चौहान उम्र 22 साल जुटमिल की करतूत बताई। बालिका की मां द्वारा घटना की सूचना चौकी जूटमिल में दिए जाने पर चौकी प्रभारी निरीक्षक अमित शुक्ला द्वारा आरोपी युवक को हिरासत में लेकर चौकी लाए।

# गोधन न्याय योजना का क्रियान्वयन देखने गौठानों में पहुंचे कलेक्टर

**■ जिलाधीश ने बंगुरसिया, जोबरो, आमगांव व तमनार गौठानों का किया निरीक्षण**

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर भीम सिंह ने बंगुरसिया, जोबरो, आमगांव और तमनार के गौठानों का निरीक्षण कर जिले में गोधन न्याय योजना के सफल क्रियान्वयन तथा खाद बनाने की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि जिले के गौठानों में गोबर खरीदी की प्रक्रिया ठीक चल रही है।

कलेक्टर भीम सिंह सर्वप्रथम बंगुरसिया में ढाई एकड़ में बने गौठान का निरीक्षण किया और खुले में रखे गोबर को निर्धारित प्रक्रिया के तहत वर्मी पिट में डालने के निर्देश दिए। उन्होंने गौठान में निर्माणाधीन चारागाह का भी निरीक्षण किया। कृषि व पशुपालन विभाग के अधिकारियों से गौठान में आने वाले पशुओं की संख्या और प्रतिदिन क्रय की जाने वाली गोबर की मात्रा की जानकारी ली। उन्होंने चारागाह की जमीन पर पशुओं के लिये वर्तमान में मक्का व अन्य किस्म के चारे लगाने के निर्देश दिये तथा अगले सीजन में नेपियर घास का अनिवार्य प्लांटेशन कराने के लिये कहा।

कलेक्टर भीम सिंह ने इसके पश्चात ग्राम पंचायत जोबरो के आदर्श गौठान का निरीक्षण किया। गौठान में 30 वर्मी पिट निर्माणाधीन है। वहां उपस्थित लोगों ने बताया कि पंचायत अंतर्गत 351 पशु हैं और प्रतिदिन 4 से साढ़े 4 क्विंटल गोबर यहां बेचा जाता है। उन्होंने धान की फसल कटाई के बाद किसानों से पैरादान कराने के लिए कहा, ताकि गौठान में पशुओं के लिये चारा उपलब्ध हो।

यहां उन्होंने वर्मी पिट में शीघ्र केंचुआ डालने के स्पष्ट निर्देश कृषि विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि गौठानों के वर्मी पिट के लिये केंचुआ उपलब्ध कराना, खाद निर्माण की ट्रेनिंग देना तथा अपनी देखरेख में खाद तैयार करवाने की पूरी प्रक्रिया का दायित्व कृषि विभाग का है अतः कृषि विभाग के अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें।

कलेक्टर ने आमगांव व तमनार स्थित गौठानों का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर भीम सिंह ने इस दौरान कहा कि गौठान निर्माण का मुख्य उद्देश्य यह है कि पशु किसानों के रबी व खरीफ के फसलों को नुकसान न पहुंचाये व गौठानों में रहे। इसके साथ ही गौठान को ग्रामीण परिदृश्य के अनुसार सामूहिक आर्थिक गतिविधि के केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे उपलब्ध संसाधनों का बेहतर नियोजन कर रोजगार के नये मौके बनाए जाए।

उन्होंने ग्रामवासियों से चर्चा के दौरान किसानों को रबी फसल में सरसो, चना व अन्य दलहन व तिलहन फसल लगाने के लिये प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री ग चा प्रकाश चौधरी, एसडीएम घरघोड़ा अशोक मार्बल सहित कृषि व पशुपालन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## दुरपा के आक्रोशित ग्रामीणों ने शिवरीनारायण थाने का किया घेराव




**मिलीभगत कर फर्जी तरीके से शासकीय भूमि को अपने नाम किया**

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

मिलीभगत कर फर्जी तरीके से शासकीय भूमि को अपने नाम कर अन्य से बिक्री किए जाने के मामले को लेकर शिवरीनारायण के सीमावर्ती ग्राम दुरपा के आक्रोशित ग्रामीणों ने शिवरीनारायण थाने का किया घेराव। दोषियों पर शीघ्र कार्यवाही नहीं होने पर ग्रामीणों ने दिया उग्र आंदोलन की चेतावनी। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक व धार्मिक नगरी शिवरीनारायण के सीमावर्ती ग्राम दुरपा के ग्रामीणों ने 17 सितम्बर को काफी संख्या में शिवरीनारायण थाने का घेराव कर ग्राम पंचायत दुरपा की बेशकीमती शासकीय भूमि को राजस्व विभाग से मिलीभगत कर फर्जी तरीके से राजस्व अभिलेख में अपने नाम कर पूंजीपतियों के पास बेचने वालों के विरूध्द एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्यवाही करने की मांग थाना प्रभारी शिवरीनारायण से कर रहे थे इस दौरान ग्रामीण काफी आक्रोश में थे। ग्रामीणों ने बताया कि शिव कुमारी मानिकपुरी , विजय मानिकपुरी और पुनी राम आदित्य नमक तीन व्यक्तियों ने ग्राम पंचायत दुरपा के शासकीय चरागन- भूमि और किसानों के निजी-भूमि को राजस्व विभाग के कर्मचारियों से मिलकर फर्जी तरीके से राजस्व अभिलेखों में अपना नाम चढ़वाकर इस बेशकीमती जमीन को पूंजीपतियों और लेनदारों को बखौफ बेच रहे हैं । ग्रामीणों को इस बात की जानकारी तब हुई जब ग्राम के सरपंच ने शिव कुमारी को शासकीय भूमि पर खम्बा लगवाते देखा। तब सरपंच ने गांव में पंचायत बैठाकर शिवकुमारी को भी इस बैठक में बुलाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि शिवकुमारी ने पंचायत के समक्ष अपनी गलती स्वीकारते हुए उन्होंने पंचायत से लिखित मे माफी मांगी तब पंचायत ने उन्हें शासकीय भूमि की किए बिक्रय राशि को जुर्माना बतौर पर पंचायत निधि में जमा कराने के लिए कहा। लेकिन शिवकुमारी द्वारा इस राशि को पंचायत निधि में जमा कराने के बजाय 15 सितम्बर को विजय कुमार मानिकपुरी के साथ शिवरीनारायण थाने आकर ग्राम दुरपा के 17 व्यक्तियों के खिलाफ एफआई आर दर्ज कराने लिखित में रिपोर्ट करा दिया गया।

## कला साहित्य राजनीति के पुरोधा थे बैरिस्टर : चौलेश्वर चंद्राकर

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com



भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कला साहित्य संस्कृति के पुरोधा स्वर्गीय ठा.छेदीलाल बैरिस्टर के पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जांजगीर स्थित कचहरी चौक स्थापित स्मारक प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डा चौलेश्वर चंद्राकर ने कहा कि बैरिस्टर जी माटी के ऐसे सपूत रहे हैं,जिन्होंने भारतीय संविधान समिति में सदस्य की भूमिका निभाई चंद्राकर ने कहा कि एक राजनेता का कला संस्कृति से जुड़े रहना दुर्लभ होता है, किंतु बैरिस्टर साहब ने राजनीति के साथ-साथ लोक कला संस्कृति समाज सेवा को अपना मूल आधार मानकर कार्य किये उनकी स्मृति में स्मारक स्थल पर वृक्षारोपण का कार्य सदैव इस स्मरणीय रहेगा। लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. रवि शेखर भारद्वाज ने बैरिस्टर के व्यक्ति त्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें छत्तीसगढ़ का माटी पुत्र कहा , इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी पंडित रघुराज पांडे जी ने कहा कि छत्तीसगढ़ का इतिहास बैरिस्टर जी के बगैर अधूरा है। श्रद्धांजलि सभा में इस अवसर पर उपस्थित पूर्व लोकसभा प्रत्याशी रवि शेखर भारद्वाज, रघुराज पांडे, रमेश पै?वार,दिनेश शर्मा, देवेश सिंह ठाकुर अध्यक्ष बैरिस्टर छेदीलाल मनोनीत अकादमी , नगर पालिका अध्यक्ष भगवानदास गढ़ेवाल, राम विलास,अनिल राठौर, गिरधारी यादव, बजरंग शर्मा, शरद तिवारी, शत्रुघ्न दास महंत, महारथी बघेल,नारायण कटारिया, पंचराम यादव, विनोद नेगी, ऋषिकेश उपाध्याय महामंत्री,जोतराम गढेवाल,ताहेर खान अल्प संख्यक ब्लाक अध्यक्ष, कमल काका साव,योगेंद्र साहू सैकड़ों की भीड़ में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## 'राष्ट्रप्रेम सृजन सम्मान से सम्मानित हुए देश के 31 रचनाकार'

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com




नए प्रयोगों में सिद्धहस्त कविता चौराहे पर ,साहित्य मंच मुंगेली, एक बार पुनः नवीनता एवं भव्यता लिए सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन कर अपनी श्रेष्ठता सोशल मीडिया में प्रस्तुत की।

एक ओर विश्व कोरोना महामारी से त्रस्त हैं। वहीं दूसरी ओर इस आपदा के कारण समस्त रचना धर्मी कवि लेखक अपनी साहित्यिक गतिविधियों से वंचित हो रहे हैं ।ऐसे में कविता चौराहे पर ,साहित्य मंच मुंगेली, रचनाकारों को मंच प्रदान करने हेतु नित्य अभिनव प्रयास कर रहा है । मंच द्वारा स्वाधीनता दिवस के अवसर पर आयोजित याद करो कुर्बानी काव्य पाठ श्रृंखला के साप्ताहिक आयोजन में चयनित,देश के 31 कवियों एवं कवयित्रीयों ने राष्ट्रप्रेम सृजन सम्मान हेतु अपनी रचनात्मक प्रस्तुति दी थी।

कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण किया गया। दो चरणों में संचालित इस आयोजन के प्रथम चरण में मुख्य अतिथियों के चित्रों पर चित्र पुष्पाहार भेंट कर उनका स्वागत किया। तथा मुख्य अतिथियों द्वारा आशीर्वचन, उद्बोधन पश्चात सहभागी सभी रचनाकारों को राष्ट्रप्रेम सृजन सम्मान पत्र वितरित किए गए।

**मुख्य अतिथि रेखराम साहू सीपत अपने उद्बोधन में कहा -** यह वक्त संक्रांति के बरअक्स क्रांति का है। शाश्वत मानव-मूल्यों और देश-धर्म का अलख जगाए रखने के लिए समर्पित कविता चौराहे पर ,को एतदर्थ सादर प्रणाम।

**विशिष्ट अतिथि सत्यनारायण तिवारी लोरमी ने कहा-** सरस्वती के वरदपुत्र साहित्यकारों की रचना को कविता चौराहे पर, विविध रंगों से श्यामपट्ट के माध्यम जन-जन के हृदय में उतरने का जो दिव्यतातिदिव्य प्रयास सराहनीय है।

## विप्र फाउण्डेशन ने किया पितरों का सामूहिक तर्पण

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com




विप्र समाज की प्रतिष्ठित संस्था विप्र फाउण्डेशन के द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर पितृ तर्पण कार्यक्रम रखा गया था जिसके अन्तर्गत रायगढ़ शाखा द्वारा भी सभी के लिए सामूहिक तर्पण कार्यक्रम किया गया। विप्र फाउण्डेशन के अध्यक्ष रामचंद्र शर्मा ने बताया कि समाज के अज्ञात, लापता, भूले बिसरे लोग या जिनका किसी कारण से तर्पण नहीं हो पाया था उन सभी पुण्यात्माओं के लिए शांति की स्थापना करने के लिए विप्र फाउण्डेशन के द्वारा तर्पण कार्यक्रम रखा गया था। जिसमे विप्र फाउण्डेशन के वरिष्ठ सदस्य और पदाधिकारी शामिल हुए, पंडित दुर्गेश के निरीक्षण और मंत्रोच्चार के बीच उक्त कार्यक्रम। परशुराम मंदिर प्रांगण में दोपहर को गुरुवार को संपन्न हुआ। जिसमें गायत्री मंत्र का जप करते हुए सभी विधि विधान का अनुसरण किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष रामचंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष अजय शर्मा, राज्य कार्यकारिणी सदस्य अनूप शर्मा, सचिव पवन शर्मा शेरा, सचिव शशिकांत शर्मा, कोषाध्यक्ष अजय शर्मा, सदस्य पवन शर्मा आरटीओ, विप्र कालू शर्मा आदि विप्र समाज के सदस्य मौजूद रहे। समाज के लापता, अज्ञात, भूले बिसरे साथियों के लिए किए गए इस कार्यक्रम की सभी समाज के लोगों ने सराहना की है।

## रायगढ़ पुलिस के एक रक्षा सूत्र मास्क के नाम दो और वर्ल्ड रिकार्ड

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com







रायगढ़ पुलिस के महा जन अभियान एक रक्षा सूत्र मास्क का को दो और वर्ल्ड रिकार्ड एजेंसियों ने मास्क वितरण के क्षेत्र में एक ही दिन सबसे अधिक मास्क वितरण करने के लिये अपने रिकार्ड बुक में अधिकारिक तौर पर स्थान दिया गया है। वर्ल्ड रिकार्ड एजेंसी एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स एवं इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा रायगढ़ पुलिस को वर्ल्ड रिकार्ड सर्टिफिकेट भेजा गया है।

पुलिस अधीक्षक रायगढ़ संतोष कुमार सिंह की यह अपने आप में एक अनोखी परिकल्पना थी कि रक्षा बंधन के पर्व पर मास्क के प्रति जागरूकता लाने अधिक से अधिक लोगों में जन सहयोग से निःशुल्क मास्क का वितरण किया जावे और इसके लिये योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया गया। मुहिम में अधिक से अधिक जनभागीदारी हो इसके लिये प्रिंट, इलेक्ट्रानिक, सोशल मीडिया, आकाशवाणी/एफ.एम. के साथ ही डोर-टू-डोर कैंपेनिग चलाई गई। जिससे मुहिम की चर्चा प्रदेश भर में होने लगी। रायगढ़ पुलिस की महत्वकांक्षी योजना को केबिनेट मंत्री, विधायकगण, प्रशासनिक अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों, सामाजिक/स्वयंसेवी संगठनों, उद्योगों एवं जिले के हर आमखास का साथ मिला। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह, जन भागीदारी को इस मुहिम की सफलता बताए और रायगढ़वासियों का शुक्रिया अदा कर रायगढ़ पुलिस की ओर से अभार प्रकट किये। दूसरी ओर वर्ल्ड रिकार्ड एजेंसियों ने भी एसपी संतोष सिंह से संपर्क कर मुहिम की जानकारी लिए और अपने तरीके से मुहिम की जांच पड़ताल कर सत्यता को जाने। सबसे पहले वर्ल्ड रिकार्ड एजेंसी गोल्डन बुक ऑफ रिकार्ड्स द्वारा इसे अपने रिकार्ड बुक में स्थान दिया गया। उसके बाद कई और वर्ल्ड रिकार्ड एजेंसियों द्वारा मुहिम से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराने हेतु एसपी संतोष सिंह से संपर्क किए।

## जनपद सदस्य रामकुमार गबेल ने लगवाया हैंड सैनिटाइजर मशीन

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com

**कोरोना काल को देखते हुए सावधानी एवं सतर्कता सबसे बड़ा उपाय- रामकुमार**

नगर में कोरोना संक्रमण को देखते हुए एवं शक्ति विकासखंड के प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में जनपद पंचायत आने वाले लोगों को सुरक्षा एवं सतर्कता बतौर जनपद सदस्य रामकुमार गबेल ने जनपद कार्यालय सक्ती में 18 सितंबर को हैंड सेनीटाइजर मशीन लगावाई है, तथा ही इस हैंड सैनिटाइजर मशीन का शुभारंभ जनपद पंचायत शक्ति के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री साहू ने किया, जनपद सदस्य रामकुमार गबेल ने बताया कि जनपद कार्यालय सक्ति में प्रतिदिन कार्यालयीन समय में जनप्रतिनिधियों एवम आम ग्रामीणों की आवाजाही होती है, और कोरोना संक्रमण से सभी भयभीत है। इसी बात को देखते हुए उन्होंने हैंड सेनीटाइजर मशीन लगवाने की बात सोची। उनकी नेक सोच से जनपद पहुंचने वालों को बहुत हद तक सुरक्षा मिलेगी। गौरतलब हो कि सक्ती जनपद पंचायत के अंतर्गत 73 ग्राम पंचायते है, और इन 73 ग्रामपंचायतों की जनसंख्या लगभग 1लाख 36 हजार है,आए दिन किसी न किसी पंचायत के लोगों का सक्ती जनपद में आना होता ही है,बीडीसी रामकुमार गबेल की इस नेक पहल से सभी को कोरोना वायरस से सुरक्षा मिलेगी, उल्लेखित हो की छत्तीसगढ़ शासन द्वारा भी प्रत्येक सार्वजनिक दफ्तरों में भी ऐसे ही सेनीटाइजर मशीन लगाना चाहिए जिससे लोगों को एक सतर्कता का संदेश भी मिल सके।

## इंदिरा गांधी कृषि विवि में पोषण अभियान एवं कृषि संगोष्ठी आयोजित



पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, मुंगेली में पोषण अभियान एवं कृषि संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती कि प्रतिमा के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में डाँ आर. एल. शर्मा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, के मार्गदर्शन में संचालित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रुप मे रेश कुमार सरपंच ग्राम चातरखार उपस्थित हुये तथा कार्यक्रम मे एन. के. तिवारी, प्रबंधक बिलासपुर सम्भाग (आईएफ एफ सीओ) त्रीपाठी, कमला जांगडे, विभा जैन, सीता देवांगन आंगनबाडी पर्यवेक्षक विशिष्ट अतिथि के रुप मे सम्मिलित हुये। सर्वप्रथम कृषि विज्ञान केंद्र के मुखिया डाँ आर. एल. शर्मा ने कार्यक्रम की विस्तृत रुपरेखा के बारे में बताया उन्होने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, कृषक महिलाओ एवं कृषको को सम्बोधित करते हुये कहा कि आप सभी मातृशक्तियों को अपने परिवार एवं समाज को कुपोषण से मुक्त करना होगा।

## पेज 1 के शेष...

### एक समय था जब रवि किशन पिया...

एनसीबी ने ड्रग्स मामले में एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती समेत कई लोगों को गिरफ्तार किया है. रवि किशन ने अपने बयान में कहा था कि हमें पता है कि ड्रग ट्रैफिकिंग और एडिक्शन की दिक्कत ब?ती जा रही है. इसमें हमारे प?ोसी देश शामिल हैं. इस देश में पाकिस्तान और चीन से ड्रग्स आते हैं. सरकार को ये सब रोकना चाहिए जिससे हमारे युवाओं का जीवन खराब हो रहा है।

### नई शिक्षा नीति देश को नये परिवेश में बदलेगी ...

एक ओर छात्र जहां केंद्र बिंदु हैं तो शिक्षक उसका फोकल पॉइंट हैं। एक शिक्षक ही है जो छात्र को कौशल भी प्रदान करता है और कुशल भी बनाता है। आजीवन सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में शिक्षक स्वयं भी शिक्षित होता है और छात्र को भी सिखाता है। वह मार्ग नहीं खोजता बल्कि छात्रों में यह क्षमता पैदा करता है कि वें अपना मार्ग स्वयं ढूंढे।÷

डॉ निशंक ने कहा, ÷आपको अपने यूनिवर्सिटी, संस्थान या अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी क्षेत्रों में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लिए एक्शन प्लान बनाने की जरूरत है। न केवल एक्शन प्लान बल्कि उस एक्शन प्लान को एक टाइमलाइन से जोड़कर, कैसे क्रियान्वित किया जा सकता है, इस पर काम करने की जरूरत है। हम विश्वविद्यालय, संस्थानों की ऑटोनॉमी (स्वायत्तता), उनके प्रशासन, उनके सशक्तीकरण और विकेंद्रीकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं।÷

इस नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को मूर्त रूप दिए जाने पर भरोसा जताते हुए उन्होंने कहा कि समग्र दृष्टिकोण रखते हुए क्रियान्वयन से ही वंचित उद्देश्यों की प्राप्ति सुनिश्चित होगी। सभी को आपसी समन्वय और तालमेल के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के भाव एवं प्रयोजन के अनुसार पहल करते हुए योजनबद्ध तरीके से कदम उठाने की आवश्यकता होगी, इसके लिए आप सभी का अनुभव, कौशल एवं समर्पण हमें निहित लक्ष्य को प्राप्त करने में सुकारक होगा।

इस ऑनलाइन कॉन्फ्रेंस में शिक्षा राज्य मंत्री संजय धोत्रे, उच्च शिक्षा सचिव अमित खरे, नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति बनाने वाली समिति के प्रमुख डॉ कस्तूरीरंगन, आईआईआईटी परिषद के स्थायी समिति के अध्यक्ष डॉ के राधाकृष्णन, नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की प्रारूप समिति के सदस्य प्रो.वसुधा कामत, प्रो. मंजुल भार्गव जी, यूजीसी के अध्यक्ष प्रो. डी. पी. सिंह, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. अनिल डी. सहस्त्रबुद्दे, केंद्रीय विश्वविद्यालयों, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों तथा योजना एवं वास्तुकला संस्थाओं के निदेशक तथा कुलपति गण इत्यादि भी मौजूद थे।

## 7 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी युवक पुलिस के हत्थे चढ़ा

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com



जांजगीर-चांपा जिले के सारागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत लगातार बढ़ रही स्वनिर्मित कच्ची भट्टी महुआ शराब पर नियंत्रण स्थापित करने हेतु सारागांव थाना प्रभारी ड. आर. टंडन के कुशल नेतृत्व एवं दिशा निर्देश पर कार्यवाही करते हुए सारागांव पुलिस कर्मियों के द्वारा 7 लीटर स्वनिर्मित कच्ची महुआ शराब एवं उक्त कारोबार में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ आरोपी युवक को गिरफ्तार किया गया है, सारागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से स्वनिर्मित कच्ची भट्टी महुआ शराब गांजे एवं अन्य नशीले पदार्थों की बि ी लगातार बढ़ती जा रही थी, जिस पर सारागांव थाना प्रभारी के कुशल नेतृत्व एवं दिशा निर्देश पर सारागांव पुलिसकर्मियों के द्वारा इन शराब कारोबारियों की जानकारी प्राप्त करने हेतु जगह-जगह मुखबिर लगाई गई है। जिसके फलस्वरूप सारागांव पुलिसकर्मियों को मुखबीर जरिए सूचना प्राप्त हुआ कि निवासी संजय ग्राम गाडामोर रघुनाथ कश्यप पिता इतवारी कश्यप उम्र 22 वर्षीय युवक के द्वारा अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बनाकर बिक्री हेतु रखा है जिस पर मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पारूल माथूर (भापुसे), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदया मधुलिका सिंह अनुविभागीय पुलिसअधिकारी चांपा पद्मश्री तवंर द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त कर त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त होते ही तत्काल सारागांव थाना प्रभारी डी आर टंडन की दिशा निर्देश पर सारागांव पुलिस कर्मियों सउनि रमेश ध्रुव, आर710, 457 के तस्दीक पर एक टीम गठित कर मुखबिर द्वारा बताए गए ठिकाने पर दबिश देकर छापेमारी कार्यवाही की गई।


**आईबीसी, 2016 के अधीन बिक्री सूचना**
**मैसर्स टर्बोमशीनरी इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड – परिसमापन में**
परिसमापक का पता : प्लॉट नंबर 6–3–663/सी, ऑफीसर्स कालोनी, पुंजागुट्टा, हैदराबाद, तेलंगाना–500082

मैसर्स टर्बोमशीनरी इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड (परिसमापनाधीन) की निम्नलिखित आस्तियां और सम्पत्तियां परिसमापक द्वारा परिसमापन सम्पदा का अंश हैं। यह बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई–नीलामी प्लेटफार्म https://www.bankauctions.in/ के माध्यम से (5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार के साथ) की जाएगी।

| क्र. सं. | आस्ति विवरण | सुरक्षित मूल्य भारतीय रूपए में |
|---|---|---|
| I | कम्पनी अपने सम्पूर्ण रूप में – चालू कन्सर्न के आधार पर (सौदे के लिए जीएसटी, लागू अनुसार, अतिरिक्त होगा) | 6,20,00,000 |
| II | क. सम्पूर्ण औद्योगिक भूमि (परिमाप लगभग 1.17 एकड़), बिल्डिंग/शेड, जो प्लॉट 141/3 एवं 150 पार्ट, सर्वे नंबर 172/एए, 172/ई, 172/बी एवं 172/सी, एस.वी. को–ऑप इंडस्ट्रियल एस्टेट, आईडीए बोल्लामाम, जिन्नाराम (मंडल), संगा रेड्डी (जिला), तेलंगाना, भारत में स्थित है तथा<br>ख. प्लाण्ट एवं मशीनरी इस पते पर पूर्व–विद्यमान<br>ग. प्लाण्ट एवं मशीनरी विखंडित और 309, आईडीए बचूपल्ली, मियापुर–बोल्लाराम रोड, हैदराबाद–500 072 से उपरोक्त पते पर स्थानांतरित की गई है। (मशीनरी के लिए जीएसटी, लागू अनुसार, बी तथा सी के लिए अतिरिक्त होगा) | 5,25,00,000 |
| III | क. प्लाण्ट एवं मशीनरी प्लॉट 141/3 एवं 150 पार्ट, सर्वे नंबर 172/एए, 172/ई, 172/बी एवं 172/सी, एस.वी. को–ऑप इंडस्ट्रियल एस्टेट, आईडीए बोल्लामाम, जिन्नाराम (मंडल), संगा रेड्डी (जिला), तेलंगाना, भारत पर पूर्व–विद्यमान<br>ख. प्लाण्ट एवं मशीनरी विखंडित और 309, आईडीए बचूपल्ली, मियापुर–बोल्लाराम रोड, हैदराबाद–500 072 से उपरोक्त पते पर स्थानांतरित की गई है। (मशीनरी के लिए जीएसटी, लागू अनुसार, अतिरिक्त होगा) | 1,20,00,000 |
| IV | सम्पूर्ण लीजहोल्ड औद्योगिक भूमि (परिमाप लगभग 3 एकड़), जो प्लॉट 23 एवं 24 पार्ट, सिलतारा फेज–1 (मौजा ग्राम सिलतारा, आर.एन.एम. धार्सीवा–1), रायपुर (इंडस्ट्रियल एरिया सिलतारा रायपुर) में स्थित है। (जीएसटी, यदि लागू है, अतिरिक्त होगा) | 95,00,000 |

**09 अक्टूबर, 2020 को ई–नीलामी का समय**

| | | | |
|---|---|---|---|
| आइटम I : 10 से 11 | आइटम II : 11.10 से 12.10 | आइटम III : 12.20 से 13.20 | आइटम IV : 13.30 से 14.30 |

(1) इच्छुक आवेदक ई–नीलामी प्रक्रिया के पूर्ण दस्तावेज जिसमें ऑनलाइन ई–नीलामी के नियम एवं शर्तें, आस्तियों का विवरण, ई–नीलामी बिड फार्म, ग्राह्यता मानदंड, घोषणा तथा बोलीदाताओं द्वारा शपथपत्र फार्म, ईएमडी अपेक्षा इत्यादि दी गई हैं, देख सकते हैं जो सेवा प्रदाता मैसर्स 4क्लोजर की वेबसाइट https://www.bankauctions.in/ पर उपलब्ध हैं अथवा turboliquidator@gmail.com को मेल के माध्यम से प्राप्त किए जा सकते हैं।
(2) ई–नीलामी "जैसा है जहां है", "जो है जैसा है" तथा "जो भी है वहां है आधार" पर बिक्री के बाद परिसमापक का किसी भी प्रकार का कोई दायित्व नहीं आधार पर संचालित की जाएगी।
(3) परिसमापक को ई–नीलामी के किसी भी नियम एवं शर्तों को स्वीकार करने अथवा निरस्त करने अथवा विस्तारित करने अथवा संशोधित करने का अधिकार है। उसको बिना कोई कारण बताए कोई भी बोली अस्वीकार करने का अधिकार है।
(4) ईएमडी एवं दस्तावेज जमा करने हेतु समयसीमा 3 अक्टूबर, 2020 को अप. 5.00 बजे आईएसटी है तथा ई–नीलामी 9 अक्टूबर, 2020 को पूर्वा. 10 बजे से अप. 14.30 बजे तक संचालित की जाएगी। साइट दौरा/निरीक्षण हेतु अंतिम तिथि 3 अक्टूबर, 2020 है।

तिथि : 20–09–2020
स्थान : हैदराबाद
हस्ता./–
शंकर रमन सीतारमन, परिसमापक,
फोन : 9246537502
IBBI पंजी. सं. : IBBI/IPA-001/IP-P00405/2017-18/10722

# बिना अनुमति चल रह था पॉवर सॉ मिल, वन अमला ने किया मशीने सील

## आरके फर्नीचर मार्ट के बाद संजय सॉ मिल में वन अमला की दूसरी बड़ी कार्रवाई, आरामिल संचालकों व लकड़ी तस्करों के छुटने लगे पसीने

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com





डीएफओ के निर्देशानुसार रायगढ़ वन अमला के द्वारा लगातार बड़ी कार्रवाई की जा रही है। आरामिल की रूटिन जांच वन अमला ने शुरू क्या किया, एक के बाद एक करके आरामिल संचालको की पोल खुलने लगी और रूटिन जांच में कई तरह की खामियां पाए जाने के बाद अब वन अमला कार्रवाई पर फोकस कर रही है। ताकि मनमाना चल रहे आरामिल व लकड़ी तस्करों पर लगाम लग सके। इसी कड़ी में पहले आरके फर्नीचर मार्ट को सील किया गया था, तो शुक्रवार को संजय सॉ मिल बिना अनुमति चल रहे पॉवर सॉ मशीन व ट्राली को सील कर दिया गया है और आगे की कार्रवाई वन अमला के द्वारा की जा रही है।

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक पूर्व में डीएफओ मनोज पांडे के निर्देशानुसार व एसडीओ एआर बंजारे के मार्गदर्शन में वनक्षेत्रपाल लीला पटेल व उनकी टीम ने रायगढ़ वन परिक्षेत्र अंतर्गत आरामिल की रूटिन जांच शुरू की। इससे आरामिल में कई तरह की खामियां वन अमला को मिलने लगी, लेकिन सबसे बड़ी खामियां आरके फर्नीचर मार्ट में मिली, तो वन अमला ने यहां लाखों की अवैध लकड़ी जब्त करते हुए मार्ट को सील कर दिया, पर इनके तार अन्य आरामिल से जुड़ने का भी खुलासा होने लगा। ऐसे में शुक्रवार को मौदहापारा रोड स्थित संजय सॉ मिल में वन अमला ने दबिश दी और यहां फिर से जांच शुरू की। तब पता चला कि मिल संचालक द्वारा पॉवर सॉ व ट्रॉली बिना अनुमति के संचालित किया जा रहा है। ऐसे में शुक्रवार को संजय सॉ मिल बिना अनुमति चल रहे पॉवर सॉ मशीन व ट्राली को सील कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि सजंय आरामिल में पहले भी रूटिन जांच के लिए वनक्षेत्रपाल लीला पटेल व उनकी टीम पहुंची थी, लेकिन प्रारंभ में दस्तावेज देखने व मौकामुआयना करने बाद उसे वैसे ही छोड़ दिया गया था, पर दूसरी पर यहां पहुंच कर आज संजय आरा मिल की मशीन व ट्रॉली को सील किया गया है। यह बात भी सामने आ रही थी कि लंबे समय से संजय आरा मिल संचालक द्वारा बिना अनुमति के पॉवर सॉ मिल चलाया जा रहा था।

### लीला की ताबड़तोड़ कार्रवाई

वन क्षेत्रपाल लीला पटेल की ताबड़तोड़ कार्रवाई से आरामिल संचालको व फर्नीचर मार्ट की आड़ में अवैध लकड़ी की खरीद फरोख्त करने वाले लोगों के बीच दहशत का माहौल निर्मित हो गया है और एक सप्ताह में फर्नीचर मार्ट व सॉ मिल के सील हो जाने से लकड़ी तस्करों की मानों कमर ही टूट गई है और अब अन्य आरामिल संचालको में वन अमला का खौफ साफ साफ नजर आने लगा है।

### 22 आरामिल हो रही संचालित

विभागीय अमला ने बताया कि रायगढ़ वन परिक्षेत्र के अंतर्गत लगभग 22 आरामिल संचालित हो रहे हैं और लंबे समय से इनकी बारिकी से जांच प्रक्रिया नहीं हो रही थी। ऐसे में मिल संचालको का मनोबल बढ़ गया था, लेकिन डीएफओ मनोज पांडे ने कड़े तेवर दिखाए और उनके मार्गदर्शन में वन क्षेत्रपाल लीला पटेल ने लगातार इन पर कार्रवाई शुरू कर दी। ज्ञात हो कि लगभग दस साल पूर्व राजेश्वर मिश्रा ने आरामिल संचालको पर इस तरह की कार्रवाई की थी।

आरामिल चलाने का परमिशन लिया है पर गृह निर्माता लकड़ी को पूरा फिनिश्ड करने के कार्य का कोई कागज नही दिखाया है। लकड़ी जो भी है इनके पास उसका सत्यापन होगा और उसके बाद जो भी कार्रवाई होगा वन विभाग करेगा। इनके दो मशीन को अभी सील किया गया है आगे की जांच चल रही है।

**एआर बंजारे,** एसडीओ, रायगढ़ वन मंडल


बिना अनुमति के पॉवर सॉ व ट्रॉली को चलाया जा रहा था। इसके अलावा वर्ष 2016 में हैमर स्वीकृत किया गया था उसे भी अवैध रूप से इस्तेमाल किया जा रहा था। जिसे भी जब्त कर मिल को सील किया गया है।

**लीला पटेल**
वनक्षेत्रपाल, रायगढ़ वन परिक्षेत्र

## तीन महिला, तीन पुरुष व लॉज का मालिक गिरफ्तार, पीटा एक्ट की कार्रवाई

# लॉज में देह व्यापार की सूचना पर पुलिस की रेड

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com




सारंगढ़ पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर प्रिंस लॉज सारंगढ़ में छापेमारी कर आपत्तिजनक अवस्था में मिले तीन महिला व तीन पुरुष तथा लॉज के मालिक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों पर पीटा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सारंगढ़ टीआई आशीष वासनिक को शुक्रवार को मुखबीर से सूचना मिली कि प्रिंस लॉज में देह व्यापार के लिए रायगढ़ से युवतियों को लाया गया है। टीआई आशीष वासनिक द्वारा सूचना से पुलिस कप्तान और एसडीओपी सारंगढ़ जितेंद्र खुंटे को अवगत कराया गया और कार्रवाई के लिए स्टाफ को ब्रीफ किया।

तत्कालिक रूप से प्वाइंटर की व्यवस्था ना होते देख टीआई आशीष वासनिक द्वारा थाने में नए आमद आए आरक्षक को प्वाइंटर बनाकर प्रिंस लॉज भेजे। प्वाइंटर (आरक्षक) ग्राहक बनकर लॉज के मालिक संतोष केशरवानी से मिला और चर्चा किया। संतोष केशरवानी आरक्षक को पहचान नहीं पाया और सचमुच ग्राहक समझकर बोला कि लॉज के एक रूम में अभी तीन लड़के, लड़कियों के साथ हैं। आधे घंटे बाद 5,000 लेकर आना। तब ठीक है कहकर प्वाइंटर (आरक्षक) बाहर निकला और टीआई वासनिक को मोबाइल पर सूचना दिया है जिसके बाद एसडीओपी सारंगढ़ के नेतृत्व में लॉज पर पुलिस पार्टी द्वारा दबिश दी गई।

लाज में तीन आरोपी दिनेश कुमार साहू पिता गिरीश राम साहू उम्र 30 वर्ष निवासी चांटीपाली थाना डबरा जिला जांजगीर चांपा, कलाकार साहू पिता रूप सिंह साहू उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम सपोस थाना डबरा जिला जांजगीर चांपा, संजय जयसवाल पिता चंद्रिका जयसवाल उम्र 28 वर्ष निवासी झरिया पारा सारंगढ़ थाना सारंगढ़ रायगढ़ की तीन महिलाओं के साथ आपत्तिजनक अवस्था में मिले। पुलिसपार्टी द्वारा तीन, महिला एवं तीन पुरूष सहित लॉज के मालिक संतोष केशरवानी पिता सिदार सिंह केशरवानी उम्र 60 वर्ष निवासी नगरपालिका चौक सारंगढ़ को हिरासत में लिया गया है। लॉज के कमरे से पुलिस पार्टी द्वारा नकदी के साथ आपत्तिजनक सामान भी जब्त किया गया है।

आरोपी संतोष केशरवानी पूर्व में भी देह व्यापार के केस में जेल जा चुका है। पुनः छापेमारी में पकड़े जाने के बाद सात आरोपियों पर 3, 4, 5 अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम (पीटा एक्ट) के तहत थाना सारंगढ़ में कार्रवाई की गई है।

# नवनियुक्त एल्डरमेनों का महापौर कक्ष में हुआ अभिनंदन

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम रायगढ़ में नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा चयनित एल्डरमेनो का महापौर, सभापति, एमआईसी सदस्य, पार्षद, कांग्रेस के पदाधिकारी एवम प्रबुद्धजन की उपस्थिति में अभिनदंन कार्यक्रम रख स्वागत एवम सम्मान किया गया।

नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा नगर पालिक निगम रायगढ़ के लिए सात एल्डरमेनों की नियुक्ति की गई है। जिनके चयन से निगम के जनप्रतिनिधियों में उत्साह की लहर दौड़ गई है। नवनियुक्त एल्डरमेनों में दयाराम धुर्वे, राजेंद्र पांडेय, बिगु ठाकुर, चंद्रेशेखर चौधरी, वसीम खान, विजय टंडन, राजेश शुक्ला का रायगढ़ के महापौर जानकी काट्जू एवं सभापति जयंत ठेठवार समेत नगर कांग्रेस अध्यक्ष शाखा यादव एमआईसी विकास ठेठवार, रत्थु जायसवाल, राकेश तालुकदार, शौकी बघेल, संजय चौहान, आरिफ हुसैन, अमृत काट्जू, श्याम काट्जू, प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष शेख ताजीम ने सातों एल्डरमेनों को ससम्मान स्वागत कर अभिनन्दन किया।

# विद्युत लाइन के मेंटेनेंस के कारण, निगम के क्षेत्रों में जल प्रदाय होगा प्रभावित

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

सीएसएबी विभाग के द्वारा 33केवी विद्युत लाइन का मेंटेनेंस वर्क किया जा रहा है, जिसके कारण पावर सप्लाई जल शोधन संयंत्र में नहीं मिल पाएगा, जिससे शाम को निगम के कुछ क्षेत्रों में जल प्रदाय प्रभावित रहेगा! जल विभाग के कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नेहरू नगर से जाने वाली विद्युत लाइन जो जल शोधन संयंत्र को विद्युत आपूर्ति करती है, इसका मेंटेनेंस कार्य सीएसईबी द्वारा किया जा रहा है जिसके लिए 33द्म1 मेन लाइन को आज प्रातः 11.00 बजे से 3.00 बजे तक के लिए शटडाउन किया जाएगा! इस दौरान निगम के 77 एमएलडी जल शोधन संयंत्र के ट्रांसफार्मर में विद्युत आपूर्ति नहीं हो पाएगी। विद्युत आपूर्ति नहीं होने के कारण जल शोधन संयंत्र के पावर पंप से जल प्रदाय नहीं हो सकेगा इसके चलते आज सायं कालीन चंद्रा मौर्या, मदर टैरेसा नगर, फरीदनगर एवं खुर्सीपार के उच्च स्तरीय जलागार में जल प्रदाय नहीं हो पाएगी। विद्युत सप्लाई मिलते ही जल शोधन संयंत्र से टंकियों को भरने का कार्य किया जाएगा। संपवेल को भरने के लिए कम से कम आधा घंटा का वक्त चाहिए होता है, और ओवरहेड टंकियों को भरने के लिए कुछ घंटे का समय चाहिए जिससे टंकियों में जलभराव हो सके।

नई 12 टंकियों में से 3 टंकियों से किया जा रहा है जल प्रदाय महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव तथा निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने जल प्रदाय व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं! निगम क्षेत्र में नए 12 उच्चस्तरीय जलागार खमरिया, कोहका, छावनी, टंकी मरोदा, गौतम नगर, नेवई, डूंडेरा, हाउसिंग बोर्ड, पुरैना, रूआबांधा, कुरूद एवं स्लॉटर हाउस में बनकर तैयार है! प्रत्येक ओवरहेड टैंक में जल ग्रहण करने की क्षमता 32 लाख लीटर की है! इनमें से अधिकतर जलागार की टेस्टिंग की जा चुकी है तथा छावनी, गौतम नगर एवं हाउसिंग बोर्ड कि नई पानी टंकियों से सुबह एवं सायं काल इनके समीपस्थ क्षेत्रों में जल प्रदाय किया जा रहा है।

प्रभारी उप अभियंता बसंत साहू ने बताया कि कुछ क्षेत्रों में नई टंकियों से सप्लाई की जाने वाली पाइप लाइन की सफाई की जा रही है, जिससे कचरा को बाहर निकाला जाए और जल प्रदाय घरों तक किया जा सके! पुरानी ओवरहेड टैंक की बात करें तो निगम क्षेत्र अंतर्गत पहले से 8 टंकियों, नेहरू नगर, स्मृति नगर, फरीदनगर, वैशाली नगर, मदर टैरेसा नगर, चंद्रा मौर्या, खुर्सीपार एवं रिसाली के क्षेत्रों में जल प्रदाय निरंतर किया जा रहा है! अब तीन नई टंकियों से पानी देने के कारण निगम क्षेत्र की कुल 11 टंकियों से जल प्रदाय किया जा रहा है।

# खरसिया क्षेत्र में निर्धारित दर से अधिक में बिक रही है शराब

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



शिव सैनिकों ने खरसिया क्षेत्र में आबकारी विभाग के मिलीभगत से प्लेसमेंट कर्मचारियों द्वारा निर्धारित दर से अधिक दर पर शराब की बिक्री करने का आरोप लगाया है। शिव सेना की ओर से कलेक्टर के नाम खारसिया एसडीएम को ज्ञापन सौप कर कार्रवाई की मांग की गई है।

शिव सेना द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि खरसिया क्षेत्र में शासकीय शराब दुकान के संचालक प्लेसमेंट एजेंसी के कर्मचारी शासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक दर पर शराब बिक्री कर रहे हैं। बिल मांगने पर बिल भी नहीं दिया जा रहा है। इस बात की लगातार शिकायते मिल रही है। इसके साथ ही शराब दुकान से निर्धारित मात्रा में ही प्रति व्यक्ति को शराब देने का नियम है, लेकिन अधिक राशि लेकर शराब कोचियों को दिए जाने की बात भी सामने आ रही है।

आबकारी विभाग के अधिकारियों से शिकायत करने पर उनके द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया जाना कही न कहीं उनकी संलिप्तता को दर्शाता है। उन्होंने कलेक्टर से मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# वर्मी कंपोस्ट तैयार करने के लिए टंकियों में छोड़ा गया आईसेनिया पटेरिया केंचुआ

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

**नेहरू नगर जोन के नवीन वर्मी कंपोस्ट शेड में आज से कंपोस्ट बनाने का कार्य प्रारंभ**

छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा, बारी एवं गोधन न्याय योजना के अंतर्गत नगर निगम के शहरी गौठान और एसएलआरएम सेंटर के समीप में बनाए गए वर्मी कम्पोस्ट टंकियों में केचुओं को डालकर कंपोस्ट बनाने की प्रकिया शुरू कर दी गई है। निगम ने शहरी गौठान कोसानगर की 10 टंकियों में गोबर और ऑस्ट्रेलिया नस्ल की आईसेनिया पटेरिया केंचुआ डाल कर कंपोस्ट बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है यहां पर 50 कंपोस्ट की टंकी तैयार की जानी है जिसमें से 30 टंकी निर्मित हो चुकी है शेष प्रगति पर है। महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव तथा आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देशन पर वर्मी कंपोस्ट शेड बनाने का कार्य जोन क्षेत्रों में तेजी से चल रहा है! टंकियों में केंचुआ डालकर जूट के बारदाने से ढकने का कार्य किया जाएगा! सभी जोन क्षेत्र में गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी केंद्र बनाई जा चुकी है एवं वर्मी कंपोस्ट शेड बनाने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है! शासन प्रशासन के निर्देशानुसार केवल पंजीकृत हितग्राहियों से ही गोबर खरीदी की जा रही है! पशुपालकों की सुविधा के लिए पृथक से पंजीयन कक्ष भी तैयार किया गया है! जहां कोई भी पशुपालक पंजीयन फार्म के साथ मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक और राशन कार्ड की फोटो कॉपी जमा कर पंजीयन करवा सकते हैं तथा गोधन न्याय योजना से जुड़कर अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं! जोन क्रमांक 2 में बोगदा पुल स्थित जामुल ट्रेंचिंग ग्राउंड में 7 टंकियां तैयार हो चुकी है अन्य 13 टंकी बनाने का कार्य तीव्र गति से चल रहा है यहां कुल 20 टंकियां बनाई जाएगी! जोन क्रमांक 3 के बैकुंठ धाम स्थित एसएलआरएम सेंटर में 10 टंकियां बनाई गई है, कार्यपालन अभियंता डीके वर्मा ने बताया कि जल्द ही यहां वर्मी कंपोस्ट बनाने का कार्य प्रारंभ किया जाएगा!

## श्रम दिवस के रूप में मनाई विश्वकर्मा पूजा

**भिलाई।** भारतीय मजदूर संघ दुर्ग की ओर से विश्वकर्मा जयंती का आयोजन श्रम दिवस के रूप में किया गया। भिलाई इस्पात मजदूर संघ कार्यालय सेक्टर-5 और स्वयत्तशाासी मजदूर संघ कार्यालय सुपेला के अलावा रसमड़ा में मध्यान्ह भोजन महासंघ की प्रमिला देवांगन के द्वारा पूजा की गई। सफाई कामगार संघ रवि सोनी ने दुर्ग में पूजा एवं गोष्ठी रखी। इसी तरह बिजली, एनएसपीएल, राज्य कर्मचारी संघ व आंगनबाड़ी संघ ने अपने कार्यालय मे जयंती मनाई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय मजदूर संघ दुर्ग जिला के उपाध्यक्ष दिनेश कुमार पाण्डेय, जिला मंत्री आईपी मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष बाल्मीकि सिंह, जिला सह मंत्री कृष्णा देशमुख,पूर्व जिला मंत्री विवेक रंगनाथ,नगर निगम भिलाई के स्वयत्तशासी संघ के महामंत्री रामेश्वर चन्द्राकर, पूर्व जिला अध्यक्ष आर बी यादव,भिलाई इस्पात मजदूर संघ के उपाध्यक्ष हरिशंकर चतुर्वेदी, सचिव अनिल जैन, सचिव अनिल गजभिए एवं वरिष्ठ सदस्य अरविंद पुरी सहित अन्य लोग शामिल हुए।

# कोरोना काल में भी सृजनशीलता को दी प्राथमिकता

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

इस्पात संयंत्र के बिजनेस एक्सीलेंस विभाग द्वारा गुणवत्ता-2020 के तहत संयंत्र स्तरीय क्वालिटी सर्कल एवं 5-एस प्रोजेक्ट प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता-2020 का महती आयोजन किया गया। कोरोना के संकट के बावजूद संयंत्र बिरादरी ने अपने सृजनशीलता की धमक दिखाई है। संयंत्र प्रत्येक चुनौती पर विजय पाने के लिए अनेक क्रिएटिव कार्यों को अंजाम दिया है। यही वजह है कि संयंत्र के बिजनेस एक्सीलेंस विभाग द्वारा 'गुणवत्ता-2020' के प्रतियोगिता में इस वर्ष सर्वाधिक 78 टीमों ने भाग लेकर नया रिकॉर्ड कायम किया है।

### चैप्टर कन्वेंशन में भाग लेने हेतु सर्वाधिक 61 टीमों का चयन

विदित हो कि बीई विभाग द्वारा यह आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। यह प्रतियोगिता संयंत्र में क्वालिटी सर्कल व 5-एस के तहत किए गए इनोवेटिव कार्यो को प्रस्तुत करने का एक सार्थक मंच प्रदान करता है। इसके तहत संयंत्र की क्वालिटी सर्कल व 5-एस टीमें अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुतीकरण से अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले क्वालिटी सर्कल टीमों का चयन चैप्टर कन्वेंशन के माध्यम से नेशनल कन्वेंशन हेतु किया जाता है। इस वर्ष संयंत्र ने विभिन्न विभागों की कुल 61 टीमों का चयन क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफइण्डिया, भिलाई चैप्टर द्वारा आयोजित चैप्टर कन्वेंशन में भाग लेने हेतु किया गया है। जोकि अब तक का सर्वाधिक टीमों का रिकॉर्ड है।

### क्रिएटिविटी को मंच देने बीएसपी प्रतिबद्ध

विदित हो कि जहाँ वर्ष 2016 में चैप्टर कन्वेंशन हेतु 17 टीमों का चयन किया गया था। वहीं वर्ष 2017 व वर्ष 2018 हेतु क्रमशः 25 व 39 टीमों को चैप्टर कन्वेंशन में भाग लेने हेतु भेजा गया। इसी क्रम में वर्ष 2019 में एक नया रिकॉर्ड बनाते हुए संयंत्र ने 44 टीमों को चैप्टर कन्वेंशन में प्रतिभागिता करने हेतु स्वीकृति दी।

## शिक्षक फेडरेशन ने किया नवपदस्थ एसडीएम से मुलाकात



**सक्ति।** अनुविभाग के नवपदस्थ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बी एस मरकाम जी से 18 सितंबर को चंद्र प्रकाश तिवारी प्रदेश संगठन सचिव के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन का प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। फेडरेशन की तरफ से उनका अभिनंदन और स्वागत किया गया। नवपदस्थ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को फेडरेशन की तरफ हमेशा सहयोग करने का भरोसा दिया गया। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन के इस प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ शशि कला उरांव, जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र नाथ मिश्रा, जिला महासचिव शशि कांत राउतराय, जिला संगठन सचिव अमित कुमार पटेल , ब्लाक अध्यक्ष सक्ती उदय सिंह सिदार ,ब्लाक अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ मालखरौदा अहिल्या जगत, ब्लाक मीडिया प्रभारी जिला प्रभारी छत्तीसगढ़ अंशदायी पेंशन कर्मचारी कल्याण संघ जांजगीर चांपा अजय सिदार मुन्ना लाल उरांव, बिहारी लाल बरेठ, मधुसूदन कांस्यकार शामिल थे।

## एक राष्ट्र, एक विधान लागू करना, सेना को आत्मनिर्भर करने का फैसला लिया

# सेवा सप्ताह पर नवागढ़ मण्डल के झाल में किया वृक्षारोपण

पायनियर संवाददाता ➤ नवागढ़
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व के आह्वान पर सेवा सप्ताह के तहत नवागढ़ मण्डल के कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम झाल में जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी के मुख्य रूप से उपस्थिति में स्कूल परिसर में वृक्षारोपण किया गया, इस दौरान जिला महामंत्री विकास धर दीवान, जिला उपाध्यक्ष फिरतुराम साहू, जिला मंत्री सुरेंद्र सिंह ठाकुर, फिरन्ता राम साहू, पूर्व मंडी अध्यक्ष नरेन्द्र शर्मा, पूर्व महामन्त्री दीपक तिवारी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष त्रिलोक साहू, पुर्व महामन्त्री मनहरण सिंह ठाकुर, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामशरण साहू, विष्णु सिंह ठाकुर, भाजयुमो जिलाध्यक्ष विकास घरडे सहित भाजपा के संथापक सदस्य उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश वासियों की मंशानुसार कार्य करते हुए अयोध्या मे राम मंदिर निर्माण ,समान नागरिकता कानून, एक राष्ट्र एक विधान लागू करना,सेना को आत्मनिर्भर करने एवं सामाजिक समरसता जैसे अनेक कार्य किये जिससे भारत देश मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि साफ सफाई तथा वृक्षारोपण में उत्कृष्ट सहयोग रहा समाज में किए गए इस प्रकार के प्रयास से लोगों में जागरूकता पैदा होगी और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान को बल मिलेगा व वृक्ष लगाने से हमारे समाज मे प्रदूषण काफी हद तक कम होगी और हमारी भारतवर्ष गंदी गंदगी से निजात पाएंगे। भाजपा जिला महामंत्री विकास दीवान ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री मोदी की जीवनी में हम देखें तो सेवा प्रमुख लक्ष्य रहा है। देश की सेवा, जनता की सेवा, दलितों, शोषित और पिछड़े वर्गों की सेवा, जो समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की सेवा, ये उनके जीवन का ध्येय रहा। ये लक्ष्य मोदी का बचपन से था। उन्होंने कहा कि जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में जिला प्रत्येक कार्यक्रम में प्रदेश में सबसे अव्वल रहा है, इसे और आगे लेकर जाना है। जिला उपाध्यक्ष फिरतुराम साहू ने कहा कि भाजपा अनुशासन पर चलती है यहां नेता का नही संगठन सर्वोपरी है। पार्टी जिसको नेता तय करती है,प्रत्येक कार्यकर्ता हो उसके लिए कार्य करना चाहिए। जिला मंत्री सुरेंद्र ठाकुर ने कहा कि संगठन में निष्ठावान कार्यकर्ताओं को सम्मान मिलता है, जो निस्वार्थ भाव से काम करते है उन्हें निश्चित रूप से पहचान होती है। मण्डल अध्यक्ष चन्द्रपाल साहू, मिन्टू बिसेन, सुरेश साहू, बबलू राजपूत, दयावन्त धर बांधे, देवादास चतुर्वेदी, गिरेन्द्र महिलांग,मधु रॉय, दुर्गा सोनी, अमिता बघेल, सुभाष सोनी, उमेश ध्रुव, दिलीप नवरंग, रुम्पल टुटेजा,धनीराम निर्मलकर, रामसागर साहू, मोहन बघेल, टीकम पूरी, बालशकर वर्मा, गुनेश वर्मा, सूरज वर्मा, विकास, ओमकार साहू, सुभाष महिलांग सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जिलाध्यक्ष के कार्यक्रम से अलग पूर्व मंत्री ने मोहतरा में किया वृक्षारोपण

एकतरफ जहां नवागढ़ भाजपा मंडल के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष के कार्यक्रम के चलते भाजपा संगठन के जिला पदाधिकारी एवं नवागढ़ विधानसभा के दिग्गज नेतागण जूठे थे, लेकिन इसके विपरीत नवागढ़ मण्डल में रहते हुए कार्यक्रम से दूरी बनाते हुए पूर्व मंत्री दयालदास बघेल ने अपने कुछ करीबियों के साथ उसी के निकट ग्राम मोहतरा में वृक्षारोपण किया भाजपा मंडल संगठन के कार्यक्रम से अलग थलग निजी रूप में वृक्षारोपण करने से पूरे क्षेत्र में अनेक अटकलें तेज हो रही है।

# एनकेएच में सात दिन बंद रहेगी ओपीडी की सेवाएं

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com

देश व प्रदेश के साथ जिले में कोविड-19 के संक्रमण का दायरा बढ़ता जा रहा है। संक्रमण पर रोक लगाने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से जारी कोविड-19 के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए प्रबंधन ने बड़ा फैसला लिया है। सात दिन के लिए ओपीडी सर्विस को बंद करने और रूटिन चेकअप के लिए आने वाले मरीजों को निःशुल्क ऑनलाइन परामर्श देने की घोषणा की है।

एनकेएच के डायरेक्टर डॉ. एस चंदानी ने बताया कि ओपीडी बंद रहने के दौरान भर्ती मरीजों का इलाज तो डॉक्टरों की ओर से किया जाएगा, लेकिन जिनका इलाज रूटीन में चल रहा था उनके लिए चिकित्सक फोन पर निःशुल्क परामर्श की सुविधा दे रहे हैं। शुक्रवार को 16 लोगों को फ ोन पर फ्री ओपीडी दी गई। डॉ. चंदानी ने बताया कि कोरोना संक्रमण काल में एनकेएच प्रबंधन ने बचाव के तमाम उपायों को अपनाया है। अस्पताल के सभी कर्मचारियों की कोरोना जांच की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि सातों दिन हॉस्पिटल को पूर्णतः सुबह और शाम सैनिटाइज किया जा रहा है। जिससे कोरोना संक्रमण से बचाव किया जा सकेगा। वहीं जितने भी स्टाफ कोरोना पॉजिटिव आए हैं उनको होम आइसोलेशन में रखा गया है। उन सभी लोगों का दोबारा टेस्ट कराकर ही अस्पताल में प्रवेश दिया जाएगा। 23 सितंबर तक ओपीडी को बंद रखा गया है। ताकि मरीजों और उनके परिजनों को सुरक्षित रखा जा सके। प्रबंधन ने ऑनलाइन कंसल्टेंसी के लिए दो नंबर जारी किए हैं, जो सुबह 11 से शाम पांच बजे तक 9285508592, 8602599163 सुविधाएं देंगे। उन्होंने बताया कि एनकेएच से किसी अन्य स्थान पर कोविड अस्पताल बनाने का भी प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए प्रशासनिक तौर पर आवेदन की प्रक्रिया की गई है।

# हड़ताल का असर : जिले के सारे कोरोना जांच शिविर ठप्प, जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में ताला

- लोगों में हड़कंप, गांधी सभागृह में किए गए महज 62 टेस्ट
- ट्रू नॉट लैब, मोबाइल यूनिट, सर्विलांस टीम, प्रायमरी कांटेक्ट सैंपल ठप्प

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनएचएम) के संविदा कर्मियों की हड़ताल के पहले ही दिन जिले में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं चरमरा गई। कोरोना काल में शुरु हुई इस हड़ताल के चलते बड़ी मुश्किलें खड़ी हो चुकी हैं। रोजाना जिले में होने वाले 15 सौ कोरोन टेस्ट हड़ताल के पहले ही दिन लगभग सौ के आंकड़े पर सिमट गए। ट्रू नॉट टेस्ट लैब में भी काम रुक गया है। जिले के 22 कोरोना जांच शिविर ठप्प पड़ गए हैं। जहां एक ओर शहर अनलॉक कर दिया गया है तो दूसरी ओर कोरोना जांच का ठप्प हो जाना गंभीर खतरा पैदा कर सकता है।

गांधी सभा गृह में शनिवार को महज 62 टेस्ट किए गए जबकि यहां रोजाना 3 सौ से 4 सौ टेस्ट हो रहे थे। इस दौरान यहां जांच कराने लोगों की भीड़ जमा होती रही। सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में भी टीम कुछ दर्जन सैंपल ही कलेक्ट कर पाई। बताया जाता है कि यहां भी टेस्ट करने मौजूद टीम में कोई एक्सपर्ट मौजूद नहीं था। काफी देर तक लोग कतार में इंतजार करते रहे जिसके बाद उन्हें बगैर जांच कराए ही वापस लौटना पड़ा।

शहर के गांधी सभा गृह, ऑडिटोरियम और शंकरपुर स्थित जांच शिविरों सहित ब्लॉकों में चल रहे 22 जांच केंद्र बंद पड़े हैं। शहर में गांधी सभा गृह और जिले में खैरागढ़ में जांच शिविर ही चल रहे हैं जो कि किसी भी सूरत में तेज जांच के लिए काफी नहीं हैं। कोरोना की जांच प्रभावित होने के चलते लोगों में हड़कंप है। गौरतलब है कि हाल-फिलहाल में रोजाना जिले में दो - तीन सौ से अधिक मरीज सामने आते रहे हैं। जांच ठप्प होने से यह आंकड़े न जाने आगे चलकर और कितने बढ़ जाएंगे।

### अब कैसे मिलेगी रिपोर्ट

कोरोना सर्विलांस टीम हड़ताल के चलते सक्रिय नहीं है। रिपोर्ट तैयार करने वाले और लोगों को उनकी रिपोर्ट की जानकारी देने का काम भी रुक गया है क्यूंकि यह जिम्मेदारियां संभाल रहे कर्मी भी हड़ताल पर चले गए हैं। मोबाईल यूनिट के कर्मी भी अनिश्चितकालीन हड़ताल का हिस्सा हैं। मोबाईल यूनिट में भी इन्हीं स्वास्थ्यकर्मियों को रखा गया था जिनके हड़ताल पर जाने के बाद वीआईपी, बुजुर्गों की घर पहुंचकर कोरोना जांच की सुविधा भी ठप्प हो गई है। प्रायमरी कांटैक्ट सैंपल टीम का भी काम बंद हो गया है।

ब्लड बैंक में ताला

शहर में स्वास्थ्य व्यवस्था को भी बड़ा झटका लगा है। हड़ताल के चलते जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में भी ताला लग गया है। वहीं जिला अस्पताल से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय व मेडिकल कॉलेज के बीच सामंजस्य भी हड़ताल के चलते प्रभावित हुआ है। शहर के शंकरपुर, मोतीपुर और लखोली स्थित अर्बन हेल्थ सेंटर बंद हो चुके हैं। यहां चल रहे 20 स्वास्थ्य सुविधा केंद्र भी ठप हो गए हैं।

**5 सौ कर्मी हैं हड़ताल पर**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के संविदा कर्मियों ने शनिवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल के पहले दिन राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। राजनांदगांव जिले के करीब 500 संविदा कर्मियों ने प्रांतव्यापी हड़ताल में शामिल होते हुए अपनी मांग को लेकर आवाज उठाई। जिला मुख्यालय के अलावा ब्लॉकों में भी विरोध स्वरूप संविदा कर्मियों ने हड़ताल किया है। सीएमओ कार्यालय में पदस्थ कर्मियों ने हड़ताल करते हुए नारेबाजी की। वहीं ब्लॉकों में पदस्थ कर्मियों ने सरकार विरोधी नारे लगाए।

## कोविड-19 दौर में सरकार हिला देने की कवायदें




डोंगरगांव नगर। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत संविदा अधिकारी व कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल में सक्रिय हो गए। राज्य शासन से नियमितीकरण की मांग कर रहे प्रदेशभर के एनएचएम कर्मचारी संघ में डोंगरगांव इकाई के लगभग 51 एनएचएम 19 सितम्बर से अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ कर दी है। एनएचएम संविदा कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राकेश कुर्रे ने दैनिक पायनियर को बताया कि राज्य सरकार ने विधानसभा चुनावी घोषणा पत्र में प्रदेशभर के 13000 हजार एनएचएम संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण का वादा किया था। श्रीकुर्रे ने कहा कि सरकार को सत्तासीन हुए 2 वर्ष हो गए। एनएचएम कर्मचारी कोविड काल में भी जोखिम पूर्ण कार्य कर रहे हैं।

### कोविड दौर में मृतकों को भावांजलि

एनएचएम कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने से पुर्व गत दिनों कोविड से सीएचसी के ड्रेसर युनुस खान के असामयिक निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। संघ ने एनएचएम कर्मचारियों का 50 लाख का बीमा होना चाहिए। बहरहाल डोंगरगांव ब्लॉक सीएचसी में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराने के आसार हैं।

### नियमितिकरण को लेकर अड़े

कांग्रेस सरकार की वायदा खिलाफी को लेकर एनएचएम कर्मी संघ अब आर-पार की लड़ाई की तैयारी में हैं। शनिवार से शुरु हुई हड़ताल को लेकर संघ के अखिलेश सिंह ने कहा कि कि 15 वर्षों से बतौर संविदाकर्मी कार्य करने के बाद भी उन्हें नियमित नहीं किया जा रहा है। जबकि स्वास्थ्य विभाग को छोड़कर अन्य विभागों में कार्यरतकर्मी नियमित किए जा चुके हैं। प्रांतव्यापी आह्वान पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मियों ने सीएमओ कार्यालय के सामने एकत्र होकर अपनी मांगों को नारेबाजी की।

# फिर से लापरवाह हुए लोग, शहर में अनलॉक के पहले दिन ही खचाखच भीड़, स्वास्थ्य विभाग भी उदासीन

## जिनके घर में कोरोना पॉसिटिव वो कर रहे दुकानदारी, किसी व्यक्ति पर भी आपराधिक मामला दर्ज नहीं

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



अंततः दो हफ्तों की तालाबंदी के बाद कल सुबह 06 बजे से संस्कारधानी का बाजार फिर से गुलजार हो गया।ज्ञात हो कि जिला प्रशासन ने गुरुवार से ही अनलॉक को लेकर फैसला लेने की तैयारी कर ली थी लेकिन पड़ोसी दुर्ग जिले के लॉकडाउन होने के चलते कश्मकश बढ़ गई थी। जिला प्रशासन के आदेश जारी करने के बाद कल सुबह 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक सभी व्यवसायिक संस्थानों का संचालन शुरू कर दिया गया और सुबह से ही शहर की जनता इस तरह से खरीददारी में भीड़ गई जैसे सालों से बाजार बंद हो। इसके साथ ही शहर में तमाम जगहों पर लापरवाह जनता ने खचाखच भीड़ को फिर से जन्म दे दिया। शनिवार की सुबह से ही शहर में चारों ओर भीड़ का माहौल दिखने लगा।और तो और उन व्यापारियों ने भी जमकर लापरवाही बरती जो कल तक लाकडाउन की मांग पर अड़े थे । कई व्यापरी तो ऐसे भी हैं जिनके घर के लोग कोरोना से संक्रमित हैं और वो लोग अपनी दूकान खोलकर बैठे हैं । शहर की भीड़ में सोशल डिस्टेंस की धज्जियां उडी हुई हैं और ज्यादातर लोगों के चेहरे पर मास्क नाम की कोई चिड़िया नहीं है । दुकानदार भी धड़ल्ले से बिना मास्क सामान बेच रहे हैं और ग्राहक भी सिर्फ दिखावे के लिए नाक के नीचे मास्क लगाए हुए हैं । अब ऐसी परिस्थित में कोरोना का यह भयानक संक्रमण कैसे रुकेगा ये समझ से परे है । पुलिस विभाग भी चौक चौराहों पर केवल राह चलते लोगों का चालान काटने में व्यस्त है जबकि शहर के भीतर किसी भी प्रकार का दबाव नहीं बनाया जा रहा है ।

### लापरवाह स्वास्थ्य विभाग




कोरोना काल में वायरस के लगातार बढ़ते संक्रमण के बाद भी स्थानीय स्वास्थ्य विभाग अपनी लापरवाहियों से बाज नहीं आ रहा है। शहर में संबंधों को निभाने के लिहाज से स्वास्थ्य विभाग उन लापरवाह और गैरजिम्मेदार लोगों की सूचि पुलिस विभाग को कार्यवाही के लिए दे ही नहीं रहा है जो लोग कोरोना प्रोटोकॉल का पालन नहीं कर रहे हैं और लगातार संक्रमण फैला रहे हैं । मिली जानकारी के अनुसार शहर में कई ऐसे व्यापारी हैं जिनके घर में कई लोगों के संक्रमित होने के बावजूद वो लोग अपनी दूकान खोलकर बैठे हैं लेकिन उन पर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हुई है । कई ऐसे लोग भी हैं जो आइसोलेशन के दौरान अपने घरों से बाहर निकलकर घूम रहे हैं और उनकी शिकायत भी की जा रही है उसके बाद भी विभाग उन पर कार्यवाही करने में अक्षम है । बहुतेरे ऐसे भी लोग है न जो सिम्टम्स आने के बाद भी अस्पताल नहीं जा रहे हैं या उनके परिवार के लोग बाहर बाजार में कोरोना बाँट रहे हैं उन पर भी कोई पुलिसिया दबाव नहीं है और जब तक स्वास्थ्य विभाग ऐसे लोगों की सूचि जारी नहीं करेगा तब तक संक्रमण रोकना असंभव सा जान पड़ता है ।

### केवल पोंगे से सावधानी बढ़ाने के फेर में कलेक्टर

लाकडाउन खोल दिए जाने के बाद शहर में संक्रमण पर लगाम लगाने के लिए जिलाधीश के द्वारा भी कोई कडा प्रयास नहीं किया जा रहा है। शहर भर में केवल पोंगे के माध्यम से अलाउंस करवाया जा रहा है कि सोशल डिस्टेंस बनाये रखें , मास्क लगाएं। अब जब कई मौतों के बाद भी शहर की जनता लापरवाही बारात रही है तो ऐसे में जिला कलेक्टर को कोई ठोस निर्णय लेना होगा लेकिन उनके द्वारा लापरवाही पर अंकुश लगाने का कोई फाई पुख्ता उपाय नहीं किया जा रहा है। गौरतलब है कि कोरोना संक्रमित मरीजों के गैरजिम्मेदाराना व्यवहार की वजह से पहले ही महाजन बाड़ी स्थित कोविड सेंटर को कुछ दिनों के लिए बंद कर दिया गया है अब वहां साफ सफाई करवाने के बाद उसे फिर से शुरू किया जाएगा । बड़ा सवाल यह है कि जो लोग इतने इन हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं उन पर जिलाधीश या स्वास्थ्य विभाग अब तक मेहरबान क्यों है ? जबकि कुछ लोगों पर लगातार कार्यवाही के बाद व्यवस्था सुधारी जा सकती है।

### अपील से अब तक कुछ हुआ है जो अब होगा ?



जय स्तंभ चौक के पास एक निर्माणाधीन बिल्डिंग की ढलाई हो रही है जिसमें 24 लेबर काम कर रहे हैं. सारे के सारे बिना मास्क लगाए काम कर रहे हैं. यही नहीं आसपास के तमाम मोबाइल दुकानदार खुद बिना मास्क के बैठे हैं और ग्राहक भी बिना मास्क के पहुंच रहे हैं. सब कुछ ढर्रे पर चल रहा है. जितने फलों के ठेले लगे हैं उनमें से किसी ने भी मास्क नहीं पहना है. सवाल उठता है कि आखिर क्या हुआ चेंबर ऑफ कॉमर्स की अपील का! देखा जाए तो अब तक अपीलों का कुछ खास असर होता दिखा ही नहीं है और जब अब तक कुछ न हुआ तो अब क्या होगा। वैसे जरुरी है कि चेंबर ऑफ कॉमर्स मोर्चा संभाले और बाजार की व्यवस्था पर नज़र डाले। लॉकडाऊन लागू करने, खोलने जैसी अपीलों तक ही चेंबर का सीमित रहने की बजाए अब अपने ही व्यापारियों को समझाने का जिम्मा भी चेंबर को उठाना चाहिए।

# पेंड्री कोविड-19 अस्पताल की व्यवस्था सुधारने के लिए परवेज ने अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



- स्वास्थ्य अधिकारी सरकारी व निजी अस्पतालों का करें दौरा

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष परवेज अहमद पप्पू ने बीते शुक्रवार को पेंड्री कोविड-19 अस्पताल की व्यवस्था सुधारने हेतु व निजी अस्पताल में इलाज के नाम पर हो रही अवैध वसूली को लेकर कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर सीएल मारकंडे को ज्ञापन सौंपा ।

अहमद ने कहा कि पेंड्री स्थित कोविड-19 अस्पताल अव्यवस्था का अंबार है जबकि सीएमओ के द्वारा उक्त अस्पताल की देखरेख अच्छी तरह नहीं हो पा रहा है । कोविड-19 मरीजों को अच्छा खाना, दवाई, मेडिकल चेकअप के अलावा सफाई व्यवस्था नहीं मिल रहा है । इसे लेकर भर्ती मरीजों के परिजनों ने कई बार शिकायत भी किया है । लेकिन व्यवस्था आज भी जस की तस है इसके अलावा निजी अस्पताल में कोविड-19 मरीजों से इलाज के नाम पर अनाप-शनाप पैसा वसूला जा रहा है ऐसे कई उदाहरण निजी अस्पतालों में अभी देखने को मिल रहा है । परवेज ने पेंड्री कोविड-19 अस्पताल के अलावा निजी अस्पतालों हेतु आवश्यक कार्यवाही की मांग की है जिस पर अपर कलेक्टर सीएल मारकंडे ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है ।

## सदरलाइन के व्यापारीवर्ग में कोविड का कहर

**डोंगरगांव नगर।** नगर में कोविड का रौद्र स्वरूप सामने आने लगा है। सदरलाईन के दो परिवारों से ही 8 सदस्य पॉजिटिव आने की पुष्टि हुई है। दोनों परिवारों को व्यापारीवर्ग का बताया गया है। एक परिवार को 17 सितम्बर को कोविड से मृतक व्यापारी के परिवार से होने की पुष्टि स्वास्थ्य विभाग ने की है। नगर में सन्नाटा पसर गया है। मेडिकल बुलेटिन में पुष्टि मुताबिक नगर से 9 व ग्रामीण से 7 पॉजिटिव आये हैं। नगर के सदरलाईन के 2 परिवारों के 4-4 सदस्य वार्ड 03 व 04 से पॉजिटिव पाए गए आये हैं। वहीं एक वार्ड 07 से पॉजिटिव है। सीएचसी के ग्रामीण इलाके में बरसनटोला में 18 सितम्बर को कोविड से निधन रिटायर्ड शिक्षक के 6 रिश्तेदार प्रायमरी टेस्ट में पॉजिटिव हुए हैं। एक पॉजिटिव कोकपुर से होने की खबर है।

**मृतक के भाई की स्थिति गंभीर-** सूत्रों की माने तो मृतक व्यापारी के भाई सहित प ी व बच्चों के भी पॉजिटिव होने की खबर है। मृतक के बुजुर्ग भाई को गंभीर स्थिति में रायपुर शिफ्ट कराने की तैयारी थी। खबर लिखे जाने तक संक्रमितों को रायपुर, राजनांदगांव व डोंगरगांव नगर कोविड केयर सेंटर शिफ्ट कराने तथा कुछ को होम क्वारेंटाइन कराने प्रक्रिया जारी है।

## मामला छुरिया इलाके का, पीड़ित परिवार ग्राम के दबंगों से घबराया

# कोरोना पीड़ित मिली युवती तो परिवार पर लगाया आर्थिक दंड, शुद्धिकरण करवाने की सजा भी सुनाई

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com

छुरिया इलाके में कोरोना पीड़ित मरीज के परिवार का ग्रामीणों द्वारा बायकॉट किए जाने का मामला सामने आया है। गैंदाटोला थाना अंतर्गत ग्राम जयसिंगटोला में परिवार ने आरोप लगाया है कि ग्रामीण उन्हें प्रताड़ित कर रहे हैं जिसके चलते परिवार भयभीत है। इस पूरे वाकये के पीछे की वजह कोरोना पीड़ित होना है। विगत दिनों जयसिंग टोला निवासी कृषक धनेश राम साहू के परिवार को कोरोना होने की खबर गांव में फैली। तब धनेश राम साहू ने ऐहतियात के तौर पर अपने व अपने परिवार वालो का कोरोना टेस्ट करवाया। जब कोरोना रिपोर्ट आई तब धनेश राम साहू एवं उनकी पत्नी की रिपोर्ट निगेटिव आई। बाद में उनकी सुपुत्री ऋतु साहू की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी।

ऋतु साहू को छुरिया के कोरेंनटाईन सेंटर में भर्ती किया गया है। जानकारी के अनुसार किसान की बेटी के पॉजिटिव आने की खबर सुनते ही गांव के कुछ दबंगो द्वारा ग्राम में बैठक कर कृषक धनेश राम सू पर कई मनगढ़ंत आरोप लगाए गए हैं। उन पर बेवजह दबाब डाला गया व गांव में कोरोना बीमारी फैलाने, नियमो का उलंघन करने सहित कई अनेक आरोप लगाकर उन्हें पांच हजार रुपये के आर्थिक दंड भरने साथ ही आगामी समय आने वाले क्वांर नवरात्रि में शीतला मंदिर में पूजा पाठ कराकर गांव के शुद्धिकरण करने का फरमान सुनाया गया है।




पांच हजार रुपये का बड़ा आर्थिक जुर्माना लगने तथा शीतला मंदिर में पूजा पाठ करवाने के फरमान के बाद पीड़ित परिवार काफी डरा सहमा हुआ व मानसिक रूप से काफी परेशान है। परिवार के मुखिया का कहना है कि उन्हें हमेशा गांव में ही रहना है तथा यदि उक्त मामले की शिकायत वे शासन - प्रशासन में करते है तो ग्रामीणों द्वारा उसे बाद में फिर से परेशान किया जाएगा। गांव में दबंगों के प्रति दहशत इतनी है कि लोग ऐसे लोगो के खिलाफ मुंह खोलने से भी बच रहे है।

### क्या है केंद्र व राज्य सरकार की गाइडलाइन

इस मामले में केन्द्र व राज्य सरकार की स्पष्ट गाइडलाइन है कि कभी भी किसी भी कोरोना पीड़ित मरीज व उनके परिवार को किसी भी स्थिति में प्रताड़ित, परेशान व दण्डित नहीं किया जा सकता। ऐसा करना कानूनन अपराध है जिसमे भारतीय संविधान व कानून की विभिन्न धाराओ के तहत आरोपियों पर सख्त कार्यवाई हो सकती है। ऐसे लोगो को जेल की हवा खानी पड़ सकती है जो कोरोना पीड़ित परिवार को प्रताड़ित व दण्डित कर रहे है।

इस मामले में अभी तक मुझे कोई सूचना नहीं मिला है। कोरोना सक्रमण की चपेट मे कोई भी आ सकता है। गांव वालों के द्वारा पीड़ित परिवार को परेशान करना उचित नहीं है। यदि ऐसा है तो उचित जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

**-विरेन्द्र सिंह,** एसडीएम

## डॉ. रमन सिंह ने की राजनांदगांव भाजयुमो की तारीफ



**राजनांदगाँव।** भारतीय जनता पार्टी जिला राजनांदगाँव द्वारा लाईव वेबीनार आयोजित हुई वरिष्ठ नेताओं ने अपने विचार रखे इसी कड़ी में अपने विचार व्यक्त करते हुए डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगाँव भाजयुमो के कार्यों की तारीफ की और कहा युवा मोर्चा का कार्य ब्लड डोनेशन,स्वच्छता अभियान,फल वितरण,लाईव वेबीनार ऐसे बहुत से आयोजन युवा मोर्चा द्वारा किया गया जो बहुत ही प्रशंसनीय हैं. सेवा सप्ताह कार्यक्रम के लिए जसमीत बन्नोआना को डोंगरगढ़ और खैरागढ़,विमल यादव को खुज्जी और मानपुर-मोहला विधानसभा का प्रभारी बनाया गया हैं।

## क्विक न्यूज

### दो सगी बहनों के निजी पलों के वीडियो बनाकर ऐंठे चार लाख

**कोरबा।** एक आइटी इंजीनियर युवक ने दो सगी बहन को अपने प्रेमजाल में फांस लिया और निजी पलों का वीडियो तैयार कर सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देने लगा। लंबे समय से धमका कर दोनों बहनों से चार लाख रुपये ऐंठ लिए। इसके बाद भी ब्लैकमेलिंग का दौर जारी रहा। परेशान होकर इस घटना की शिकायत पीड़ितों ने पुलिस से की। जानकारी के अनुसार यह मामला दर्री थाना क्षेत्र का है। विद्युत कंपनी की एचटीपीपी कॉलोनी सीडी.178 अन्नपूर्णा विहार कॉलोनी निवासी रुपेश कुमार पिता शिवप्रसाद मिरी 30 ने बिलासपुर से आइटी इंजीनियरिंग की है। पीड़ित दोनों बहनें भी इंजीनियर हैं। बताया जा रहा है कि रुपेश को दोनों बहन काफी पहले से जानते थी। उसने सबसे पहले बड़ी बहन की मदद कर उसके नजदीक पहुंचा और अपने प्रेमजाल में फंसा लिया।

### जिले के सभी शासकीय अस्पतालों मे हो रही मुफ्त में कोरोना की जांच

**कोरबा।** कोरबा जिले के नागरिकों को मुफ्त में कोरोना जांच की सुविधा मिल रही है। राज्य शासन द्वारा जिले के सभी शासकीय अस्पतालों में कोरोना जांच की सुविधा प्रदान की जा रही है। लोगों को जिले के सभी शासकीय अस्पतालों में निःशुल्क में एंटीजन टेस्ट कराने की सुविधा मिल रही है। कोरबा शहर स्थित इंदिरा गांधी शासकीय जिला चिकित्सालय में मुफ्त में आरटीपीसीआर टेस्ट और ट्रु-नॉट विधि से कोरोना जांच के लिये सैम्पल लिया जा रहा है। जिले के छह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मुफ्त में एंटीजन टेस्ट कराने की सुविधा मिल रही है। कोरोना संदिग्ध लोग अपने नजदीकी शासकीय चिकित्सालय में जाकर एंटीजन टेस्ट करा सकते हैं। जिले के 37 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भी एंटीजन टेस्ट कराने के लिये सम्पर्क किया जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मोबाईल मेडिकल टीम भी गठित की गयी है।

# जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र पांडे के खिलाफ 10 साल से लंबित है भ्रष्टाचार की जांच

## विधायक ननकीराम कंवर ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से की कार्रवाई की अनुमति देने की मांग

पायनियर संवाददाता ‹ कोरबा
www.dailypioneer.com

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर के तत्कालीन अध्यक्ष देवेंद्र पांडे के खिलाफ आर्थिक अनियमितता का मामला पिछले 10 वर्षों से राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो और सहकारिता विभाग के बीच पत्राचार में ही अटका हुआ है जबकि यह अवधि किसी भी अपराध की जांच और उस पर न्यायालयीन कार्रवाई पूर्ण करने के लिए पर्याप्त कही जा सकती है। बहरहाल छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री और कोरबा जिले के रामपुर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ विधायक ननकीराम कंवर ने राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को प्रकरण में कार्रवाई की अनुमति देने के लिए पत्र लिखकर मृतप्राय हो चुके मामले में दोबारा जान फूंक दिया है।

आप माने या ना माने लेकिन यह सच है कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर के विवादास्पद और बहुचर्चित पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र पांडे के खिलाफ सन 2011 में राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो में की गई गंभीर अनियमितताओं की शिकायत अभी भी प्रारंभिक अवस्था में ही लंबित है। यह मामला एक दशक तक क्यों लंबित है और इसके लिए कौन जिम्मेदार है यह शासन के लिए जांच का विषय हो सकता है। हालांकि इस मामले में राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो और सहकारिता विभाग के बीच अभी भी औपचारिकता पूर्ण करने के लिए पत्राचार जारी है। यह अलग बात है कि गत एक दशक से मामले में केवल पत्राचार ही हो रहा हैए वह किसी सिरे तक नहीं पहुंच पा रहा है। मजे की बात यह है कि यह शिकायत सन 2011 में ए सी बी ई ओ डब्ल्यू के तत्कालीन प्रमुख एडीजी डीएम अवस्थी के समक्ष प्रस्तुत की गई थी जो इस अवधि में कामयाबी का सफर तय करते हुए आज की तारीख में राज्य के डीजीपी के पद को शोभायमान कर रहे हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार सन 2011 में सरकंडा बिलासपुर निवासी बीपी खरे ने राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर के तत्कालीन अध्यक्ष देवेंद्र पांडे और बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीसी ठाकरे के खिलाफआर्थिक अनियमितताओं की शिकायत की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि उच्च स्तरीय राजनीतिक संबंधों का उपयोग कर बैंक अध्यक्ष पद पर निर्वाचन के लिए आर्थिक अनियमितता कर अध्यक्ष पद पर निर्वाचन के बाद पद का दुरुपयोग कर स्वता और सगे संबंधियों को नियम विपरीत भ्रष्टाचार एवं अनियमितताएं कर आर्थिक हित लाभ प्राप्त किया गया और रिश्तेदारों को लाभ पहुंचाया गया। शिकायत के साथ दस्तावेज भी संलग्न किए गए थे और मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की प्रार्थना की गई थी। शिकायत में आर्थिक भ्रष्टाचार अनियमितताओं और अनियमितताओं का विवरण भी दिया गया था। आवेदक वीपी खरे की शिकायत के आधार पर राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने जांच कार्रवाई की दिशा में पहल भी उन दिनों की थी। लेकिन पिछले एक दशक में यह जांच प्रक्रिया परवान नहीं चढ़ पाई है। इतना जरूर है कि मामले में अभी तक खात्मा नहीं डाला जा सका है और वह प्रक्रिया में ही है। इस मामले में ताजी कार्रवाई करीब 6 महीने पहले तक की सामने आई है। ईओडब्ल्यू के पुलिस अधीक्षक ने 7 जनवरी 2020 को सहकारिता विभाग के सचिव को पत्र लिखकर ईओडब्ल्यू की प्रारंभिक जांच क्रमांक 26-11 में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 यथा संशोधित भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 2018 की धारा 17 क के तहत जांच हेतु पूर्व अनुमोदन प्रदान करने का आग्रह किया था। सहकारिता विभाग के अवर सचिव सुनील विजयवर्गीय ने उक्त पत्र के साथ शिकायत की प्रति प्राप्त नहीं होने का कथन करते हुए 14 जनवरी 2020 को ईओडब्ल्यू को पत्र लिखकर शिकायत की प्रति उपलब्ध कराने की मांग की। पुलिस अधीक्षक ईओडब्ल्यू ने 2 मार्च 2020 को सहकारिता विभाग को शिकायत की प्रतिलिपि भेजते हुए पूर्व अनुमोदन मांगा। मार्च माह से पूरे देश में कोरोना फैल गया और कहा जा सकता है कि कोरोना के कारण मामला लंबित हो गया है। लेकिन सच तो यह है कि इस बीच सहकारिता विभाग के कामकाज सामान्य दिनों की तरह चलते रहे हैं। बावजूद इसके सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने अब तक ईओडब्ल्यू को भ्रष्टाचार के इस गंभीर मामले में कार्रवाई के लिए पूर्व अनुमोदन प्रदान नहीं किया है। सहकारिता विभाग के इस रवैया से विभागीय अधिकारी संदेह के दायरे में आ गए हैं। कहा तो यह जा रहा है कि सहकारिता विभाग से इस मामले की फाइल ही गायब हो गई है। इस मामले नया मोड़ उस वक्त आ गया जब प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री और कोरबा जिले के रामपुर क्षेत्र के विधायक और वरिष्ठ आदिवासी नेता ननकीराम कंवर ने राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र लिख कर एक दशक से लंबित इस मामले

# शादी का झांसा देकर करता रहा दुष्कर्म, शिकायत के बाद पुलिस ने किया गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

युवती को शादी का झांसा देकर युवक ने एक साल तक साथ रखा। बाद में शादी करने से इन्कार कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर सरकंडा पुलिस ने जुर्म दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दो साल पहले सरकंडा क्षेत्र निवासी 21 वर्षीय युवती का परिचय एकता कॉलोनी निवासी अंचल यादव(21) से हुआ था। इसके बाद दोनों के बीच दोस्ती हो गई। युवक ने शादी का झांसा दिया। इसके बाद दोनों एकता कॉलोनी में एक साथ रहने लगे। इसके बाद शादी की बात कहकर शारीरिक संबंध बनाया। जब भी युवती शादी करने के लिए कहती युवक बड़ी बहन की शादी का हवाला देकर टाल देता। इसी बीच युवती गर्भवती हो गई।

इस पर युवक ने उसका गर्भपात करा दिया। इस संबंध में आरोपित के परिजन को पता चला तो उन्होंने शादी से इन्कार कर दिया। वहीं, युवक भी शादी से मुकर गया।

तब पीड़ित ने इसकी शिकायत सरकंडा थाने में की। इस पर पुलिस ने धारा 376 के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

# कनपट्टी में पिस्टल रख, लुटेरों ने लूटा ट्रक ड्राइवर को

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




जिले के सीपत थाना क्षेत्र में विगत 12 सितंबर की रात कोरबा से सामान छोड़कर वापस लौट रहा ट्रक चालक धनिया पेट्रोल पंप के पास लूट का शिकार हो गया, बाइक सवार दो युवकों ने ड्राइवर की कनपटी में पिस्टल लगाया और मोबाइल लूट लिया वही उन्होंने फोन पे अकाउंट का पासवर्ड भी पूछ लिया, जिसके माध्यम 21500 रुपए बैंक अकाउंट से निकाल लिए।

मिली जानकारी के अनुसार दोनों लुटेरों ने खुद को पुलिस वाला बताया लेकिन शोर मचाने पर वह भाग निकले जिस दौरान ही पीड़ित ने उनके बाइक क्रमांक सीजी 10 ए ए 1152 का नंबर देख लिया।

जिसने पहले तो नागपुर शिव शक्ति नगर वाणी अपने घर गया जहाँ से वापस लौटकर सीपत थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई है, प्रार्थी चेतन घुलक्षे ट्रक क्रमांक एम एच 40 पीजी 2487 का चालक है, जो अपनी ट्रक से कोरबा सामान लोडकर ले गया था 12 सितंबर की रात वह लौट रहा था, जिसने रास्ते मे सीपत थाना क्षेत्र के धनिया में पेट्रोल पंप के पास ट्रक रोककर सो गया, तभी वहां दो युवक बाइक से पहुँचे और अपने आप को पुलिस बताकर उसे ट्रक से बाहर बुलाया, जैसे ही वह नीचे उतरा एक युवक ने उसकी कनपटी पर पिस्टल लगा दिया और मोबाइल लूट लिया, फिर उन्होंने उसमें फोन पे अकाउंट की जानकारी मांगी, तब उसे समझ मे आया कि युवक पुलिस वाले नही है तो उसने सोर मचाना शुरू कर दिया, जिसके बाद युवक फरार हो गए। मामले में सीपत पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ धारा 392 का अपराध दर्ज कर बाइक के नंबर के आधार पर तलाश शुरू कर दी है।

# रमतला के शहीद मन्नूलाल को राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई

## विधायक ने शहादत को किया नमन, शहीद को श्रद्धांजलि देने उमड़ा जन सैलाब

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



कोनी क्षेत्र के रमतला निवासी शहीद सपूत मन्नू लाल का पार्थिव शरीर पहुंचने के बाद यहां उन्हें श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लग गया। उन्हें श्रद्धांजलि देने वालों में बिलासपुर के विधायक शैलेश पांडे भी शामिल थे ,जिन्होंने बीजापुर के दर्दनाक घटना में हुई उनकी शहादत को नमन करते हुए उनकी आत्मा की शांति और परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। बीजापुर में नक्सलियों ने सीएएफ के जवाब मन्नूलाल की जान ले ली थी ।बिलासपुर रतनपुर मुख्य मार्ग पर सेंदरी के पास के इस गांव में रहने वाले मन्नूलाल सूर्यवंशी पिछले 5 दिनों से लापता थे ,जिन का शव गुरुवार को बीजापुर गंगालूर के पदेड़ा गांव में सड़क पर पड़ा मिला। नक्सलियों ने उनकी हत्या कर उनके शव को सड़क पर फेंक दिया था। रमतला में रहने वाले मन्नूलाल के शव को पहले तो हेलीकॉप्टर से गृह ग्राम लाने की कोशिश की गई लेकिन मौसम के चलते यह संभव नहीं हो पाया जिसके बाद सड़क मार्ग से ही उन्हें रमतला लाया गया, जहां पूरे शासकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाना है। सीएएफ में बावर्ची मन्नूलाल की पढ़ाई लिखाई इसी गांव में हुई थी 5 साल पहले ही उनकी भर्ती हुई थी। पहले वे कवर्धा में थे बाद में उनकी पोस्टिंग बीजापुर हो गई तब से वे वही थे।

उनके परिवार में पत्नी शशि के अलावा तीन बच्चे हैं जो यतिम हो गए। उनके पिता परमानंद सूर्यवंशी किसान है जिन्हें बेटे की शहादत पर गर्व है। बलिदानी जवान के बलिदान को नमन करते हुए पूरा गांव उन्हें श्रद्धांजलि देने उमड़ पड़ा। सब ने कहा कि मन्नू ने गांव का नाम रोशन किया है, इसलिए अब उसके परिवार की जिम्मेदारी उन सब की है ।बेहद मिलनसार मन्नूलाल को लेकर सब के पास कुछ ना कुछ यादें हैं।

# जोनल कार्यालय में काव्य संध्या के साथ राजभाषा सप्ताह का समापन

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

रेल कार्यालय में 14 से 18 सितंबर तक राजभाषा सप्ताह का आयोजन किया गया. इस सप्ताह का समापन समारोह 18 सितंबर महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे गौतम बनर्जी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ. समापन समारोह के पूर्व क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक महाप्रबंधक की अध्यक्षता में आहूत की गई जिसमें अपर महाप्रबंधक, सभी विभागों के प्रमुख, मंडलों के अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं कारखानों के मुख्य कारखाना प्रबंधक एवं अन्य प्रतिनिधि अधिकारी ऑनलाइन जुड़े रहे. मुख्य राजभाषा अधिकारी एस. के. सोलंकी ने बैठक की शुरूआत अपने स्वागत भाषण से की . उन्होंने विगत छ- माह में किये गये कार्य के साथ राजभाषा सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रेरक प्रतियोगिताओं की जानकारी दी .

बैठक में राजभाषा प्रगति की विस्तृत समीक्षा के बाद अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने अपने संबोधन कहा कि ई-माध्यम से राजभाषा सप्ताह के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए राजभाषा टीम को बधाई दी. उन्होंने बैठक में प्रस्तुत प्रगति के आंकडों के बारे में कहा कि विगत माह में काफी काम हिंदी में हुआ है और होना भी चाहिए क्योंकि हमारी रेलवे का अधिकांश हिस्सा क क्षेत्र में है इसलिये हमारा दायित्व और भी ज्यादा हो जाता है. हिंदी में कार्य करना सरल है क्योंकि हम जिस भाषा में सोचते हैं उसी भाषा में प्रस्तुत करना आसान होता है. अभी ई- आफिस में कार्य किया जा रहा है ,अत- इस क्षेत्र में भी हिंदी को बढ़ावा देने की आवश्यकता है ।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में महाप्रबंधक ने हिंदी दिवस एवं हिंदी सप्ताह की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सभी की संवैधानिक जिम्मेदारी है कि हम हिंदी के विकास के लिए कार्य करें. हिंदी दिवस एवं पखवाड़ा जैसे कार्यक्रम के माध्यम से हिंदी के लिए माहौल बनता है, ऐसे कार्यक्रम जारी रखें . यह स्मरण रहे कि हिंदी का किसी भी प्रांतीय भाषाओं से कोई परहेज नहीं है बल्कि सभी एक साथ मिलकर अच्छे शब्द गढ़े और आगे बढ़े. इसमें दो राय नहीं कि हिंदी के माध्यम से ही हम राष्ट्रीय एकता को बनाये रखने में सफल हुए हैं. आजादी के पूर्व भी राष्ट्र भक्ति से परिपूर्ण नारों के माध्यम से हमने आजाद भारत की परिकल्पना की थी और वह सपना साकार भी हुआ।

हिंदी के विकास के लिए सभी प्रांत के लोगों का योगदान रहा है . आगे उन्होंने कहा कि भाषा की शुरूआत कहीं से भी हो सकती है . आप सभी को मालूम हो कि हिंदी का प्रथम साप्ताहिक समाचार पत्र 'उदंड मार्तंड' कोलकाता से प्रकाशित हुआ था .इसी प्रकार गैर हिंदी भाषी क्षेत्रों में हिंदी प्रचार और प्रशिक्षण के लिए समितियां तथा प्रशिक्षण केंद्र खोले गये हैं जो उनके हिंदी प्रेम को दर्शाता है।

# तीन एल्डरमैन की नियुक्ति, एससी, ओबीसी और सामान्य वर्ग को मिला अवसर

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली (पथरिया)
www.dailypioneer.com




नगर पंचायत में साल भर के इंतिजार बाद आखिरकार तीन एल्डरमेन की नियुक्ति आदेश जारी हो गया है। मंत्रालय नगरीय प्रशासन से जारी आदेश अनुसार गड़रिया समाज के जिला अध्यक्ष संतोष पार्ली, नगर पंचायत चुनाव के रणनीतिकार कलम नारायण द्विवेदी और युवा कांग्रेस नेता तुलसी सोनवानी को पथरिया नगर पंचायत में एल्डरमेन नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर ब्लाक अध्यक्ष नेतराम साहू ने कहा कि ओबीसी, एससी और सामान्य वर्ग के युवाओं का नगर पंचायत परिषद में प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए छाया विधायक राजेन्द्र शुक्ला की अनुशंसा पर ब्लाक कांग्रेस ने प्रस्ताव भेजा था। इसी तरह पथरिया नगर पंचायत चुनाव में प्रभारी रहे जिला उपाध्यक्ष राजा सिंह ने कहा कि नगर चुनाव में कांग्रेस के लिए समर्पित होकर कार्य करने वालों को पार्टी ने सम्मान के रूप में यह पद दिया है जिसका स्वागत करते है। नियुक्ति उपरांत एल्डरमेन संतोष पाली ने पार्टी का आभार जताते हुए कहा कि नागरिको को प्रदेश सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ दिलाना मेरी प्राथमिकता होगी साथ ही नगर में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्तो को साथ लेकर कार्य करेंगे। ज्ञात हो कमल नारायण द्विवेदी वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ व्यास नारायण द्विवेदी के पुत्र है कमल नारायण का कहना है कि हाल ही में उनके पिता का देहांत हुआ है डॉ व्यास नारायण द्विवेदी के अथक प्रयास से नगर में दस वर्ष बाद कांग्रेस की सरकार बनी है।

उनके साथ पार्टी की सेवा की है,और राजनीति का अनुभव लिया है।नियुक्ति के लिए कांग्रेस पार्टी का आभार जताते हुए नगर विकास का संकल्प लिया। एससी वर्ग से एल्डरमेन बने तुलसी सोनवानी का कहना है कि कांग्रेस पार्टी ने उन पर भरोसा जताया है उस पर पूरा खरा उतरूंगा ।नगर विकास के लिए परिषद के साथ मिलकर काम करते हुए नागरिको को अधिक अधिक सुविधा दिलाने का प्रयास करूंगा।

### 12 घंटे के अंदर पुलिस ने किया दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार



**मुंगेली।** थाना सीटीकोतवाली मुंगेली में प्रार्थी विजय कुमार भास्कर पिता बब्लू भास्कर उम्र 41 निवासी डौकीदाह द्वारा सीटी कोतवाली में रिर्पोट दर्ज कराया गया था, जिसमें उसकी नाबालिक लडकी को रात्री करीब 11 बजे निरजाम के रहने वाले जितेन्द्र साहू तथा उसका दोस्त उमेन्द्र साहू द्वारा बदनियती से घर में घुसकर छेड छाड किया गया एवं उसे मुह दबाकर घर के समीप ही इमली पेड पास लेजाकर जितेन्द्र साहू द्वारा दुष्कृत्य किया गया, जिसके रिर्पोट पर पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधिक्षक के आदेश पर एडिशनल एस पी, और एस डी ओपी की टीम ने घटना के 12 घंटो के अंदर ही आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सहित उनकी टीम ने सराहनिय पहल रहा।

## सरकारी अस्पतालों से जनता का भरोसा टूट रहा निजी अस्पतालों में नोडल अधिकारी बैठाया जाए

# कोरोना महामारी से निपटने राज्य सरकार सुस्पष्ट नीति बनाये -अमर

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

पूर्व स्वास्थ्य मंत्री अमर अग्रवाल ने अनियंत्रित हो रहे कोरोना महामारी और उससे लगातार मौतों को देखते हुए राज्य सरकार को सुझाव दिया है कि कोरोना से निपटने केवल स्वास्थ्य विभाग को जिम्मेदारी दे देने के बजाय एक सुस्पष्ट नीति बनाया जाए ।

डॉक्टरों को फ्री हैंड किया जाए एवं पैरामेडिकल स्टाफ व डॉक्टरों की संख्या बढ़ाई जाए ।इसी तरह जिन निजी अस्पतालों के चयन कोरोना मरीजों के इलाज के लिए किया गया है वहां नोडल अधिकारी के रूप में सरकारी अमले को तैनात किया जाए । पत्रकारों से चर्चा करते हुए अमर अग्रवाल ने कहा कि जब राज्य सरकार को पता था कि कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ सकती है तो उसी वक्त नीतियां बना लेनी चाहिए थी ।आज सरकारी अस्पतालों पर लोगो का भरोसा नही रह गया है तो निजी अस्पतालों में कोरोना टेस्टिंग की कोई व्यवस्था नही है । सरकार इतने बड़े महामारी से निपटने के लिए सिर्फ स्वास्थ्य विभाग को जिम्मेदारी दी रखी है जबकि सारे कार्य छोड़ हर विभाग के अमले को इसमें लगाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है मगर आश्चर्य है सरकारी अस्पतालों के



बेड खाली हैं ।पॉजिटिव मरीजों में 60 प्रतिशत लोग होम आइसोलेट होकर इलाज करा रहे। होम आइसोलेट मरीजों को बताया ही नहीं जा रहा कि उन्हें कौन सी दवाई लेनी है और वह दवाई कहाँ मिलेगी। डॉक्टरों द्वारा उन मरीजों की निगरानी और देखभाल तो दूर की बात है। सरकारी अस्पतालों में कोरोना मरीजों का इलाज कर रहे डॉक्टरों व स्टाफ में असुरक्षा की भावना है। उनका तो बीमा भी नही कराया जा रहा ।

कुल मिलाकर महामारी से स्थिति काफी चिंताजनक है ।सरकार को तमाम व्यवहारिक परेशानियों को देखते हुए कारगर नीतियां बनानी चाहिए। सरकारी अस्पतालों में अब डॉक्टर भी उपलब्ध नही रहते ।कोरोना पॉजिटिव जांच केंद्रों में लोग जांच तो करवा रहे है मगर पॉजिटिव निकले व्यक्तियों को तत्काल अस्पताल पहुंचने व इलाज शुरू करने कोई व्यवस्था नही है। पूरी व्यवस्था चरमरा गई है।और सरकार फेल होती दिख रही है और जनता कोरोना से डरी हुई है ।

अग्रवाल ने कहा कोरोना से बचने व सावधानी के लिए जनता को जागरूक करने सरकार की तरफ से ठोस और सकारात्मक गाइडलाइन जारी नहीं की गई है। यही नही इस बारे में सरकार समाज सेवी संगठनों व अन्य से कोई राय भी नही ले रही है । जबकि सुझाव और सावधानी से लोगो को संक्रमण के जद में आने से बचाया जा सकता है ।अब भी समय है सरकार को सचेत हो जाना चाहिए।

# बाइक पर कर रहे थे गांजे की तस्करी, पुलिस ने दबोचा

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com



मुखबिर की सूचना पर खरसिया चौकी पुलिस ने नहरपार महका के पास घेराबंदी करके एक युवक को पकड़ा। पुलिस ने उसके पास से पांच हजार रुपए मूल्य का एक किलो अवैध गांजा बरामद किया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक चौकी प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक नंद किशोर गौतम द्वारा मुखबिर सूचना पर जीरो प्वाइंट नहर पार महका के पास स्टाफ के साथ जाकर मुखबीर द्वारा बताए गए हुलिया अनुसार आरोपी सूरज दास महंत पिता केशव दास महंत उम्र 25 साल साकिन तलवापार वार्ड क्रमांक 03 खरसिया को हीरो होण्डा पैशन प्रो बाइक सीजी 13 - 1973 में महका से सपिया की ओर अवैध रूप से गांजा परिवहन करते हुये पकड़े। आरोपी के पास से मिले गांजा को मौके पर विधिवत तौल कराया गया, जप्त गांजा का वजन एक किलो ग्राम कीमती 5,000 रुपए का है, जिसे जप्त किया गया है।

# बेहद सख्त रहेगा लॉकडाउन, आम जनता को नहीं मिलेगी सुविधाएं

## सिर्फ ये दुकानें कुछ समय के लिए खुलेंगी, बाकी सब रहेगा बंद

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामले को देखते हुए कलेक्टर एस भारतीदासन ने आज सख्त लॉकडाउन का ऐलान किया है. उन्होंने बताया कि राजधानी रायपुर में 21 सितंबर की रात 9 बजे से 28 सितंबर तक लॉकडाउन होगा. इस दौरान सभी दुकानें बंद रहेंगी. सिर्फ कुछ दुकानें कुछ समय के लिए खोला जाएगा।

कलेक्टर ने बताया कि इस बार के लॉकडाउन में पहले से ज्यादा सख्ती बरती जाएगी. केवल दूध की सप्लाई, मेडिकल दुकानें, पेट्रोल पंप निर्धारित समय तक खुलेंगी. बता दें कि पेट्रोल पंप में इमरजेंसी सुविधा व एंबुलेंस को ही पेट्रोल दिया जाएगा. आम जनता के लिए पेट्रोल पंप नहीं खुलेंगी. इस दौरान लोगों को पेट्रोल नहीं मिलेगा. सब्जी बाजार को भी बंद किया गया है।

कलेक्टर ने आम जनता से अपील की है कि लॉकडाउन लागू होने से पहले 1 सप्ताह के लिए अपना राशन स्टोर करके रख लें। किसी भी तरह की कालाबाजारी और ओवर रेटिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी. जनता से आग्रह है कि घबराने की जरूरत नहीं है. दूध के लिए सुबह और शाम डेढ़ घंटे का समय मिलेगा। पेट्रोल, एलपीजी और मेडिकल स्टोर छोड़कर बाकी सभी तरह के व्यवसाय बंद रहेंगे।

**रविवार 20 सितंबर को खुलेंगी दुकानें :** कलेक्टर ने बताया कि 21 सितंबर से जिले में संपूर्ण लॉकडाउन लगाया जा रहा है. उससे पहले रविवार को सभी बाजार खुलने के आदेश दिए गए हैं. जिला प्रशासन के पुराने आदेश के अनुसार प्रत्येक रविवार को बाजार बंद करने का आदेश जारी किया गया था. जिसमें संशोधन करते हुए कल बाजार खोलने के निर्देश दिए हैं।




इस मामले में एसएसपी अजय यादव ने बताया कि पूरे शहर, पूरे जिले को कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है. कंटेनमेंट जोन में वैसे भी किसी भी तरह के मूवमेंट की इजाजत नहीं होती है, सभी मार्केट बंद होंगे. लोगों के पास पर्याप्त समय है कि वे आवश्यक खरीददारी कर लें. इसके साथ-साथ मेडिकल सेवाएं, पुलिस, निगम और प्रशासन चारों लोग उपलब्ध हैं,घबराने की बात नहीं है।

पूरे जिले में 23 ऐसे फिक्स्ड प्वाइंट्स है, जिले की सीमा को भी सील करना होगा. पूरे 23 पॉइंट है जिसके लिए आवश्यक बल तैनात किया जाएगा. शहर के अंदर भी 30,40 पॉइंट्स है, जहां पुलिस की पेट्रोलिंग टीम लगाई जाएगी. इसके साथ ही आने वाले 3 दिनों में यदि लोगों की भीड़ होती है तो इसके लिए भी व्यवस्था की गई है. यदि ओवर रेटिंग की जाती है तो उसके लिए निगम की टीम नियुक्त की गई है.

**एक हफ्ते का होगा लॉकडाउन :** राजधानी रायपुर में चल रही उच्च स्तरीय बैठक खत्म हो गई है. सभी अधिकारियों के बीच आम सहमति बन गई है कि राजधानी में बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए एक हफ्ते का संपूर्ण लॉकडाउन लगाया जाएगा. कलेक्टर ने बताया कि 21 सितंबर की रात 9 बजे से 28 सितंबर तक लॉकडाउन लगाया जाएगा. हालांकि इसका आदेश जारी नहीं हुआ है. देर शाम तक आदेश जारी कर दिया जाएगा। लॉकडाउन की तैयारी को लेकर आज कलेक्ट्रेट परिसर में अधिकारियों की बैठक की गई. बैठक में रायपुर कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, निगम आयुक्त, अपर आयुक्त, एडीएम, एसडीएम समेत कई अधिकारी मौजूद थे।






गौरतलब है कि बालोद जिला में 22 से 30 सितंबर तक पूर्ण लॉकडाउन लगा है. कलेक्टर ने महामारी रोग अधिनियम, 1897 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिले के तमाम नगरीय निकायों के साथ प्रभावित ग्राम पंचायतों में इस लागू किया है. वहीं बेमेतरा में 13 से 20 सितंबर तक संपूर्ण लॉकडाउन लगाया गया है. मुंगेली जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों में 1 हफ्ते का संपूर्ण लॉकडाउन किया गया है. यहां 17 से 23 सितंबर तक लॉकडाउन लगाया गया है. इसके अलावा दुर्ग व राजनांदगांव में भी लॉकडाउन किया गया है. वहीं बिलासपुर जिले में भी लॉकडाउन लग सकता है. धमतरी जिलेमें लोगों ने जिला प्रशासन से लगाने शहर बंद करने की मांग की है। रायपुर जिले में शुक्रवार को 672 नए मरीज की पहचान की गई है इसके साथ ही जिले में अब संक्रमित मरीजों की संख्या 26119 हो गई है. वहीं अब तक 10627 मरीज स्वस्थ होकर घर लौट चुके हैं. जिले में अब तक 301 मरीजों की मौत हो चुकी हैं।

### नहीं खुलेंगी शराब दुकानें

राजधानी रायपुर में 21 सितंबर से 28 सितंबर तक सख्त लॉकडाउन लगाया गया है. इस दौरान रायपुर जिले में शराब दुकानें भी नहीं खुलेंगी. कलेक्टर ने इसका आदेश जारी कर दिया है। कलेक्टर ने बताया कि इस बार के लॉकडाउन में पहले से ज्यादा सख्ती बरती जाएगी. केवल दूध की सप्लाई, मेडिकल दुकानें, पेट्रोल पंप निर्धारित समय तक खुलेंगी. पेट्रोल पंप में इमरजेंसी सुविधा व एंबुलेंस को ही पेट्रोल दिया जाएगा. आम जनता के लिए पेट्रोल पंप नहीं खुलेंगी। सब्जी बाजार को भी बंद किया गया है।

## राजधानी-न्यायधानी के बाद धमतरी में 10 दिनों का लॉक डाउन



धमतरी कलेक्टर जय प्रकाश मौर्य ने कोरोना संक्रमण से सुरक्षा और बचाव के मद्देनजर मंगलवार 22 सितंबर से धमतरी जिले के सभी नगरीय निकायों के सभी वार्डों को कंटेनमेंट जोन बनाने की बात कही है। उन्होंने आज व्यापारी संघों के प्रतिनिधि मंडल से कोविड 19 के संक्रमण और उससे बचाव के संबंध में विस्तार से चर्चा की तथा कंटेनमेंट जोन में कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए रूप-रेखा भी तैयार की। उन्होंने बताया कि मंगलवार से सभी वार्डों को कंटेनमेंट जोन बनाया जाएगा, लेकिन इससे पहले नगरीय निकाय के अमले को इस संबंध में लोगों को जानकारी देना आवश्यक होगा, जिससे कि लोगों को बेवजह तकलीफ नहीं हो।

बैठक में कलेक्टर ने बताया कि इन कंटेनमेंट जोन में कोई भी किराना, सब्जी, फल की दुकान खोली नहीं जाएंगी, किन्तु अत्यावश्यक सेवाओं संबंधी संस्थान/कार्यालय, अस्पताल, नर्सिंग होम, खुली रहेंगी। गैस एजेंसी अपने निर्धारित अवधि में खुला रहेगा तथा मेडिकल, पेट्रोल पम्प चैबीसों घंटे खुले रहेंगे। दूध के लिए सुबह 6 से सुबह 10 बजे का समय तय किया गया है। इसके साथ ही जिले के सभी पर्यटन स्थल, चाहे वह नगरीय निकाय अथवा ग्रामीण क्षेत्र में हो, वे भी इन दस दिनों में बंद रहेंगे।

बैठक में उपस्थित प्रतिनिधि मंडल से कलेक्टर ने अपेक्षा की कि वे इन दस दिनों में लोगों में कोविड 19 के संबंध में जागरूकता लाने का काम करेंगे, जिसमें सामाजिक दूरी, मास्क पहनना तथा सेनिटाईजेशन की महत्ता लोगों को समझाई जाएगी। प्रतिनिधि मंडल ने भी सहमति जताई कि वे व्यापारियों तथा लोगों में जागरूकता लाने का हरसंभव प्रयास करेंगे। यदि इन दस दिनों के बाद जब पुनः सभी व्यापार शुरू होगा और व्यापारी कोविड 19 का प्रोटोकॉल का पालन नहीं करते हैं, तो व्यापारी संघ स्वयं संज्ञान में लेकर उन पर उचित कार्रवाई करेगा।

इसके अलावा नगरीय निकाय के अमले को भी कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि वे कंटेनमेंट जोन अवधि के दौरान नगरीय निकायों का सेनिटाईजेशन करा लें। उन्होंने बैठक के अंत में जिलेवासियों से अपील की कि वे अनावश्यक घरों से नहीं निकलें तथा जब भी किसी काम से बाहर जाएं, तो मास्क का उपयोग जरूर करें और सामाजिक दूरी का भी पालन कर कोविड 19 से स्वयं और अपने परिवार का बचाव करें। बैठक में शरद लोहाना, महेश रोहरा, नरेन्द्र रोहरा, महेश जसूजा, हरि वाधवानी, विजय गोलछा इत्यादि उपस्थित रहे।



# ड्यूटी से घर आते ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को रामफल, मनीष, शिखवंतीन ने पीटा

पायनियर संवाददाता < डोंगरीडीह
www.dailypioneer.com

पुलिस चौकी लवन अंतर्गत शनिवार 19 सितम्बर को ग्राम पंचायत तिल्दा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के साथ कुछ असामाजिक तत्वों ने यह कहते हुए मारपीट किया कि सार्वजनिक जगहों पर दारू एवं गांजा पीने से मना करती हो, सार्वजनिक जगहों पर जुआ खेलने वालों पर रोक लगाती हो, घर के दरवाजा के पास फटाखा फोड़ते हो कहने पर तिल्दा के ही आरोपी रामफल पिता खोलबाहरा कैवर्त, मनीष पिता परमान्द कैवर्त ,दसरित पति परमानंद कैवर्त, शिखवंतीन पति खोलबाहरा कैवर्त सहित चारो आरोपी गण महिला आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के घर मे दोपहर घुसकर ताबड़तोड़ मारपीट किए गए हैं।जिससे महिला कार्यकर्ता को काफी चोटें पहुँची हैं। महिला कार्यकर्ता ने आप बीती में पत्रकारों को बताया कि शासन के निर्देश के तहत इन दिनों आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन कर रहे हैं साथ ही कोरोना वायरस के बचाव को लेकर लोगों को जागरूक करने का संदेश भी दे रहे हैं।कि सार्वजनिक जगहों पर गांजा दारू नहीं पिये, सार्वजनिक जगहों पर भीड़ इकट्ठा नहीं करे, आम सार्वजनिक गलियों में ताश नहीं खेले सहित मास्क पहनने की आदत डालें, गर्म पानी पियें,डिस्टेंस का पालन करें कि जानकारी गॉव में महिला समूह एवं मितानीन के साथ मिलकर जागरूकता अभियान चलाए थे।जिससे गांव के कुछ आसामाजिक तत्वों के लोगों को नागवार गुजरा और दुश्मनी भाव से घर मे घुस कर उक्त सभी आरोपियों ने ड्यूटी परेड के दौरान घर आने पर मेरे साथ मारपीट कर यह धमकी दिये परिवार की परिवार के सभी लोगों को फिर घर मे घुसकर जान सहित मारने पीटने की बात कहा गया है।पीड़िता ने आगे बताया कि इसकी शिकायत पुलिस चौकी लवन में लिखित में शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ जेल भेजने की कार्रवाई की मांग किये जाने बात बताया।गौरतलब हो कि वर्तमान समय मे पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, मितानीन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सभी कोरोना योद्धाओं के रूप में संकट काल मे सेवा दे रही हैं। कोरोना योद्धाओं के साथ हमला वाकई निन्दनीय कार्य है। आरोपियों को अविलंब गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग महिला बाल विकास और प्रेस क्लब यूनियन लवन के पत्रकारों ने भी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की हैं। वहीं इस मामले पुलिस चौकी प्रभारी पुरुषोत्तम कुर्रे ने कहा कि आरोपियों की अविलम्ब गिरफ्तारी की कार्रवाई होगी।




# बिलाईगढ़ सामुदायिक अस्पताल को मिली एम्बुलेंस

- विधायक के प्रति जताया आभार
- मरीजों को अब नही होगी परेशानिया

पायनियर संवाददाता < सरसीवां
www.dailypioneer.com

ब्लाक मुख्यालय स्थित सामुदायिक अस्पताल को एक नई एम्बुलेंस गाड़ी मिलने पर स्वास्थ्य विभाग एव आम जनता ने हर्ष व्यक्त करते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं संसदीय सचिव चंद्रदेव राय के प्रति आभार व्यक्त किये हैं ।



क्षेत्रीय विधायक ने आम जनता एवं स्वास्थ्य विभाग के आग्रह पर तुरंत राज्य सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को पत्र लिखकर एक नई एम्बुलेंस गाड़ी प्रदान करने की मांग की जिस पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिलाईगढ़ को नई एम्बुलैंस सुविधा 108 मुहैया कराई गई है। ब्लाक मेडिकल ऑफिसर ने नई एम्बुलेंस गाड़ी को अस्पताल परिसर में पूजा-अर्चना कर हरी झण्डी दिखाकर एम्बुलैंस को मरीज लाने गंतव्य के लिए रवाना किये। बीएमओ सुरेश खूंटे ने इस मौके पर कहा कि एम्बुलेंस सेवा की जरूरत को ध्यान में रखते हुये यहां प्रयास करके तत्काल उपलब्ध कराई गई है। अब ग्रामीणों को जरूरत पड़ने पर तत्काल एम्बुलेंस मिलेगी और उन्हें तत्काल अस्पताल लाकर बेहतर इलाज किया जा सकेगा। इस अवसर पर सन्ध्या दीवान बीपीएम और स्वास्थ्य विभाग के सभी सदस्य उपस्थित रहे ।

### जिम के सामने खड़ी एक्टीवा से 2 मोबाईल पार, मामला दर्ज

**रायपुर।** जिम के सामने खड़ी एक्टीवा के अंदर रखे 2 मोबाईल सेट को किसी ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।




**डिजाइन मे साढ़े तीन फीट का दिखाया गया था फुटपाथ**

# सड़क विकास निगम के अधिकारियों ने रिंग रोड से गायब कर दिया फुटपाथ

- ठेकेदार का कर दिया गया है 10 करोड़ अधिक राशि का भुगतान

पायनियर संवाददाता < अंबिकापुर
www.dailypioneer.com



रिंगरोड से सड़क विकास निगम के अधिकारियों द्वारा फुटपाथ ही गायब कर दिया गया है। जबकि निर्माण के पूर्व जो डिजाइन दिखाई गई थी उसमें डैनेज के बाद साढ़े तीन फीट का फुटपाथ बताया गया था। लेकिन कब सड़क विकास निगम के जीएम ने इस पूर डिजाइन को बदल डाला इसकी भनक तक किसी को नहीं लगी। एक तरफ जहां पूर्व में स्वास्थ्य मंत्री निरीक्षण के दौरान गुणवत्ताविहीन काम बर्दाशत नहीं करने की चेतावनी दी थी वहीं दूसरी तरफ विभागीय अधिकारियों ने सड़क पर पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ की जमीन दबने का हवाला देते हुए गायब कर दिया है।

जिला प्रशासन व सड़क विकास निगम के अधिकारियों द्वारा जब रिंगरोड निर्माण के लिए शहर में तोड़फोड़ की गई थी तब यह गया था इसमें क्रांकीट रोड निर्माण के साथ ही डैनेज व उसके बगल में साढ़े तीन फुटचौड़ा फुटपाथ बनेगा।लेकिन समय बीतने के साथ सड़क का काम कर रहे ठेका कम्पनी द्वारा फुटपाथ का निर्माण अलग से नहीं कराया गया। जबकि अनुबंध के अनुसार डैनेज के उपर ही फुटपाथ का निर्माण अलग से नहीं कराया गया। आलम यह है कि डैनेज व

फुटपाथ का निर्माण अलग.अलग नहीं होने के बावजूद भुगतान अलग अलग कर दिया गया।अब इसकी पूरी जवाबदारी स्थानीय अधिकारियों पर डाली जा रही है। विभाग के अधिकारी इस मुददे पर ज्यादा कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं है।

**जी एम के निर्देश पर बदली जगह :** सड़क विकास निगम के अधिकारियों के अनुसार जब जीएम निरीक्षण में आए थे तो उन्होंने जमीन दबने का हवाला देते हुए फुटपाथ डैनेज के उपर बनाने को कहा था। कुछ जगहों पर नाली के किनारे फुटपाथ बनाया भी गया था लेकिन बाद में उसे बदल दिया गया।

**विभाग ने कर दिया पूरा भुगतान फिर भी काम अधूरा :** आरटीआई के तहत डीके सोनी ने जो दस्तावेज निकाले हैं उसमें काफी चौकाने वाले जानकारी हैं।। रिंगरोड निर्माण की निविदा के बाद ठेका कम्पनी से 78 करोड़ रुपए का अनुबंध विभाग द्वारा किया जाना था।सड़क विकास निगम द्वारा अब तक 94 करोड़ 86 लाख रुपए का भुगतान ठेका कम्पनी का कर दिया गया। जबकि नियमानुसार काम बढ़ने पर अनुबंध राशि से अतिरिक्त 6 प्रतिशत का ही अतिरिक्त भुगतान किया जा सकता है; लेकिन यहां 10 करोड़ से भी अधिक राशि का भुगतान किया गया है।

**5 करोड़ की लागत से बनना था फुटपाथ :** एस्टीमेंट के अनुसार 5 करोड़ 27 लाख रुपए की लागत से पूरे रिंगरोड के दोनों ओर एक एक मीटर का चौडा फुटपाथ बनना था। दोना तरफसाढ़े तीन फीट की खुदाई करने के बाद उसमें 6 इंच मुरुम तथा जीएसबी गिटटी डालना था। 75 एमएम थीकनेस का सीमेंट क्रांकीट कराने के प्रीकॉस्ट सीमेन्ट टाइल्स 25 एमएम मोटा लगना था।फुटपाथ में स्टील वर्क रेलिंग का कार्य किया जाना था जो 52 लाख 36 हजार रुपए का था।

> डैनेज के उपर फुटपाथ बनाया गया है। जीएम के निरीक्षण के दौरान फुटपाथ वाली जमीन दबने की वजह से डैनेज के उपर फुटपाथ बनाने के निर्देश दिए गए हैं।
> -मनसिंह ध्रुव ईई सड़क विकास निगम

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-मोहन राव* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, प्रबंध संपादक-ए.एन. द्विवेदी, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403